# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

PMG

बालाघाट
सोमवार 12 फरवरी 2024
माघ शुक्ल 02 विक्रम सम्वत 2080
वर्ष 15, अंक 142
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in


**खास खबर**

## मुंबई में रद्द करनी पड़ी 147 ट्रेन

मुंबई। मुंबई में हैरान करने वाली घटना हुई। भायखला और सैंडहर्स्ट रोड स्टेशन के बीच सेंट्रल और हार्बर लाइन पर उपनगरीय ट्रेन सर्विस नहीं मिलने हजारों लोगों का परेशानी का सामना करना पड़ा। यात्रियों ने काफी देर तक ट्रेनों का इंतजार किया, लेकिन उन्हें निराशा हाथ लगी। जैसे ही यात्रियों को पता चला कि रेलवे ने 147 ट्रेन अचानक से रद्द कर दी हैं तो वे लोग हैरान रह गए। यात्रियों ने जब विभाग से अधिकारियों से ट्रेन रद्द होने का कारण पूछा तो पता चला कि रेल के ड्राइवर अपने साथी के अंतिम संस्कार में गए हुए हैं और उन्हें आने में देरी हो गई है।

## बाइडेन को देना पड़ेगा डिमेंशिया टेस्ट

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन की याददाश्त पर विवाद बढ़ता जा रहा है। खुद बाइडेन ने याददाश्त के आरोपों का खंडन करने के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान गाजा को लेकर सवाल पर हमास का नाम भूल गए। इसके बाद मिस्र के नेता अब्देल फतह अल-सिसी को मैक्सिको का राष्ट्रपति बता बैठे। दो दिन पहले सामने आए एक क्लासिफाइड डॉक्यूमेंट में उन्हें अच्छे इरादे और कमजोर याददाश्त वाला बुजुर्ग बताया गया। इसके बाद अब अमेरिका में बाइडेन के डिमेंशिया टेस्ट की मांग जोर पकड़ रही है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बाद अब कई एक्सपर्ट ने व्हाइट हाउस से यह जांच कराने को कहा है।


## अवैध रूप से रहने वाले दो बांग्लादेशी हुए गिरफ्तार

मुंबई । नवी मुंबई में अवैध रूप से रहने वाले दो बांग्लादेशी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बता दें कि पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने कथित तौर पर भारत में अवैध रूप से रहने के आरोप में यह कार्रवाई की है। जानकरी के अनुसार नवी मुंबई शहर से दो बांग्लादेशी नागरिकों को एटीएस ने गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि दोनों आरोपियों कि उम्र 24 वर्ष है, जिन्हें शुक्रवार को पनवेल के नादवे में खिदुकपाड़ा गांव से पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि एटीएस के एक दस्ते ने खिदुकपाड़ा इलाके के निरीक्षण के दौरान दो व्यक्तियों को एक चॉल में रहते हुए पाया। पूछताछ के दौरान कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाए। पुलिस ने बताया कि दोनों व्यक्तियों के पास उनके नाम पर आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और ड्राइविंग लाइसेंस थे।

# कांग्रेस ने आदिवासी क्षेत्रों के विकास की चिंता नहीं की

झाबुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को मध्यप्रदेश के झाबुआ में जनजातीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ लोग कह रहे हैं कि मोदी मध्यप्रदेश में झाबुआ से लोकसभा की लड़ाई का आगाज करेगा। बताना चाहता हूं कि मोदी लोकसभा प्रचार के लिए नहीं आया है। मोदी तो सेवक के तौर पर ईश्वर रूपी एमपी की जनता का आभार मानने आया है। मप्र ने पहले ही बता दिया है कि 2024 में 400 पार। 2023 में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की छुट्टी हुई थी, 2024 में सफाया तय। भाजपा अकेले 370 सीट ला रही है।

प्रधानमंत्री ने 7550 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। कुछ प्रोजेक्ट का लोकार्पण किया। झाबुआ से ही खरगोन में 170 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले टंट्या मामा भील विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं झाबुआ की पावन मिट्टी को नमन करता हूं। झाबुआ जितना मध्यप्रदेश से जुड़ा है, उतना गुजरात से भी जुड़ा है। झाबुआ से मध्यप्रदेश और गुजरात के दिल जुड़े हुए हैं।



### जनजातीय समाज का सम्मान मोदी की गारंटी

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे लिए जनजातीय समाज वोटबैंक नहीं, देश का गौरव है। आपका सम्मान और विकास मोदी की गारंटी है। बच्चों और युवाओं के सपने मोदी का संकल्प है। पीएम ने कहा कि 2023 में कांग्रेस की छुट्टी हुई, 2024 में सफाया तय है। कांग्रेस का एक ही काम है- नफरत, नफरत और नफरत। पीएम ने कहा कि वन संपदा कानून में बदलाव कर हमारी सरकार द्वारा वन भूमि से जुड़े अधिकार लौटाए गए। सिकल सेल एनीमिया सैकड़ों लोगों की जान ले रही थी। कांग्रेस ने इतने वर्ष सरकार चलाई, लेकिन कांग्रेस ने आदिवासी समाज के बच्चों की चिंता नहीं की। ये चुनाव का मुद्दा नहीं होता था। लेकिन हमारे लिए वोट नहीं आपकी जिंदगी मायने रखती है।

### 3 चुनाव का हिसाब निकालो

प्रधानमंत्री ने कहा कि अकेला कमल का निशान 370 पार करेगा। यह लाओगे कैसे? मैं आपको एक जड़ी बूटी देता हूं। आपको यहां से जाकर एक ही काम करना है। पिछले तीन चुनाव में आपके यहां पोलिंग बूथ में कमल पर कितने वोट पड़े, वो निकालो। यह लिख लो कि पिछले तीन चुनाव में इस पोलिंग बूथ पर सबसे ज्यादा वोट मिले थे। फिर आप तय करना कि अब जो ज्यादा से ज्यादा वोट बूथ में मिले थे, उसमें इस बार 370 नए वोट जुड़ने चाहिए।

# बिहार में फ्लोर टेस्ट आज, पार्टियों की बढ़ी टेंशन

### सभी पार्टियों ने अपने-अपने विधायकों की तगड़ी बाड़ेबंदी की है

पटना। बिहार में नीतीश सरकार का सोमवार को फ्लोर टेस्ट है। इससे पहले यहां सियासी हलचल तेज हो गई है। भाजपा, आरजेडी, जेडीयू, कांग्रेस, लेफ्ट और हम पार्टी ने अपने-अपने विधायकों की तगड़ी बाड़ेबंदी की है। दो दिन से गया के होटल में रुके भाजपा विधायक तीन बसों में सवार होकर पटना पहुंचे। विधायक डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के आवास पर रूके हैं। विधायकों के साथ बिहार प्रभारी विनोद तावड़े भी मौजूद हैं। फ्लोर टेस्ट से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गया में चल रही भाजपा विधायकों की वर्कशॉप को वर्चुअली संबोधित किया। इस शिविर में भाजपा के 3 विधायक नहीं पहुंचे। आरजेडी के विधायकों को शनिवार को तेजस्वी यादव के बंगले पर बैठक के लिए बुलाया गया। फिर किसी को बाहर नहीं जाने दिया गया। बैठक में दो विधायक नहीं पहुंचे हैं। वहीं, शनिवार को जेडीयू के 6 विधायक मंत्री श्रवण कुमार के आवास पर भोज में नहीं पहुंचे थे। हालांकि, आज मंत्री विजय चौधरी के आवास पर होने वाली बैठक में इनमें से 2 विधायक पहुंचे हैं। रात में यहीं रुकेंगे। इधर, फ्लोर टेस्ट से पहले राजभवन में लीगल एडवाइजर की पूरी टीम को बदल दिया गया है। पटना में जगह-जगह तेजस्वी के समर्थन में पोस्टर लगे हैं। जिनमें में लिखा है- बिहार की है मंजूरी, तेजस्वी हैं जरूरी। सूत्रों के मुताबिक, फ्लोर टेस्ट से पहले बिहार में जांच एजेंसी ईडी और इनकम टैक्स की टीम एक्टिव हो गई है।

# मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, 14 मंत्री, 6000 केस, ईडी जांच में बीजेपी नेता क्यों नहीं ?- शरद पवार

पुणे)। कैसे ईडी और केंद्र सरकार ने सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया इस पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के वरिष्ठ नेता और अध्यक्ष शरद पवार ने विस्तार से लोगों को बताया. उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी का दुरुपयोग किया जा रहा है और किसी भी भाजपा नेता के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। आज अगर कोई बीजेपी के खिलाफ खड़ा होता है तो तुरंत कार्रवाई की जाती है. ईडी के दुरुपयोग की सीमा का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि देशभर में 6 हजार मामले दर्ज हो चुके हैं. ईडी का बजट 404 करोड़ हो गया है. आज तक ईडी के बारे में किसी को पता नहीं था लेकिन गली के छोटे से बच्चे को भी इसके बारे में पता चल गया है. केंद्र सरकार ने 85 फीसदी राजनीतिक लोगों पर ईडी का इस्तेमाल किया है. ईडी की कार्रवाई मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, 14 मंत्रियों, 24 सांसदों, विधायकों, नगरसेवकों के खिलाफ की गई है और इनमें से कोई भी भाजपा से नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी विपक्षी दल के हैं. रविवार को पुणे की सभा से शरद पवार ने परोक्ष रूप से मोदी सरकार पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा, पूरे प्रदेश में कुछ लोग कह रहे हैं कि वे प्रदेश के विकास के लिए गये, लेकिन इसमें कोई सच्चाई नहीं है. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा ईडी का दुरुपयोग किया जा रहा है, उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ नेताओं की जांच चल रही थी और सत्ता में आने के बाद इसे बंद कर दिया गया। एनसीपी पार्टी और उसके काम करने का तरीका अलग है और यह सर्वविदित है कि पार्टी का काम 80 प्रतिशत सामाजिक और 20 प्रतिशत राजनीति है। जब बाढ़ आई तो पार्टी का चिकित्सा विभाग काम कर रहा था। कोरोना संकट दो-तीन साल पहले हुआ था. लेकिन उनका चिकित्सा विभाग अपनी जान की परवाह किये बिना गांव-गांव जाकर काम कर रहा था। विभाग अब नई योजना लेकर आया है। महाराष्ट्र में घर-घर युवा स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से कार्य कर रहे हैं।



### पीएम मोदी पर प्रियंका गांधी ने बोला हमला

# किसानों के रास्ते में कील-कांटे बिछाना अमृतकाल है

नई दिल्ली। किसान आंदोलन को लेकर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि किसानों के रास्ते में कील-कांटे बिछाना अमृतकाल है या अन्यायकाल?

आगामी संसदीय चुनाव से पहले एक बार फिर किसान दिल्ली घेरने की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि प्रशासन ने उन्हें राष्ट्रीय राजधानी से सटे सभी सीमाओं पर सुरक्षा बढ़ा दी है। इसी बीच कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला है। सोशल साइट एक्स पर एक वीडियो पोस्ट साझा कर उन्होंने पूछा है कि किसानों के रास्ते में कील-कांटे बिछाना अमृतकाल है या अन्यायकाल? उन्होंने वीडियो शेयर कर लिखा है कि किसानों के रास्ते में कील-काँटे बिछाना अमृतकाल है या अन्यायकाल? इसी असंवेदनशील एवं किसान विरोधी रवैये ने 750 किसानों की जान ली थी। किसानों के खिलाफ काम करना, फिर उनको आवाज भी न उठाने देना - कैसी सरकार का लक्षण है? किसानों से किया वादा पूरा नहीं किया- न एमएसपी का कानून बनाया, न किसानों की आय दोगुनी हुई- फिर किसान देश की सरकार के पास नहीं आयेंगे तो कहां जाएंगे? प्रधानमंत्री जी! देश के किसानों के साथ ऐसा व्यवहार क्यों? आपने किसानों से जो वादा किया था, उसे पूरा क्यों नहीं करते?




## ईडी के छापे और गिरफ्तारी के बाद भाजपा ने अमित सिंह को पद से हटाया

नई दिल्ली। ईडी के छापे और गिरफ्तारी के बाद भाजपा ने अमित सिंह को जिला मंत्री पद से हटा ?दिया है। बता दें कि भाजपा में ही अमित सिंह को लेकर तरह-तरह की चर्चाओं का दौर चलता रहा। इस मामले में जिलाध्यक्ष का कहना है कि आरोपों के सिद्ध होने अथवा निर्दोष साबित होने तक उन्हें पद से हटाया गया है। वह पार्टी के अभी तक सदस्य बने हुए हैं। इसे लकर पार्टी के कई नेता दबी जुबान में लगातार यह सवाल उठा रहे हैं कि भाजपा में अमित सिंह को जिला मंत्री का पद बिना अधिकारिक तरीके से सदस्य बनाए ही दे दिया गया था।










# एकात्मानवाद-दर्शन के प्रणेता की भाजपा ने मनाई पुण्यतिथि





**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। नगर भारतीय जनता पार्टी द्वारा 11 फरवरी को पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के रूप में ''एकात्मानवाद-दर्शन'' पर व्याख्यान माला का आयोजन करने के साथ ही समर्पण निधी एकत्रीकरण व भाजपा का ध्वज फहराकर मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूवात पं. दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर की गई, जिस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षद भाई पटेल,सत्यनारायण अग्रवाल, दिलीप चौरसिया,राजेश बेदी,नपाध्यक्ष भारती ठाकुर,गणेश अग्रवाल,राजेंद्र चौकसे,अनीष मेमन,गजेन्द्र भारद्वाज,सुनील खटोले,अजय सोनी,राजेन्द्र शुक्ला,पार्षद राज हरिनखेरे,मानक बर्वे,संगीता खगेश कावरे,वकील वाधवा,योगिता विनय बोपचे,जैनेन्द्र कटरे,राजेन्द्र चौधरी,सुदीप जैन,अमर सिंह ठाकुर,राजेश लिल्हारे,योगेश पप्पू बिसेन,नगर अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर,मनोज हरिनखेरे,भारत चौधरी,हीरा सिंह भाटिया,खिमेन्द्र गौतम,सिध्दांत बाजपेयी,के साथ ही पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, पार्षदगण कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित हुऐ अपने उद्बोधन में जिला भाजपा अध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने कहा की आज हम 11 फरवरी पं.दीनदयालजी की जयन्ती समर्पण दिवस के रूप मनाते हैं जिसमें कार्यकर्ता अर्थ के रूप में अपना सहयोग संगठन को देता है जिससे हमारी गतिविधियाँ संचालित होती हैं वहीं पण्डित जी ने सरल शब्दो में एकात्मानवाद दर्शन का विचार हमें दिया है हमारा संगठन व सरकार सबका साथ - सबका विकास के साथ काम कर रहे है। इस देश और समाज को विकास की नई राह पर हम ले जा रहे है, इसी भाव से कि समस्त 140 करोड़ देशवासियों का विकास देश का विकास है।**

### पं.दीनदयालजी ने दिया हमें अन्त्योदय का विचार-ᐟ हर्षद पटेल

कार्यकर्ताओं के सहयोग से चलने वाली भारतीय जनता पार्टी अगर बनी है, तो पं. दीनदयालजी के विचारों से ही बनी है। हमारी केन्द्र सरकार भी एकात्मानवाद दर्शन के सिद्धांत पर चल रही है, जिसका परिणाम है कि योजनाओं का सफल संचालन कर जनमानस को लाभ पहुंचाने का प्रयाश हम कर रहे हैं, इसमें हमें आप जैसे कार्यकर्ताओं की भी आवश्यकता है जिनके माध्यम से हम सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज की अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाकर पं. दीनदयालजी के अन्त्योदय के सपने व संकल्प को पूरा कर सकें वहीं आज देश में विकास गति की बात की जाये तो केन्द्र में सरकार बनने के बाद हमने जो विकासरूपी बाण छोड़ा था, उसका प्रतिफल है कि आज हर वर्ग, हर आयु के लोगों को उसका लाभ मिल रहा है। सभी से एकात्म मानववाद- दर्शन का अनुसरण करने संकल्प दिलाया ।हर्षद भाई ने आज नगर में आयोजित आयोजनमें शामिल होकर अपने विचार रखे ।जिस अवसर पर अनेक कार्यकर्ताओं ने समर्पण निधी उनके हस्ते समर्पित करी। बालाघाट नगर के सभी नगर केन्द्रों में आयोजित कार्यक्रमों में दिलीप चौरसिया,सत्यनारायण अग्रवाल,सुरजीत सिंह ठाकुर,गजेन्द्र भारद्वाज,राजेश लिल्हारे,सुनील खोटोले,संजय खण्डेलवाल,अजय सोनी,सुधीर चिले,ने भी अपने विचार व्यक्त कर पंडितजी को याद किया, उन्होने कहा कि हम सबको पंडीतजी के बताये हुये मार्गो का अनुशरण कर उनके दिये गये उपदेशो का पालन कर देश व समाजहित में महती भूमिका निभाकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजली अर्पित करे।

# वार्ड नं. 1 के वासियों को शीघ्र मिलेगा पट्टा

## झोपड़ी नुमा कच्चे मकान में रह रहे वार्डवासी

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वार्ड नं.१ के वासियों को शीघ्र ही पट्टा मिलना सुनिश्चित हो गया है। कलेक्टर ने तहसील कार्यालय से जो फाईल उनके सामने प्रेषित की गई थी। उस पर कुछ दिन पूर्व ही अपनी स्वीकृति लगा दी है। वही नगर पालिका ने भी अपनी ओर से एनओसी जारी कर दी है। शास्त्री वार्ड नंबर १ में निवासरत यह लोग बगैर पट्टे के ही झोपड़ा बनाकर अपना जीवन निर्वाह कर रहे थे। साथ



ही पट्टा प्राप्ति के लिये लगातार प्रशासन के आला अधिकारियों के चक्कर काट रहे थे। अब शीघ्र ही उन्हे यह उम्मीद है कि आचार सहिंता लगने के पहले उन्हे पट्टे का आवंटन हो जायेगा। बताया जा रहा है कि कुछ महिलाओं को बकायदा तहसील कार्यालय से पैशी के लिये नोटिस भी जारी हो चुका है। इस संबंध में पद्मेश को जानकारी देते हुये श्रीमती अनिशा खान ने बताया कि यह पद्मेश व बालाघाट एक्सप्रेस की पहल पर हुआ है जो हम गरीबों की लड़ाई में हमारे साथ खड़े रहे है। हम लोग काफी खुश है, कुछ लोगों को पैशी में उपस्थित होने तहसील कार्यालय से नोटिस भी जारी कर दिया गया है। हमारा प्रयास है कि आचार सहिंता के पहले हम लोगों को पट्टा मिल जाये। वरना यह कार्य आचार सहिंता के बाद ही हो पायेगा। इसी तरह वार्डवासी रमाबाई बोरकर ने पद्मेश को बताया कि हम लोगों को चुनाव के पहले पट्टा चाहिये। फिलहाल हमारे हाथों में पट्टा नही आये है मगर हमें उम्मीद है कि हम लोगों को शीघ्र ही पट्टा मिल जायेगा। हमने आवास योजना के लिये भी आवेदन कर चुका है। हम यही चाहते है कि शासन प्रशासन शीघ्र ही हमें पट्टा दे ओर आवास योजना का लाभ दे। ताकि हम भी अपने पक्के घर में रह सके। वार्डवासी जयवंता जगने ने पद्मेश को बताया कि सबसे पहले हम कलेक्टर साहब के पास गये थे जहां से हमारी फाईल अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय में आयी थी। जहां से यह फाईल नगर पालिका गई जहां से भी हमें पट्टा देने के लिये अनुमति प्रदान कर दी गई है। अब देखना है कि हम लोगों को कब तक पट्टे मिलते है।

# दिल्ली कूच पर अड़े किसान, पंजाब-हरियाणा बॉर्डर सील

अंबाला। संयुक्त किसान मोर्चा के 13 फरवरी को दिल्ली कूच से पहले हरियाणा और पंजाब के शंभू, खनौरी समेत सभी बॉर्डर सील कर दिए गए हैं। वहीं सिंघु और टिकरी बॉर्डर पर भी सीमेंट के बैरिकेड लगा दिए गए हैं। पंजाब से आने वाले किसानों को रोकने के लिए अंबाला के शंभू बॉर्डर और फतेहाबाद में बैरिकेड्स और लोहे की कीलें लगा दी गई हैं।

हरियाणा के 7 जिलों में रविवार सुबह 6 बजे से मोबाइल इंटरनेट, डोंगल और बल्क एसएमएस बंद कर दिए गए हैं। यह रोक अंबाला, हिसार, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, फतेहाबाद और पुलिस जिला डबवाली समेत सिरसा जिले रहेगी। यह आदेश 13 फरवरी की रात 12 बजे तक लागू रहेंगे। हरियाणा के सोनीपत, झज्जर, पंचकूला, अंबाला, कैथल, हिसार, सिरसा, फतेहाबाद और जींद समेत 12 जिलों में धारा 144 लागू की गई है। इसके साथ पंजाब और दिल्ली के रूट भी डायवर्ट कर दिए गए हैं। केंद्र सरकार ने पैरामिलिट्री की 64 कंपनियों को हरियाणा भेज दिया है। जिनमें बीएसएफ और सीआरपीएफ के जवान भी शामिल हैं।

### पंजाब से 10 हजार ट्रैक्टर-ट्रॉली आने की संभावना

13 फरवरी को पंजाब के किसान 10 हजार ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर दिल्ली जाने के लिए हरियाणा में दाखिल होंगे। इसके लिए शंभू बॉर्डर, डबवाली और खनौरी बॉर्डर को चुना गया है। अंबाला में आपात स्थिति से निपटने व कानून व्यवस्था बनाने के लिए चार कंपनियां एल्फा, ब्रेवो, चार्ली व डेल्टा का गठन किया गया है। चारों कंपनियों में 428 जवान होंगे। हरियाणा को और 14 कंपनियां केंद्र ने दी हैं। अब कुल मिलाकर 64 कंपनियां किसान आंदोलन को लेकर हरियाणा पहुंच गई हैं।

### 16 फरवरी को किसानों का भारत बंद

न्यूनतम समर्थन मूल्य समेत अन्य मांगों को लेकर किसानों की मांग का मुद्दा गहराता जा रहा है। किसान संगठनों ने 16 फरवरी को भारत बंद का आह्वान किया है। संयुक्त किसान मोर्चा ने 16 फरवरी को भारत बंद का आह्वान किया है। सभी किसान संगठनों ने इसका समर्थन किया है। इस बीच, सरकार ने किसानों से वार्ता की पहल भी कर दी है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के साथ ही अर्जुन मुंडा चंडीगढ़ में किसान नेताओं से बात करेंगे। इसे पहले गुरुवार को चंडीगढ़ में तीन केंद्रीय मंत्रियों और विभिन्न किसान संगठनों के नेताओं के बीच हुई बातचीत जहां बेनतीजा रही, वहीं आंदोलन की कमान नए चेहरों ने संभाल ली है। ये वही किसान नेता हैं, जो पहले हुए किसान आंदोलन में पिछली सीटों पर बैठते थे।

# राजटोली में 10 फरवरी की देर रात्रि दिखाई दी बाघिन

## वन विभाग ने कराई मुनादी

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज)। ठंड का मौसम अब अपने अंतिम चरण में है मगर देखने में आ रहा है कि जंगली जानवर भटककर आबादी वाले क्षेत्र में विचरण कर रहे है। बीते २ से ३ दिन पूर्व भी बोदलकसा के आसपास बाघिन को देखा गया था। अब यह बाघिन ग्राम पंचायत झालीवाड़ा के राजटोली के पास देखी गई है। जिससे इस टोली में रहने वाले लोगों में दहशत व्याप्त है। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत झालीवाड़ा, बोदलकसा, बासी, अंसेरा सहित कुछ ग्राम ऐसे है जो जंगल से परिपूर्ण है। ऐसे में झालीवाड़ा के पास राजटोली में देखी गई बाघिन ने फिलहाल किसी प्रकार का गारा नही किया है मगर ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।



### इनका कहना है

पद्मेश से दूरभाष पर चर्चा करते हुये रेंजर वारासिवनी छत्रपाल सिंह जादौन ने बताया कि हम लोगों ने वन समिति व ग्राम सरपंचों की बैठक लेकर उन्हे आवश्यक दिशा निर्देश दिये है। यह बाघिन भी हो सकती या बाघ भी हो सकता है। लेकिन हमने खापा, झालीवाड़ा, बोदलकसा व बासी में मुनादी करवा दी है। वही ऐथेनॉल प्लांट के अधिकारियों को भी बोल दिया है कि वे अपने कर्मचारियों को शाम होने के बाद अपने चौपहिया वाहन से ही उनके घर भेजे। साथ ही अगर किसी तरह का मूवमेंट बाघिन या बाघ का दिखाई देता है तो हम लोगों से तत्काल संपर्क करे।

**छत्रपाल सिंह जादौन**
**रेंजर वारासिवनी**

# अदानी को फायदा पहुंचाने बात की तो मेरी संसद सदस्यता को ही समाप्त कर दिया गया -राहुल गांधी

रायगढ़। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 2 दिन के स्थगन के बाद आज पुन: छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले से प्रारंभ हुई। अपने निर्धारित समय से लगभग ढाई घंटा विलंब से पहुंचे राहुल गांधी को देखने के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा जनता ने विलंब को भी नजर अंदाज करके उनका इंतजार किया। श्याम टॉकीज चौक स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण करके यात्रा को आरंभ किया। उनके साथ छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत छत्तीसगढ़ पीएससी अध्यक्ष दीपक बैज खरसिया विधायक उमेश पटेल मौजूद रहे। सभी एक खुली जीप पर सवार होकर लोगों का अभिवादन करते हुए श्याम टॉकीज चौक से स्टेशन चौक, सत्ती गुड्डी चौक, गौशाला चौक, जननायक रामकुमार अग्रवाल चौक, तक पहुंचे। इस बीच उनके यात्रा में हजारों की भीड़ जुड़ चुकी थी जहां उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आप आप अदानी नहीं है लेकिन फिर भी जो वस्तु आप खरीदते हैं उस पर जितना जीएसटी वसूल किया जाता है और अदानी भी इस वस्तु को खरीदने हैं तो उनसे भी उतना ही जीएसटी वसूल किया जाता है यह अन्याय है। उन्होंने कहा कि जितने भी कॉरपोरेट हाउस हैं उनमें टॉप मैनेजमेंट में काम करने वाले कितने दलित और कितने पिछड़े वर्ग के लोग हैं यदि मैं कहूं तो बिल्कुल एक दो प्रतिशत ही होंगे ऐसे में अगर हम जातिगत जनगणना की बात करते हैं तो मोदी जी कहते हैं कि भारत में केवल दो जातियां हैं एक अमीर और एक गरीब क्या यह न्याय है? उन्होंने कहा कि देश का सारा काम धंधा अदानी जी को दिया जा रहा है चाहे वह राइफल बनाने का काम हो या हवाई जहाज उड़ाने का, हमारा सारा टैक्स का पैसा उनके पास जा रहा है एक बड़ी लंबी लिस्ट है अदानी जी को फायदा पहुंचाने की जब मैंने उसकी बात की तो मेरी संसद सदस्यता को ही समाप्त कर दिया गया और मेरा घर भी मुझे वापस ले लिया गया क्या यह न्याय है ? हम मणिपुर से कश्मीर तक 4000 किलोमीटर चले तब हमें एहसास हुआ कि लोगों के साथ बहुत अन्याय हो रहा है सामाजिक ,आर्थिक हर मोर्चे पर आम आदमी के साथ अन्याय हो रहा है किसान मजदूर युवा महिला सभी परेशान है इसलिए हमने अपनी यात्रा में न्याय शब्द को जोड़ा है।

# केजरीवाल ने दिल्ली की सातों सीटों पर किया जीत का दावा

तरन तारन। लोकसभा चुनाव 2024 में दिल्ली की 7 सीटों पर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ेंगी या नहीं, इस पर संशय बरकरार है। आधिकारिक ऐलान नहीं होने के कारण महज कयास ही लगाए जा रहे हैं। ऐसे में आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के तरनतारन में रैली के दौरान ऐलान किया कि दिल्ली के लोगों ने इस बार ठान लिया है कि दिल्ली की सातों लोकसभा सीटें इस बार आम आदमी पार्टी को ही देंगे। इस बात के ये मायने निकाले जा रहे हैं कि दिल्ली में आप कांग्रेस से गठबंधन करने के मूड में नहीं है।

यहां आयोजित एक रैली को संबोधित कर रहे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा को डर है कि केंद्र में आप की सरकार बन जाएगी। आज की स्थिति में भाजपा सिर्फ और सिर्फ आम आदमी पार्टी से ही डरती है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में आम आदमी पार्टी तेजी से बढ़ी है। वैसे तो आप महज 10 साल का छोटा सा बच्चा है। इस छोटे बच्चे ने इतनी बड़ी पार्टी की नाक में दम कर रखा है। उन्होंने कहा कि आप उन्हें सोने नहीं देती। उन्हें नींद नहीं आ रही है। हम लोग उनके सपने में रात को भूत बनकर आते हैं। इसके साथ ही केजरीवाल ने केंद्र पर आरोप लगाते हुए कहा कि यहां पंजाब में हमें काम करने से रोका जा रहा है, और वहां दिल्ली में ये लोग हमें रोक रहे हैं।

मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि आप जैसी एक छोटी सी पार्टी ने 10 साल के अंदर पंजाब और दिल्ली में सरकार बना ली है। वहीं दूसरी तरफ गुजरात और गोवा में विधायक बने हैं।

# न्यायालय-अजय कांत पाण्डेय, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय बालाघाट ( म0प्र0 )

आदेश 5 नियम 20 सी0पी0सी0के अंतर्गत

**प्रकाशन नोटिस**

पेशी तारीख 04.03.2024
गार्जियन वार्डस् 06/2024
लक्ष्य विरुद्ध आम जनता

1. लक्ष्य उईके उम्र 13 साल पिता श्री सतीश उइके
2. भव्यांश उइके उम्र 07 साल पिता श्री सतीश उइके द्वारा नाबालिग वली / अभिभावक सतीश पिता सोहनलाल उइके जाति गोंड निवासी ग्राम निलजी कोसमटोला तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट

विरुद्ध

आवेदकगण

आम जनता

अनावेदक

प्रेषिती-जनसाधारण

आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक सतीश उइके एक आवेदन अंतर्गत धारा 8 (2) हिन्दू अप्राप्तव्यय एवं सरंक्षक अधिनियम प्रस्तुत किया है। आवेदक सतीश अवयस्क लक्ष्य एवं भव्यांश के पिता होकर उनके संरक्षक है। आवेदक सतीश की पत्नी श्रीमती स्वाती उइके के नाम की भूमि हल्का नं 13/1 रानिम तह व जिला बालाघाट में स्थित भूमि खसरा नं 1/1 1/1 1/1 1/1 1/2 क्षेत्रफल 0.015 हेक्ट. भूमि दिनांक 27-03-2019 में महफुज जलील से कय की थी। आवेदक सतीश उइके की पत्नि के देहात होने के बाद उक्त भूमि आवेदक एवं उनके अवयस्क दोनो पुत्रों के नाम राजस्व प्रलेखों में दर्ज किया जा चुका है। आवेदक को उक्त भूमि की आवश्यकता ना होने से उसका विकय किया जाना है। इस संबंध में अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में 04.03.2024 को दिन के 11:00 बजे न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर या अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते हैं।

यह भी सूचित किया जाता है कि यदि दिनांक 04.03.2024 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति या जवाब नहीं दिया जाता है तो प्रकरण की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

नोट- उक्त दिनांक को किसी कारण वश पीठासीन अधिकारी अवकाश पर होने या न्यायालय में सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्यदिवस को की जावेगी।

आज दिनांक को 03.02.2024 मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**( अजय कांत पाण्डेय )**
**प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय बालाघाट**

## आम सूचना

मै दिनेश बांगरे, अधिवक्ता सिविल कोर्ट वारासिवनी तहसील वारासिवनी जिला बालाघाट अपने पक्षकार श्री भारत भूषण एवं श्री विद्या भूषण पिता श्री अमन गिरी जाति गोस्वामी निवासी वार्ड नं. 1 वारासिवनी तहसील वारासिवनी जिला बालाघाट की ओर से अधिकृत होकर, आम जनता को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार श्री भारत भूषण गिरी के द्वारा श्री विशाल पिता श्री रमेश गजभिये को खसरा नं. 144/165/2/1 रकबा 0.203 हेक्टे0 अपरिवर्तित भूमि के अतिरिक्त खसरा नं. 144/165/2/2/1/1/1/1/1/1 में से 0.034 हेक्टे0 परिवर्तित भूमि मय रास्ता, नाली के दिनांक 20/10/2023 को विकय की है। इस विकय की गई भूमि के उत्तर की ओर विकास गिरी, भारत भूषण, विद्या भूषण गिरी की भूमि, दक्षिण दिशा में नाला, पूर्व दिशा की ओर अल्का कटरे एवं मेरे पक्षकारो की भूमि एवं उसके बाद श्री ब्रम्हें की भूमि है, एवं पश्चिम दिशा में पुष्पा कटरे, रूपेश्वरी, देवेश्वरी एवं किर्ती कुमार बोपचे का प्लाट है। विकय की गई उक्त वर्णित भूमि के पूर्व दिशा की ओर मेरे पक्षकारो की 11 डिसमील भूमि शेष है, किन्तु केता श्री विशाल गजभिये के द्वारा खरीदी जा रही भूमि के विकय पत्र में पूर्व दिशा की ओर मेरे पक्षकारो की भूमि के स्थान पर ब्रम्हें की भूमि लिखा दिया है, मेरे पक्षकार श्री भारत भूषण गिरी के द्वारा इस तथ्य को ध्यान ना देते हुये और केता श्री विशाल गजभिये पर विश्वास करते हुये विकय पत्र पर अपने हस्ताक्षर कर दिया था।

यह कि उक्त भूमि के विकय पत्र के निष्पादन एवं पंजीयन के बाद श्री विशाल गजभिये के द्वारा मेरे पक्षकारो की उक्त वर्णित 11 डिसमील भूमि जिसके उत्तर में भारत भूषण, विद्या भूषण गिरी एवं विकास गिरी की भूमि, दक्षिण में नाला, पूर्व दिशा की ओर श्री ब्रम्हें की भूमि एवं पश्चिम दिशा में श्री विशाल गजभिये एवं श्रीमती अल्का कटरे की भूमि है, जो मेरे पक्षकारो के अधिपत्य में है किन्तु श्री विशाल गजभिये के द्वारा आये दिन दखल देने का अनुचित प्रयास किया जा रहा है एवं मेरे पक्षकारो की उक्त 11 डिसमील भूमि को अन्य व्यक्तियों को विकय करने का अनुचित प्रयास किया जा रहा है। अत: इस कारण से आम सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है कि कोई भी व्यक्ति, संस्था या निकाय के द्वारा मेरे पक्षकारो के मालकी व अधिपत्य की उक्त वर्णित 11 डिसमील भूमि के संबंध में, श्री विशाल पिता श्री रमेश गजभिये निवासी वार्ड नं. 3 वारासिवनी से किसी भी प्रकार की खरीद-फरोक्त या लेन-देन या अन्य किसी भी प्रकार का संव्यवहार ना करे यदि किसी भी व्यक्ति या संस्था या निकाय के द्वारा उक्त वर्णित भूमियों के सबंध में किसी भी प्रकार की खरीद-फरोक्त या लेन-देन या अन्य किसी भी प्रकार का संव्यवहार किया जाता है तो वह समस्त संव्यवहार कानुनन अवैध व शुन्य होंगा।

यह कि मेरे पक्षकारो की उक्त वर्णित 11 डिसमील भूमि मेरे पक्षकारों के मालकी व अधिपत्य की भूमि है और इस भूमि पर श्री विशाल गजभिये को किसी भी प्रकार से दखल देने एवं उसको अन्य किसी भी व्यक्ति या संस्था या निकाय को विक्रय करने का कोई कानुनन हक व अधिकार प्राप्त नहीं होता है। मेरे पक्षकारों के द्वारा लिखत की शुद्धीकरण के लिये आज्ञापक निषेधाज्ञार्थ एवं घोषणा प्राप्ती एवं स्थाई निषेधाज्ञार्थ हेतु हित प्रतिनिधित्व के रूप में अविलम्ब सक्षम न्यायालय में न्यायालयीन की जाने वाली है।


वारासिवनी
दिनांक 11/2/24

**प्रेषक**
**दिनेश बांगरे, अधिवक्ता**
**सिविल कोर्ट**
**वारासिवनी**

लामता में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

बुदबुदा में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

बारबेड वायर (कांटेदार तार)
एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध



निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# भारी वाहनों के दबाव को नहीं झेल पा रहा डेंजर रोड

## परिवर्तित होने के कुछ दिन बाद से ही उखड़ना शुरू हुआ डेंजर मार्ग





**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। भले ही बालाघाट गोंदिया मार्ग को बंद करते हुए जिला प्रशासन द्वारा मार्ग को परिवर्तित कर दिया गया हो, किंतु वर्तमान स्थिति की बात करें तो सेन चौक से लेकर मृत्युंजय घाट तक बने रोड के साइड शोल्डर नहीं भरे जाने से दो पहिया वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं, तो वहीं सेन चौक से मृत्युंजय घाट के बीच पुलिया नहीं बनने से पुलिया के स्थान पर मार्ग धंसने लगा है ,तो वहीं बात करें डेंजर रोड की तो डेंजर रोड भी अब धीरे-धीरे यातायात के दबाव को नहीं झेल पा रहा है, जिसकी वजह से अब डेंजर रोड भी धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त होकर उखड़ने लगा है, जबकि यह मार्ग को भारी वाहनों के लिए जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित किया गया था अब देखना होगा कि यह मार्ग कब तक भारी वाहनों के यातायात के दबाव को झेल पाता है।**

आपको बता दे की जिला प्रशासन द्वारा बालाघाट गोंदिया मार्ग को बंद करते हुए बहुत से मार्गों को परिवर्तित किया गया है , जिसमें गोंदिया की ओर से आने वाले वाहनों को सेन चौक से होते हुए शहर के अंदर छोटे वाहन के लिए परिवर्तित किया गया था, तो वही भारी वाहनों को डेंजर रोड होते हुए निकाले जाने की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा बनाई गई थी ,किंतु जिस प्रकार से अभी वर्तमान के हालात है उसे देखकर लग रहा है कि जिला प्रशासन द्वारा जो वैकल्पिक व्यवस्था बनाते हुए मार्गों को परिवर्तित किया गया था, वह मार्ग अब यातायात का दबाव सहन नहीं कर पा रहा हैं , और जगह-जगह से मार्ग क्षतिग्रस्त होते नजर आ रहा हैं यदि बात करें सेन चौक से मृत्युंजय घाट तक बने रोड की तो इस रोड पर भी साइड शोल्डर नहीं भरे जाने की वजह से मार्ग पर चलने वाले दो पहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं, तो वहीं गोंदिया की ओर से आ रहे वाहनों को जिला प्रशासन द्वारा नवेगांव के पास से परिवर्तित किया था जो डेंजर रोड होते हुए भारी वाहन शहर से बाहर निकल रहे थे एवं इसी रास्ते शहर के अंदर भी भारी वाहन आ रहे थे, किंतु जिस प्रकार से अभी डेंजर रोड की स्थिति है उसे देखकर साफ यह लग रहा है कि जिस हिसाब से डेंजर रोड को बनाया गया था , वह अब भारी वाहनों का दबाव नहीं झेल पा रहा है, और यह अब धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त होना शुरू हो गया है ,जब हमारे द्वारा इस मार्ग की स्थिति का जायजा लिया गया तो निकल कर यह सामने आया कि इस मार्ग से जो भारी वाहन गुजर रहे हैं, वह इतने भारी है कि डेंजर रोड इन भारी वाहनों का दबाव सहन नहीं कर पा रहा है और मार्ग अब धीरे-धीरे उखड़ना शुरू हो गया है अब देखना होगा कि आखिरकार कब तक यह स्थिति इसी प्रकार से बनी रहती है या फिर इस मार्ग के उखड़ने से कोई दुर्घटना तो सामने नहीं आती है।

### साइड सोल्डर न होने से चोटिल हो रहे बाइक सवार

सेन चौक से जागपुर घाट तक का मार्ग सीसी रोड युक्त है। यहां कुछ जगह साइड सोल्डर भरे हैं, तो कई जगह ये काम छोड़ दिया गया है। कुछ दिनों से वाहनों की आवाजाही बढ़ने से कई बार इस रोड पर भी जाम के हालात बन रहे हैं। कई बार दो पहिया वाहन चालकों को रोड के नीचे अपने वाहन उतारने पड़ते हैं। फिर वाहन को रोड पर लाने के दौरान चालक अनियंत्रित होकर फिसल रहे हैं और चोटिल भी हो रहे हैं। रहवासियों का कहना है कि पहले इस मार्ग पर यातायात का दबाव कम था, लेकिन रूट डायवर्ट होने से स्थिति चिंताजनक हो गई है। पास में ही बस के निर्माण तथा पेंटिंग की कुछ दुकानें, जहां कई बसें खड़ी रहती हैं। इन दुकानों के पास जो विद्युत लाइन गुजरी है, वह नीचे की तरफ झुक गई है। रहवासियों का कहना है कि अगर इस मार्ग से गुजरने वाले ऊंचे ट्रक इन तारों की चपेट में आ गए, तो उस दिन बड़ा हादसा हो सकता है। इस ओर प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है।

# परिवर्तित मार्ग पर भारी वाहन के क्रॉसिंग के समय बड़ी दुर्घटना होने से टली

## भारी वाहन ट्रक के क्रॉसिंग के समय संपर्क में आया विद्युत पोल, स्थानीय निवासियों की सूझबूझ से बड़ी दुर्घटना होने से टली

बालाघाट(पद्मेश न्यूज) । बालाघाट गोंदिया मार्ग को बंद करने के बाद जिस प्रकार से जिला प्रशासन द्वारा मार्ग को परिवर्तित कर शहर के अंदर आने वाले वाहन और शहर के बाहर जाने वाले वाहनों के लिए प्रशासन द्वारा जो व्यवस्था बनाई गई है वह व्यवस्था बड़े वाहनों के लिए सटीक नहीं बैठ रही है ,जिसके चलते कभी भी शहर में जाम की स्थिति बन जाती है, तो कभी बड़े वाहनों के निकलते समय दुर्घटना घटने की संभावना बन जाती है ऐसा ही मामला बीती रात अवंती बाई चौक में देखने को मिला ,जहां एक भारी वाहन अवंती बाई चौक से बैहर रोड में क्रशिंग के दौरान विद्युत पोल से टच होता हुआ दिखाई दिया, किंतु वहां खड़े कुछ राहगीर और स्थानीय लोगों की मदद से एक बड़ा हादसा होने से टल गया। आपको बता दे की जिस प्रकार से सरेखा रेलवे क्रॉसिंग पर बन रहे ओवर ब्रिज को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा बालाघाट गोंदिया मार्ग को बंद किया गया है, एवं मार्ग बंद होने के बाद जिला प्रशासन द्वारा शहर के अंदर आने वाले वाहन और शहर से बाहर जाने वाले वाहनों की वैकल्पिक व्यवस्था बनाते हुए कुछ मार्गों को परिवर्तित किया गया है ,किंतु देखा यह जा रहा है कि इन परिवर्तित मार्गो से छोटे वाहन तो निकल जा रहे हैं किंतु भारी वाहन इन परिवर्तित वाहनों से जब गुजरते हैं तो शहर में या तो जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है ,या फिर इन बड़े वाहनों की क्रॉसिंग के समय कहीं-कहीं बड़ी दुर्घटना की संभावना बन जाती है ,ऐसा ही ताजा मामला 10 फरवरी की देर रात शहर के अवंती बाई चौक में देखने को मिला जहां भटेरा की ओर से आ रहे एक भारी वाहन को बैहर रोड की ओर जाना था,और वह जैसे ही अवंती बाई चौक में पहुंचा वैसे ही वह बैहर रोड की ओर जाने के लिए क्रॉस हो रहा था कि मार्ग की चौड़ाई कम होने की वजह से भारी वाहन क्रॉसिंग के दौरान अवंती बाई चौक में लगे एक विद्युत पोल से टच होता नजर आया, यदि यह भारी वाहन विद्युत पोल से टच हो जाता या फिर वह वह क्रॉसिंग के दौरान अपने साथ विद्युत पोल को भी उखाड़ ले जाता तो यहाँ ब ?ा हादसा हो जाता ,किंतु वहां खड़े कुछ स्थानीय निवासी और कुछ राहगीरों



द्वारा अपनी सूझबूझ से भारी वाहन चालक को वहां रुकवा कर बताया गया कि उनका वाहन विद्युत पोल से टच हो रहा है उसके बाद सभी ने ट्रक को क्रॉस करने में वाहन चालक की मदद की और भारी वाहन वहां से निकला इस दौरान दोनों ओर से आने वाले वाहनों का जमावड़ा अवंती बाई चौक में लग गया और धीरे-धीरे अवंती बाई चौक से लेकर बैहर रोड तक जाम की स्थिति निर्मित होने लगी, किंतु स्थानीय लोगों की मदद से वाहनों को क्रॉस करवाया गया और लगे हुए जाम को धीरे-धीरे हटवाया गया, आपको बता दे कि यह कोई पहला मामला नहीं है कि इस प्रकार की स्थिति शहर में बन रही है जब से मार्ग को परिवर्तित किया गया है तब से शहर में जाम जैसी स्थिति भारी वाहनों के निकलते समय या भारी वाहन के शहर में प्रवेश के बाद निर्मित हो जाती है एवं जब यह बड़े वाहन शहर के प्रमुख चौक चौराहों से गुजरते हैं तब इन भारी वाहनों को क्रॉसिंग में वाहन चालकों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है।

# सुरक्षा व्यवस्था और शांति व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस ने निकाला शहर में फ्लैग मार्च

बालाघाट( पद्मेश न्यूज ) । शहर में सुरक्षा व्यवस्था और शांति व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ के निर्देश पर जिले के सभी थानों में पैदल मार्च निकालने के निर्देश जारी किए गए हैं, इस तारतम में 11 फरवरी की देर शाम कोतवाली पुलिस, ग्रामीण पुलिस और भरवेली पुलिस के अधिकारी व पुलिसकर्मियों द्वारा शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर फ्लैग मार्च निकाला गया। आपको बता दे की शहर में सुरक्षा व्यवस्था और शांति व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारी व पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वह अपने-अपने थाने क्षेत्र में शाम के समय अधिक भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाले और फ्लैग मार्च के दौरान कोई भी सामाजिक तत्व द्वारा आम जनता को परेशान तो नहीं कर रहे ।उनकी समस्या को सुनते हुए त्वरित कार्रवाई की जाए, इसी के चलते शहर के कोतवाली क्षेत्र से भरवेली पुलिस, ग्रामीण पुलिस और कोतवाली पुलिस बल के द्वारा कालीपुतली चौक से मेन रोड होते हुए ,एक फ्लैग मार्च निकाला गया जिसमें पुलिस अधिकारी व पुलिसकर्मियों के द्वारा कालीपुतली चौक से पैदल चलते हुए भीड़भाड़ वाले क्षेत्र का निरीक्षण किया गया और आम जनता को विश्वास में लाते हुए पुलिस और जनता के प्रति रिश्ता बना रहे इसका संदेश देते हुए फ्लैग मार्च निकाला गया।



# ब्रॉडगेज संघर्ष समिति द्वारा ट्रेनों की लेटलतीफी को लेकर रेलवे स्टेशन के अधीक्षक को सौंपा गया ज्ञापन

बालाघाट( पद्मेश न्यूज) ।ब्रॉडगेज संघर्ष समिति द्वारा बालाघाट स्टेशन में ट्रेनों की लेटलतीफी को देखते हुए बालाघाट स्टेशन के अधीक्षक को एक ज्ञापन दिया गया है जिसमें उन्होंने रेलवे विभाग से यह मांग की है कि गोंदिया जबलपुर बालाघाट कटंगी तिरोड़ी नैनपुर तथा सिवनी छिंदवाड़ा लाइन पर जो ट्रेन लगातार चल रही है वह ट्रेन अपने निर्धारित समय से घंटो लेट चल रही है जिसकी वजह से ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जिसको देखते हुए ट्रेन के समय को सही करने को लेकर ब्रॉडगेज संघर्ष समिति द्वारा एक ज्ञापन बालाघाट स्टेशन अधीक्षक को दिया गया है। आपको बता दे की ब्रॉडगेज संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप सिंह बैस द्वारा बताया गया कि कई दिनों से गोंदिया जबलपुर बालाघाट कटंगी तिरोड़ी नागपुर तथा नैनपुर सिवनी छिंदवाड़ा नागपुर ब्रॉडगेज लाइन पर सभी यात्री ट्रेन लगातार समय अनुसार ना चलकर दो से तीन घंटे देरी से चल रही है जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है रेल पास बनाने वाले तथा प्रतिदिन रेल यात्रा करने वाले सभी यात्रियों ने अपने काम तथा पढ़ाई में आ रही कठिनाइयों को देखते हुए रेल से यात्रा करना बंद कर दिया है तथा वे बस से यात्रा करने के लिए बाध्य हो रहे हैं ऐसा प्रतीत होता है कि रेल ऑपरेटिंग सिस्टम के कुछ अधिकारी बस माफियाओं से सांठगांठ करते हुए जानबूझकर यात्री ट्रेनों को देरी से चला रहे, ताकि इसका लाभ बस मालिकों को मिल सके तथा इस रूट पर बसों में यात्रियों को क्षमता से अधिक भरकर लाभ कमाया जा रहा है जिसमें यात्री ट्रेनों की लेट लतीफी पर तथा रेलवे को नुकसान पहुंचाए जाने के षड्यंत्र को सूक्ष्मता से जांच की जाए तथा दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए यात्री ट्रेनों की लेटलतीफी को सुधरा जाए। इन सब विषय को लेकर 11 फरवरी को ब्रॉडगेज समिति द्वारा बालाघाट स्टेशन अधीक्षक को एक ज्ञापन दिया गया तथा वही रेलवे स्टेशन में ऑटो चालकों को हो रही असुविधा की भी बात रेलवे अधीक्षक के सामने रखी गई जिस पर रेलवे अधीक्षक द्वारा ब्रेडगेज संघर्ष समिति से ज्ञापन लिया गया तथा ऑटो चालकों को भी यह हिदायत दी गई कि वह स्टेशन परिसर में अनावश्यक विवाद ना करें जिस प्रकार से अधीक्षक द्वारा बताया गया कि शाम होते ही रेलवे स्टेशन परिसर में ऑटो चालक भाइयों द्वारा जो विवाद किया जाता है, वह सब भी उनकी जानकारी में है जो कि इन सब व्यवस्था को अपने स्तर पर सुधार ले ,तो वहीं ब्रेड के संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप सिंह बैस ने भी ऑटो चालकों से यह अपील की है की वह अपने सभी ऑटो चालक भाइयों की एक सूची बनाकर तैयार कर ले और अनावश्यक होने वाले विवाद को खत्म कर विभाग का साथ दे और अपना व्यवसाय करें।



# जैन कलार समाज का किया गया गठन

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से किया गया जैन कलार समाज का मिलन समारोह आयोजित





बालाघाट( पद्मेश न्यूज ) ।11 फरवरी को जिले में निवासरत जैन कलार समाज का गठन, सामाजिक बैठक में किया गया ।नगर के कमला नेहरू में आयोजित सामाजिक बैठक में सामाजिक वक्ताओं ने समाज के उत्थान और सामाजिक एकजुटता पर अपने-अपने विचार रखे। इस दौरान सामाजिक महिलाओं ने एकदूसरे को सौभाग्य का टीका हल्दी कुमकुम भी किया। साथ ही बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई ।जैन कलार समाज प्रतिनिधि रिटायर्ड प्राध्यापक डॉ. रविन्द्र कुमार सोनवाने ने बताया कि जैन कलार समाज का गठन को लेकर यह प्रथम मिलन समारोह आयोजित किया गया था। जिसमें महिलाओं ने हल्दी कुमकुम का कार्यक्रम भी किया है। सम्मेलन की शुरूआत हमारी कुलमाता जैनादेवी, भगवान सहस्त्रबाहु और मां सरस्वती के पूजन के साथ की गई। उन्होंने बताया कि जैन कलार समाज लांजी क्षेत्र के अलावा पूरे जिले में निवासरत है। जो एक प्रबुद्ध और सुशिक्षित समाज है ।जिसके लोग शिक्षा, न्यायालय, इंजीनियरिंग और मेडिकल क्षेत्र सहित अन्य जगहों पर कार्यरत है। जिन्हें एकजुट कर जैन कलार समाज के संगठन का गठन किया गया है। ताकि सामाजिक रूप से समाज और समाज के बच्चों एवं युवाओं के उत्थान और उन्नति के बारे में समाज प्रयास कर सके।

### जैन कलार समाज कार्यकारिणी घोषित

कमला नेहरू प्रेक्षागृह में जैन कलार समाज का मिलन समारोह सह हल्दी कुमकुम का कार्यक्रम रिटायर्ड प्रो. डॉ. रविन्द्र सोनवाने की अध्यक्षता में आयोजित किया गया ।साथ ही आज जैन कलार समाज बालाघाट की कार्यकारिणी भी गठित की गई। जिसमें संरक्षक रविन्द्र सोनवाने, झनकराम मानापुरे, शेषराम दहीकर, सुरेन्द्र सोनवाने, श्रीमती माधुरी सोनवाने, अध्यक्ष प्रभाकर रणदिवे, उपाध्यक्ष महेन्द्र सोनवाने, योगेन्द्र दहीकर, सचिव धनंजय सोनवाने, कोषाध्यक्ष प्रभात मुरकुटे, सहसचिव लक्ष्मण रामटेक्कर, वासुदेव आसटकर, सुनील मुरकुटे, श्रीमती अलका रामटेक्कर, मीडिया प्रभारी महेन्द्र पलांदुरकर, महेन्द्र आसटकर, सांस्कृतिक प्रभारी श्रीमती प्रीति दुरूगकर, अनिला मानापुरे, श्रीमती सीमा खोब्रागड़े, कार्यकारिणी सदस्य रमेश पांदुरकर, सतीश सोनवाने, गिरीश दुरूगकर, संतोष सोनवाने, दिलीप मुरकुटे और अशोक आसटकर को मनोनित किया गया है।

# ग्रामीण पटेल कल्याण संघ की बैठक आज

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। ग्रामीण पटेल कल्याण संघ मध्य प्रदेश के अध्यक्ष मोहनलाल शरणागत ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताएं कि 12 फरवरी को 12ः00 बालाघाट बस स्टैंड धर्मशाला में ग्रामीण पटेल कल्याण संघ की एक बैठक आयोजित की गई है इस बैठक में पटेलो से संबंधित सभी प्रकार की चर्चा एवं आगामी समय की रूपरेखा तैयार की जाएगी। संघ के अध्यक्ष श्री शरणागत ने जिले के समस्त ग्रामीण पटेल कल्याण संघ के पदाधिकारी एवं ग्रामीण के स्थाई पटेलो को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरसा में नसबंदी ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत

बालाघाट(पद्मेश न्यूज) । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरसा में आयोजित परिवार नियोजन शिविर में नसबंदी ऑपरेशन के दौरान एक महिला की मौत हो गई। मृतिका श्रीमती धनवंती बाई पति सुरेश भास्कर 28 साल ग्राम अजगरा निवासी है। बिरसा पुलिस ने इस महिला की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार धनवंती बाई भास्कर अपने परिवार के साथ मजदूरी करती थी। जिसके परिवार में पति के अलावा तीन बच्चे हैं। जिनमें डेढ़ माह की एक बच्ची है। 10 फरवरी को मध्य प्रदेश शासन के नियमानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरसा में महिला एवं पुरुष परिवार नियोजन शिविर का आयोजन किया गया था। इस शिविर में धनवंती बाई अपना नसबंदी ऑपरेशन करने पहुंची थी। शाम 6ः30 बजे करीब जब धनवंती बाई के ऑपरेशन की प्रक्रिया की जा रही थी और नाभि के नीचे चिरा लगाते समय धनवंती बाई की मौत हो गई। धनवंती बाई की मौत के संबंध में इस अस्पताल के डॉक्टर नरेश मारन द्वारा एक लिखित सूचना बिरसा थाना में पहुंचाई गई थी। इस सूचना पर उपनिरीक्षक आर आर झारिया ने बिरसा अस्पताल पहुंचकर मृतिका धनवंती बाई की लाश रात्रि में अस्पताल में ही सुरक्षित रखवा दी थी। 11 फरवरी को उपनिरीक्षक श्री झारिया ने पंचनामा कार्यवाही पश्चात मृतिका धनवंती बाई की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए। आगे मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

### धनवंती बाई की मौत कैसे हुई मुझे मालूम नहीं- डॉक्टर नरेश मारन

पद्मेश न्यूज़ द्वारा दूरभाष पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरसा के डॉक्टर नरेश मारन से धनवंती बाई की मौत के संबंध में जानकारी लेनी चाहिए तब उन्होंने इस मामले में अपनी अभिज्ञता प्रकट करते हुई बताएं कि धनवंती बाई की मौत कैसे हुई मुझे मालूम नहीं।


# मोटरसाइकिल फिसलने से एक व्यक्ति की मौके पर मौत

बालाघाट( पद्मेश न्यूज ) । बिरसा थाना अंतर्गत दमोह रोड पर स्थित ग्राम चैनाटोला के पास मोटरसाइकिल फिसलने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई मृतक गोपाल सिंह पिता नैनसिह मरकाम 45 वर्ष ग्राम अजगरा निवासी है। बिरसा पुलिस ने इस व्यक्ति की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिये और मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोपाल सिंह मरकाम अजगर निवासी अपने परिवार के साथ देवगांव दमोह में रहता था और खेती किसानी करता था। 10 फरवरी को गोपाल सिह मरकाम अपने साले बंसीलाल धुर्वे के साथ दो अलग-अलग मोटरसाइकिल में धान छोड़ने के लिए अपनी साली हेमवती मेरावी के घर दरबारी टोला आए थे और धान छोड़ने के बाद दोनों अलग-अलग मोटरसाइकिल में दरबारी टोला से अपने घर अजगरा जाने निकले थे। बंसीलाल धुर्वे आगे निकल गया था इसके आगे निकलने के बाद ग्राम चैनाटोला दमोह रोड पर किसी जानवर को बचाने के चक्कर में गोपाल सिह मरकाम की मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और गोपालसिंह मरकाम का मोटरसाइकिल सहित गिर गया। सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इधर गोपाल सिंह मरकाम के घर नहीं पहुंचने पर का साला बंसीलाल धुर्वे वापस बिरसा तरफ आ रहा था। तभी उसने चैनाटोला के पास भीड़ देखी जब उसने जाकर देखा तो वहां पर उसका बहनोई गोपालसिह मरकाम था। जिसकी मौत हो चुकी थी जिसकी रिपोर्ट बंसीलाल धुर्वे ने बिरसा पुलिस थाना में की थी। जहां से उपनिरीक्षक शिवलाल परते ने मौके पर पहुंच कर मृतक गोपाल सिंह मरकाम की लाश बिरसा के अस्पताल में लाकर सुरक्षित रखवा दिए। 11 फरवरी को गोपालसिह मरकाम की लाश पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दी। आगे मर्ग जांच उपनिरीक्षक श्री परते द्वारा की जा रही है।

# मानपुर से मोहगांव ध. पहुंच मार्ग खस्ताहाल, आवागमन में हो रही परेशानी

## ग्रामीण एवं राहगीरों ने सड़क का मरम्मत कार्य एवं रोड़ क्रासिंग के पूर्व दोनों साईड स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की






**लालबर्रा ( पद्मेश न्यूज )। मानपुर से मोहगांव ध. पहुंच मार्ग का विगत वर्ष पूर्व करोड़ों रूपयों की लागत से पक्की सड़क का निर्माण किया गया है परन्तु निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण नही होने के कारण जगह-जगह से डामर उखड़ने के साथ ही कुछ स्थानों पर गड्ढे बन गये है। जिसके कारण मार्ग से आने-जाने वाले लोगों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही मार्ग में स्थित ग्रामों से गांव के अंदर प्रवेश करने वाले मार्ग एवं चौक-चौराहों में स्पीड ब्रेकर नही होने के कारण तेज गति से चौपहिया, दुपहिया वाहन गुजरते है जिसके कारण भी आये दिन दुर्घटनाएं भी घटित हो रही है। जबकि कई बार ग्रामीणजनों एवं राहगीरों ने जिम्मेदारों से खराब हो चुकी सड़क का मरम्मत कार्य एवं मानपुर से मोहगांव ध. तक मिलने वाले ग्रामों के चौक-चौराहों एवं मेन रोड़ से गांव के अंदर जाने वाली क्रासिंग रोड़ के पूर्व में स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग कर चुके है परन्तु कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे ग्रामीणजनों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणजन एवं राहगीरों ने मानपुर से मोहगांव ध. पहुंच मार्ग का मरम्मत कार्य करवाने के साथ ही आने वाले ग्रामों के चौक-चौराहे जहां से दो ओर रोड़ कटती है उसके पूर्व रोड़ के दोनों साईड स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग शासन-प्रशासन से की है ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके। वहीं प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग के महाप्रबंधक गजेन्द्रसिंह लारिया से दूरभाष पर मानपुर से मोहगांव ध. सड़क का मरम्मत कार्य एवं ग्रामों के चौक-चौराहों, गांव के अंदर प्रवेश करने वाली क्रासिंग रोड़ के पूर्व स्पीड ब्रेकर बनाने के संबंध में चर्चा करने का प्रयास किया गया परन्तु संपर्क नही हो पाया।**

### मार्ग में बने गड्ढ़े दुर्घटना को दे रहे आमंत्रण, जिम्मेदार मौन

आपकों बता दे कि मानपुर से मोहगांव ध. पहुंच मार्ग पूरी तरह से खराब होने के बाद सड़क का निर्माण करवाने की मांग को लेकर कई बार ग्रामीणजनों के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया था। जिसके बाद प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग के द्वारा ३ से ४ साल पूर्व करोड़ों रूपयों की लागत से नवीन सड़क का निर्माण किया गया है परन्तु सड़क निर्माण कंपनी के द्वारा मापदण्ड व गुणवत्ता का ध्यान नही रखा गया और गुणवत्ताहीन कार्य किया गया है। जिसके कारण निर्माण के कुछ सालों बाद ही सड़क खराब होने लगी है एवं जगह-जगह से डामर, गिट्टी उखड़ने लगे है और कुछ स्थानों पर मार्ग के बीच में गड्ढे भी बन गये है। ऐसी स्थिति में आने-जाने वाले ग्रामीणजनों एवं स्कूल, कालेज के छात्र-छात्राओं को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है एवं दुर्घटनाएं भी घटित हो रही है। जबकि यह मार्ग लालबर्रा मानपुर से मोहगांव धपेरा होते हुए बालाघाट की ओर जाती है एवं विभिन्न ग्रामों को हाईवे मार्ग के साथ ही लालबर्रा मुख्यालय से जोड़ती है। साथ ही इस मार्ग से चौपहिया वाहन, बस सहित अन्य ओवरलोड़ वाहन भी चलते है एवं ग्रामीणजन भी आवागमन करते है परन्तु प्रशासन के द्वारा ग्रामों के चौक-चौराहों में स्पीड ब्रेकर नही बनाया गया है। जिसके कारण तेज गति से वाहन गुजरने के कारण हादसे भी घटित हो रहे है। गत दिवस ग्राम साल्हे मो. चौक में रोड़ क्रास करते समय तेज गति से गुजर रहे वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया था जिसका उपचार जिला चिकित्सालय में चल रहा है। इसी तरह बेलगांव, खारी, खिर्री, खोंगोटोला, मोहगांव ध. सहित अन्य ग्रामों में मानपुर से मोहगांव ध. पहुंच मार्ग के गांव के अंदर क्रासिंग (रोड़) प्रवेश करने वाली रोड़ के पहले स्पीड ब्रेकर नही होने के कारण भी आये दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही है क्योंकि गांव के अंदर से आने वाले लोगों को पता नही रहता है कि लालबर्रा या मोहगांव ध. की ओर से तेज गति से कोई बड़ा वाहन आ रहा है और वे जैसे ही रोड़ में पहुंचते है उक्त वाहनों की तेज रफ्तार के चलते वे दुर्घटना का शिकार हो जाते है। साथ ही हर समय दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी रहती है और हादसे भी घटित हो रहे है।

### ग्राम के चौक-चौराहों में स्पीड ब्रेकर बनाये प्रशासन - कृष्णा

कृष्णा गौतम ने बताया कि मानपुर से मोहगांव ध. पहुंच मार्ग का विगत वर्ष पूर्व ही निर्माण किया गया है परन्तु निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण नही होने के कारण जगह-जगह से डामर व गिट्टी निकलने लगी है और कुछ स्थानों पर गड्ढे बन गये है जिसके कारण सबसे अधिक स्कूल एवं कालेज जाने वाले छात्र-छात्राओं को परेशानी होती है क्योंकि कुछ विद्यार्थी प्रात: के समय लालबर्रा मुख्यालय कोचिंग करने आते है। साथ ही इस मार्ग से ओवरलोड वाहन, बस, चौपहिया वाहन भी तेज गति से गुजरते है जिसके कारण भी हादसे घटित हो रहे है क्योंकि रहवासी क्षेत्र के चौक-चौराहों या फिर रोड़ से गांव के अंदर प्रवेश करने वाली रोड़ के पहले स्पीड ब्रेकर नही होने के कारण अगर कोई वाहन तेज गति से गुजरते समय सामने आ जाता है तो वह उनकी चपेट में आने से घायल हो जाते है। श्री गौतम ने बताया कि गत दिवस साल्हे मो. चौक में चौपहिया वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया था जिसका उपचार जारी है, इसके पूर्व में भी दुर्घटनाएं घटित हो चुकी है इसलिए प्रशासन से मांग है कि सड़क का मरम्मत कार्य करवाने के साथ ही तेज गति से गुजर रहे वाहनों की गति पर रोक लगाने के लिए गांव-गांव में स्पीड ब्रेकर बनाये जिससे दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा।



### मार्ग में बने गड्ढ दुर्घटना को दे रहे आमंत्रण - टेकचंद

बेलगांव के पूर्व सरपंच प्रतिनिधि टेकचंद माने ने बताया कि मानपुर से मोहगांव ध. पहुंच मार्ग में जगह-जगह से डामर उखड़ने के साथ ही कुछ स्थानों पर गड्डे बन गये है जिसके कारण मार्ग से आने-जाने वाले ग्रामीणजन एवं स्कूल के छात्र-छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और सड़क खराब होने के कारण छात्र-छात्राओं की साइकिल के पार्टस खराब एवं पंचर होने से वे समय पर कोचिंग व स्कूल नही पहुंच पाते है जिससे उनकी पढ़ाई भी प्रभावित होती है। श्री माने ने बताया कि मार्ग का खस्ताहाल होने एवं तेज गति से वाहनों के गुजरने के कारण दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी रहती है, जबकि यह मार्ग मानपुर से सीधे मोहगांव ध. होते हुए कुम्हारी बालाघाट एवं बुट्टा ह. होते हुए बेहरई से बालाघाट की ओर जाती है। इस तरह से दो हाईवे रोड़ को जोड़ती है परन्तु मार्ग में बने गड्ढे दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे है इसलिए प्रशासन से मांग है कि इस मार्ग का जल्द मरम्मत करवाये ताकि आने-जाने में हो रही परेशानियों से निजात मिल सके।



# बघोली के चांदनी चौक में भगवान श्रीकृष्ण, शिरोमणि माता कर्माबाई का बनेगा मंदिर

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ५ किमी. दूर ग्राम पंचायत बघोली में गत दिवस ग्राम के चांदनी चौक में भगवान श्रीकृष्ण एवं शिरोमणि माता कर्माबाई का मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया है। जिसके बाद से ग्रामीणजनों में हर्ष की लहर व्याप्त है। आपकों बता दें कि ग्राम पंचायत बघोली के सभाकक्ष में गत दिवस भगवान श्री कृष्ण एवं शिरोमणि माता कर्माबाई के मंदिर निर्माण के संबंध में सार्वजनिक बैठक आयोजित की गई थी और यह बैठक सरपंच अरशद पापा पटेल, पूर्व जनपद सदस्य झनकारसिंह उइके, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि अनिल बिसेन, उपसरपंच देवराम महेरकर, कन्हैयालाल धानेश्वर, सेवानिवृत शिक्षक सुकचंद रहाँगडाले, पन्नालाल समरित, चैनलाल चौधरी, राजेश टेम्भरे, कमलेश खरोले सहित



गणमान्य नागरिक व अन्य ग्रामीणों की मौजूदगी संपन्न हुई। आयोजित बैठक में भगवान श्रीकृष्ण एवं शिरोमणि माता कर्माबाई का मंदिर बनाने एवं स्थान चयन करने पर चर्चा कर सभी ने सर्वसम्मति से ग्राम के चांदनी चौक में मंदिर बनाने का निर्णय लिया। जिसके बाद सभी बैठक संपन्न होने के बाद चांदनी चौक पहुंचे जहां सरपंच अरशद पापा पटेल एवं ग्रामीणों के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण एवं शिरोमणि माता कर्माबाई का मंदिर बनाने के लिए भूमिपूजन किया गया है। भूमिपूजन के बाद जल्द मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा। इस अवसर पर हरिलाल यादव, जयराम साटोने, मुन्नालाल अर्जुनवार, गौरीशंकर समरित, कंजेस यादव, शंकरलाल माने, तेजराम पटले, मनोज समरित, गोविन्द चौधरी, भिवराज समरित, डिलेश समरित, सरवन चौधरी, खेमलाल पटले, भिवराम पटले, दिपेन्द्र पटले, बालकृष्ण साटोने, पतिराम महेरकर, रतिराम महेरकर, पुनाराम महेरकर, नेवेंद्र महेरकर, चमरूलाल अगासे, चुन्नीलाल महेरकर, साहेबलाल चौधरी, डिलेश समरित, अजय समरित, रुपलाल लांजेवार, ताराचंद पटले, ओमकार पटले, रूपलाल लांजेवार, कैलाश रंगारे, नजब खान, छोटा खान, मानिकराम चौधरी, टेकचंद कावरे, पतिराम कल्यारी, कृपा साटोने सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।


# कनकी से भक्तिभाव के साथ निकली विशाल सांई चादर रैली

बेहरई/लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कनकी में नवयुवक सांई सेवा समिति के तत्वाधान में ११ फरवरी को प्रात: ११ बजे भक्तिभाव के साथ विशाल सांई चादर (अर्पण) रैली निकाली गई। इस अवसर पर नवयुवक सांई सेवा समिति के पदाधिकारी एवं श्रध्दालुओं के द्वारा ग्राम में शिर्डी सांई बाबा की विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात डीजे की धुन एवं भक्तिभाव के साथ भव्य सांई चादर शोभायात्रा (रैली) निकाली गई और यह शोभायात्रा कनकी, गर्रा का भ्रमण करते हुए बालाघाट स्थित सांई मंदिर पहुंची। जिसके बाद श्रध्दालुओं के द्वारा शिर्डी वाले सांई बाबा की विधि-विधान से पूजा अर्चना कर चादर भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किये। चर्चा में नवयुवक सांई सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि ११ फरवरी को सांई नगर कनकी से बालाघाट सांई मंदिर तक सांई चादर यात्रा निकाली गई। इस दौरान ग्राम में भगवान शिर्डी सांई बाबा की पूजा अर्चना की गई जिसके बाद सभी श्रध्दालुजन यात्रा के माध्यम से बालाघाट स्थित सांई मंदिर पहुंचे जहां शिर्डी सांई बाबा को चादर भेंट की गई और शिर्डी वाले सांई बाबा से प्रार्थना की गई है कि सभी के जीवन में हमेशा खुशहाली बनाये रखे। इस अवसर पर नवयुवक सांई सेवा समिति एवं कनकी के ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



# पुलिस द्वारा रोजाना किया जा रहा है पैदल गस्त

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी पुलिस के द्वारा रोजाना शाम के समय नगर में पैदल मार्च किया जा रहा है। इस संबध में प्राप्त जानकारी के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिला पुलिस बल के समस्त थाना क्षेत्रो में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा रोजाना शाम में पैदल गश्त की जा रही है। जिसके तहत लांजी पुलिस थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी एवं समस्त पुलिस थाना बल लांजी के द्वारा रोजाना शाम के समय पैदल मार्च या गश्त की जा रही है भीड़



भाड वाले इलाकों में पहुंचकर नजर रखी जा रही है, दुकानों के सामने बेतरतीब तरीके से खडे वाहनों को दुरस्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये जा रहे है। गश्त के दौरान ऐसे अनेकों लोग है जो कि स्थानीय मुद्दो पर शिकायत करना चाहते है लेकिन थाने नही पहुंच पाते उनसे शिकायते या सूचनाऐं सुनी जा रही है। नगर में बारी बारी से सभी मोहल्लों, वार्डो में पुलिस की यह गश्त निरंतर प्रारंभ रहेगी। वहीं दुसरी ओर वरिष्ठ अधिकारियों का यह भी सोचना है रोजाना पैदल गश्त करने से हमारे पुलिस अधिकारी कर्मचारी चुस्त फीट रहेंगे उनकी एक प्रकार से रोजाना वर्जिश होती रहेगी और नगर में शांति व्यवस्था भी बनी रहेगी।

# मुरलीखाम से पंढरापानी पहुंच मार्ग नाले पर नवीन पुल का निर्माण कार्य जारी

## ग्रामीणों ने तीव्र गति और गुणवत्तापूर्ण कार्य करवाने की शासन-प्रशासन से की मांग





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत औल्याकन्हार के अंतर्गत आने वाले ग्राम मुरलीखाम से पंढरापानी पहुंच मार्ग पर बना पुल अगस्त माह में हुई तेज बारिश में क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसके कारण दोनों ग्रामों का संपर्क टुट चुका था और ग्रामीणजनों एवं किसानों को बेहद ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जिसके बाद से ग्रामीणजनों के द्वारा शासन-प्रशासन से नवीन पुल का निर्माण करवाने की मांग कर रहे थे परन्तु प्रशासन उनकी मांगों पर ध्यान नही दे रही थी तो ग्रामीणों के द्वारा विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी भी दी गई थी। उसके बाद प्रशासन हरकत में आया था और आने-जाने के लिए अस्थाई मार्ग बनाकर जल्द नवीन पुल का निर्माण करवाने आश्वास्त किया गया था तब जाकर पंढरापानी, मुरलीखाम के ग्रामीणों ने विधानसभा चुनाव में मतदान किया था। चुनाव संपन्न होने के बाद शासन के द्वारा २.९८ करोड़ रूपयों की लागत से नवीन पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है जिसका निर्माण कार्य जारी है परन्तु धीमी गति से कार्य किया जा रहा है। जिसे बनने में समय लगेगा और बरसात के पूर्व पुल बनकर तैयार नही हुआ तो पुन: ग्रामीणजनों एवं किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीण एवं किसानों ने निर्माण कंपनी एवं प्रशासन से पंढरापानी से मुरलीखाम पहुंच मार्ग पर बन रहे नवीन पुल का निर्माण कार्य तेज गति एवं गुणवत्तापूर्ण करवाने की मांग की है ताकि आवागमन करने में हो रही परेशानियों से जल्द निजात मिल सके। आपकों बता दे कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग के द्वारा विगत वर्ष पूर्व ग्राम मुरलीखाम से पंढरापानी पहुंच मार्ग का निर्माण के साथ ही पुल का निर्माण करवाया गया था परन्तु निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण नही होने के बाद अगस्त, सितंबर २०२३ में हुई तेज बारिश एवं नाले में बाढ़ आने से पुल ढह जाने के साथ ही क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसके बाद से दोनों ग्रामों के ग्रामीण एवं किसानों का संपर्क टुट गया था जिससे सबसे अधिक किसानों एवं पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं को बेहद ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था और किसानों का कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहा था। साथ ही पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद कई बार ग्रामीणजनों ने नवीन पुल का निर्माण करवाने की मांग शासन-प्रशासन से करते आ रहे थे परन्तु उनकी मांगों पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा था जिससे ग्रामीणजनों में भारी आक्रोश व्याप्त था और विधानसभा चुनाव के पुर्व दोनों ग्रामों के ग्रामीणजनों ने विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी प्रशासन को दिये थे। जिसके बाद पुरा प्रशासन गांव में पहुंचकर ग्रामीणजनों को आश्वास्त किया था कि विधानसभा चुनाव के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा, आप अपना मतदान करें उसके बाद ग्रामीणजनों ने मतदान किये थे। चुनाव संपन्न होने के बाद गत माह से २.९८ करोड़ की लागत से नवीन पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है जिसका कार्य जारी है। वहीं पुल का निर्माण कार्य शुरू हो जाने से ग्रामीणजन खुश नजर आ रहे है परन्तु निर्माण कार्य धीमी गति से हो रहा है जिससे ऐसा लग रहा है कि ४ माह में पुल बनकर तैयार नही हुआ तो बारिश के दिनों में पुन: ग्रामीणजनों को पूर्व की तरह ही समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से नवीन पुल का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं तीव्र गति से करवाने की मांग की है ताकि बरसात के पूर्व पुल बनकर तैयार हो जाये और आवागमन शुरू हो सके।


### आवागमन में होती है परेशानी - दिनेश

पंच दिनेश बाहेश्वर ने बताया कि बरसात के दिनों में तेज बारिश एवं नाले में बाढ़ आने से पुल क्षतिग्रस्त हो गया था जिसके बाद से मुरलीखाम एवं पंढरापानी ग्राम का संपर्क टुट गया था। जिससे लोगों को आने-जाने में खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था और अधिक दुरी तय कर लालबर्रा मुख्यालय व पंढरापानी की ओर जा पाते थे। श्री बाहेश्वर ने बताया कि आने-जाने के लिए अस्थाई रास्ता बनाया गया है जिससे स्कूल के बच्चें एवं ग्रामीणजन आना-जाना कर रहे है परन्तु तेज बारिश होती है तो अस्थाई मार्ग खराब हो जायेगा जिससे आने-जाने में परेशानी हो सकती है इसलिए हमारी मांग है कि तीव्र गति से पुल का निर्माण कार्य किया जाये।



### तीव्र गति एवं गुणवत्तापूर्ण किया जाये पुल का निर्माण कार्य - लक्ष्मीचंद

लक्ष्मीचंद पंचेश्वर ने बताया कि पिछले वर्ष तेज बारिश होने पर एवं नाले में बाढ़ आने से मुरलीखाम एवं पंढरापानी पहुंच मार्ग पर बना पुल क्षतिग्रस्त हो गया था जिसके बाद से ग्रामीणजनों को आने-जाने में खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था क्योंकि मुरलीखाम के किसानों की खेती पंढरापानी एवं पंढरापानी के किसानों की खेती मुरलीखाम की सीमा में है परन्तु पुल ढह जाने के बाद अपने खेतों तक पहुंचने के लिए अधिक दुरी तय करना पड़ता है। श्री पंचेश्वर ने बताया कि नवीन पुल निर्माण करवाने के लिए कई बार शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया है एवं विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी भी दी गई थी। जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया है और वर्तमान में २.९८ करोड़ रूपयों की लागत से नवीन पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसका कार्य जारी है परन्तु धीमी गति से किया जा रहा है इसलिए हमारी मांग है कि तीव्र गति एवं गुणवत्तापूर्ण पुल का निर्माण कार्य किया जाये और बरसात के पूर्व पुल बनकर तैयार हो जाना चाहिए, अगर बरसात के पूर्व पुल बनकर तैयार नही हुआ तो पुन: दोनों ग्रामों का संपर्क टुट जायेगा और आने-जाने में परेशानी होगी।





कंजई में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

# अतिथि शिक्षकों ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को भेजा स्पीड पोस्ट

## महापंचायत की घोषणाओं पर कैबिनेट में अमल कर लागू करने की मांग



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के वीरांगना रानी अवंतीबाई स्टेडियम में ११ फरवरी को अतिथि शिक्षक संघ की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक संघ के पदाधिकारी सदस्यों की उपस्थिति में प्रारंभ की गई। जिसमें विभिन्न प्रकार के विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करने के उपरांत पूर्व में निर्धारित रणनीति के अनुरूप प्रत्येक अतिथि शिक्षको के द्वारा प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम का लिफाफा घोषणाओं की प्रतिलिपि और आवेदन के साथ लिफाफा तैयार कर उसे डाक विभाग के माध्यम से स्पीड़ पोस्ट किया गया। वहीं उक्त लिफाफे के माध्यम से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा विधानसभा चुनाव के पूर्व महापंचायत में की गई घोषणाओं को कैबिनेट में पास कर सभी को लाभान्वित करने की गई। इस अवसर पर अतिथि शिक्षक संघ पदाधिकारी सदस्य एवं गणमान्य अतिथि शिक्षक मौजूद रहे।

### महापंचायत की घोषणा पूरी नही होने से अतिथि शिक्षकों में आक्रोश है-संजय राणा

अतिथि शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष संजय राणा ने पद्मेश से चर्चा में बताया कि महापंचायत की घोषणा पूरी नहीं की गई है और ना ही किसी प्रकार का उस पर अमल किया जा रहा है। जिसके लिए प्रधानमंत्री को स्पीड़ पोस्ट भेजकर ध्यान आकर्षण करवाया जा रहा है । यह कार्य वर्तमान में ब्लॉक स्तर पर जिले के समस्त ब्लॉक में किया जा रहा है साथ ही प्रदेश में भी प्रारंभ है। हम चाहते हैं की समस्त घोषणाओं को तत्काल कैबिनेट में पास कर रूल बुक के जरिए लागू की जाए इसे लेकर हम सभी एकत्रित हुए हैं। हमने अभी तक मुख्यमंत्री को २०० और प्रधानमंत्री को २५० स्पीड पोस्ट भेज रहे हैं।

### विभागीय परीक्षा लेकर गुरुजी की तर्ज पर नियमित करना चाहिए-दीपकला राहगंडाले

दीपकला राहंगडाले ने बताया कि वर्ष २०१२ से अतिथि शिक्षक में कार्यरत है हमारी अपील है कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के द्वारा की गई घोषणाओं में केवल मानदेय को स्वीकार किया गया है परंतु वह भी अक्टूबर के बाद से नहीं मिला है। ऐसे में शासन को सोचना चाहिए कि अतिथि शिक्षक अपना जीवन व्यापन और परिवार का भरन पोषण कैसे करें दैनिक जीवन में उसे कितनी कठिनाई हो रही है। हम शासकीय कर्मचारी के बराबर का काम कर रहे हैं पर मानदेय के साथ सुविधा से वंचित हो रहे हैं। वहीं प्रताड़ित भी हो रहे हैं शासन ने विभागीय परीक्षा लेकर गुरुजी की तर्ज पर हमें नियमित करना चाहिए।

### प्रधानमंत्री से गुहार लगा रहे हैं कि हम अतिथियों को नियमित करें-पंकज डोंगरे

जिला अध्यक्ष पंकज डोंगरे ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर बैठक की गई जिसमें लंबे समय से अतिथि शिक्षको को हो रही समस्या एवं शासन की घोषणा जिसका पालन नहीं हो रहा है उसको लेकर चर्चा की गई है। हम वर्तमान में शासन से परेशान हैं वह हमें मानदेय विभिन्न सुविधा विभागीय परीक्षा बोनस अंक कुछ भी मांग पूरी नहीं कर रही है। चार माह से मानदेय नहीं मिला है जिस कारण हमारा घर कैसे चल रहा है इसकी चिंता सरकार को करनी चाहिए। हमने आज स्पीड पोस्ट इसलिए किया है कि आगे लोकसभा चुनाव है जिसको देखते हुए हम प्रधानमंत्री से गुहार लगा रहे हैं कि वह हम अतिथियों को नियमित करें।

# नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार गांरटी के साथ काम कर रही -प्रदीप जायसवाल

## गांव चले अभियान में वारा ग्राम में किया कार्य





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत वारा ग्राम पंचायत के अंतर्गत बूथ क्रमांक ४४ व ४५ में गांव चलो अभियान के अंतर्गत साफ सफ ई अभियान की शुरुवात की। इस अवसर पर ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व को समझाकर इसे अपनी जीवन शैली में शामिल करने की अपील भी की गई। इस अवसर पर मेद्यावी छात्रों का सम्मान,सम्भाग स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले खिलाड़ियों का सम्मान, वरिष्ठ ग्रामीणों व प्रभावशाली ग्रामीणों का संम्मान करने का कार्य किया। इसके पश्चात ग्राम के वार्ड नं.६ में राजकुमार पारधी के घर पर प. दिनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि सभी ग्रामीणों के साथ मनाकर उनके संदेश का प्रचार प्रसार किया गया। ग्राम भ्रमण के दौरान ग्राम में हायर सेकेंडरी स्कूल में अधिक अंक प्राप्त करने वाली बालिका प्रिया पारधी व पल्लवी पारधी का सम्मान किया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल,भरत लाल ठाकरे ,रूपलाल चौधरी , चिंतामन पारधी,भरतलाल बिसेन ,श्रीराम गौतम, सुनील बंटी पारधी, सूर्यभान पुसाम सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर बूथ प्रभारी सहित टीम के सदस्यों के साथ केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर अधिक से अधिक लोगो से लाभ लेने की अपील की गयी। अनेको मंदिरों में दर्शन के बाद प्रमुख लोगो के घरों में चर्चानुमी बैठक में ग्रामीणों की तालाब के पट्टे, घरों में पाइप लाइन पहुंचने सहित अन्य समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया गया। साथ ही ग्राम के प्रतिभाशाली खिलाड़ी समीर नेवारे जिन्होने डिविजनल खेलकर ग्राम का नाम क्रिकेट में रोशन किया है, का सम्मान भी किया। इस दौरान पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा कि आज भारत में सपनो को हकीकत में बुना जा रहा है। गरीब, युवा, महिलायें और किसान जैसी चार जातियों के उत्थान के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेत्रत्व वाली केन्द्र सरकार गांरटी के साथ काम कर रही है। अमृतकाल के इस समय में आज पुरी दुनिया भारत को अवसरो की भूमी के रूप में देख रही है।

# तुमाड़ी ग्राम पंचायत में पानी की मोटर चोरी होने का नही थम रहा सिलसिला

## ग्रामीणजन परेशान



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)।ग्राम पंचायत तुमाड़ी में लगातार पानी की मोटर चोरी होने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। बीते २ दिवस पूर्व कुछ मोटर फिर एक बार चोरी हुई है। जिसकी शिकायत बकायदा ग्रामीण जनों द्वारा वारासिवनी थाना में दर्ज कराई गई है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस तरह अज्ञात चोरों ने हमारे ग्राम को निशाना बनाया है उससे यह बात तो साफ जाहिर है कि यह ग्राम के ही लोग है। जो हम ग्रामीणों पर निगरानी रखते है। लगातार पानी की मोटर चोरी होने की वजह से हम ग्रामीण गण काफी परेशान है। हम लोग गरीब है जो किसी तरह से अपने खेत में लगी मोटर से अपनी फसल को सिंचित करते है। मगर उस पर भी अज्ञात चोर सेंधमारी कर रहे है।

### इसके पूर्व भी चोरी हुई है पानी की मोटर

गौरतलब है कि इसके पूर्व भी इसी ग्राम पंचायत तुमाड़ी से १ पखवाड़े पूर्व गरीब ग्रामीण किसानों की ४ से ५ पानी की मोटर चोरी हुई थी। जिसकी शिकायत भी पुलिस थाना में दर्ज है।

### लगातार हो रही मोटर व केबल की चोरी-सूरजलाल बिसेन

इस संबंध में ग्रामीण सूरजलाल बिसेन ने पद्मेश को बताया कि लगातार हमारे ग्राम के खेत में लगी पानी की मोटर चोरी हो रही है। बीते २-३ दिन पूर्व भी हमारे किसानों के खेत से मोटर चोरी हुई है। जिसकी शिकायत भी हमारे किसान भाईयों द्वारा पुलिस में दर्ज कराई गई है।

### २ बोरी सोड़ा भी चुरा ले गये चोर

श्री बिसेन ने बताया कि हमने खेत में एक कमरा बनाया है जहां सोड़े की बोरी रखी थी। उसमें से २ बोरी सोड़ा चोरी हो गया है। यह ग्राम के ही कुछ कतिपय तत्वों द्वारा किया गया है। पुलिस इन लोगों को पकड़ती जरूर है मगर क्या कार्यवाही करती है यह बात हम सब ग्रामीण किसानों को नही पता है।

### अज्ञात चोरों पर हो सख्त कार्यवाही-साहेबलाल हनवत

इसी तरह ग्रामीण साहेबलाल हनवत ने पद्मेश को बताया कि हर आदमी खेत में कमरा बनाकर या पिंजरे के अंदर मोटर रखकर अपने खेत को सिंचित नही कर सकता। हम यही चाहते है कि जो लोग मोटर के साथ केबल भी चोरी कर रहे है उन पर सख्त कार्यवाही होना चाहिये। पुलिस प्रशासन को इस ओर गंभीरता से जॉच करनी चाहिये। हम किसान लोग कैसे मोटर खरीदकर अपनी फसल तक पानी पहुॅचा रहे है यह हम ही जानते है।

### मेरे घर से पानी की मोटर में लगाये जाने वाला पाईप हुआ चोरी - धनलाल चौधरी

ग्रामीण धनलाल चौधरी ने पद्मेश को बताया कि उनकी मोटर चोरी नही हुई है। मगर उनके पड़ोसी की मोटर जरूर चोरी है। साथ ही केबल भी चोर लेकर गये है। मेरे घर से १ पाईप की चोरी हुई है। मैने यह पाईप पानी की मोटर में लगाने लेकर आया था। हमारे द्वारा इस मामले की रिपोर्ट दर्ज नही कराई गई है। मगर हम यही चाहते है कि यह अज्ञात चोरों पर पुलिस कड़ी कार्यवाही करे।


### इनका कहना है

इस संबंध में पद्मेश को दूरभाष पर जानकारी देते हुये थाना प्रभारी वारासिवनी एसएस चौहान ने बताया कि हम लोग इस मामले की जॉच कर रहे है। शीघ्र ही हम मोटर चोरी के पीछे जो गिरोह सक्रिय है उसका खुलासा करेंगे।

**एसएस चौहान**
**थाना प्रभारी वारासिवनी**

# आल इण्डिया देवधर ट्राफी २०२४ का फायनल मैंच आज

## विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया जायेगा पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल का जन्मदिन




वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र के सबसे लोकप्रिय नेता पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल का जन्मदिन कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के साथ मनाया जायेगा। इसी कडी में पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के जन्मदिन का अनेक जगह केक काटकर मनाया जा रहा है साथ ही आल इण्डिया देवधर ट्राफी का समापन भी किया जायेगा। लम्बे समय से क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल क्षेत्रवासियों के बीच अपनी अलग ही पहचान रखते है। समय समय पर राजनीतिक दल एवं निर्दलीय चुनाव जीत कर प्रदीप जायसवाल ने यह साबित कर दिया है कि क्षेत्र की जनता उन्हे कितना चाहती है। क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रदीप जायसवाल ने विकास के जो आयाम कायम किये है उससे आगे निकलने तो दूर कोई उस विकास कार्यों की बराबरी करने की सोच भी नही सकता है। २ फरवरी से प्रारंभ आल इण्डिया देवधर ट्राफी २०२४ का फायनल मैंच एवं समापन आज किया जायेगा। इस दौरान डॉ. ढालसिंग बिसेन सांसद बालाघाट, गौरीशंकर बिसेन पूर्व मंत्री, रामकिशोर नानों कावरे भाजपा जिलाध्यक्ष, रमेश भटेरे पूर्व विधायक लांजी ,पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ,डॉ. गिरिश मिश्रा कलेक्टर बालाघाट, समीर सौरभ पुलिस अधिक्षक बालाघाट, डी एस रणदा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट की मौजूदगी में मैंच सम्पन्न किया जायेगा। इस ११ दिवसीय देवधर टूर्नामेंट का फायनल मैंच एम एच जबलपुर एवं करीम स्पोर्ट नागपुर के बीच में खेला जायेगा। वहीं पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया है। जिसमें गोंदिया और नागपुर के विशेषज्ञ उपलब्ध रहेंगे। जिसमें डॉ. निशांत बी. करवाडें जनरल एवं न्यूरो सर्जरी गोल्ड मेडलिस्ट, डॉ. ओम बघेले हडडी रोग विशेषज्ञ, डॉ. स्वीटी कटरे बघेले एमबीबीएस एमडी मेडीसिन, डॉ. अनुराग बाहेकर हृदय रोग विशेषज्ञ गोंदिया, डॉ. गार्गी बाहेकर स्त्री रोग विशेषज्ञ गोंदिया, डॉ. अक्षय चौहान स्किन हेयर ट्रीटमेंट विशेषज्ञ की मौजूदगी में ईलाज किया जायेगा। इसके अलावा नि:शुल्क नेत्र परिक्षण एवं मोतियाबिंद आपरेशन शिविर का भी आयोजन किया गया है। जिसमें नेत्र रोग विशेषज्ञों के द्वारा नेत्र परिक्षण कर आवश्यकता होने पर मोतियाबिंद आपरेशन हेतु जबलपुर भेजा जायेगा। जिसमें मरीजों को लाने ले जाने एवं रहने भोजन की व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी। साथ ही रक्तदान महादान शिविर का आयोजन किया गया है।

# खैरलांजी में राहुल गांधी विचार मंच की आवश्यक बैठक आयोजित



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। खैरलांजी के दमाहे मैरिज लॉन में रविवार को राहुल गांधी विचार मंच की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक वरिष्ठ पदाधिकारी सदस्यों की उपस्थिति में प्रारंभ की गई। जिसमें विभिन्न विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर खैरलांजी राहुल गांधी विचार मंच का विस्तार किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गोकुल गौतम ,भोजेश्वर पटले ,फेकन डोहरे ,कांग्रेस नेता रामकुमार नगपुरे ,ज्ञानी भाऊ लिल्हारे ,राहुल गांधी विचार मंच के जिला अध्यक्ष जावेद अली ,विनीत बनोटे ,बेरोजगारी प्रकोस्ट के जिला अध्यक्ष गोविल चौरे ,सेवा दल के जिला उपाध्यक्ष भुवन लोहार ,योगेश सुलाके ,सोनिया नगपुरे ,अजब सिंह कृपगये ,देवी लिल्हारे ,सुरेश दमाहे सहित अन्य कांग्रेसी गण मौजूद रहे।



खैरलांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

भोरगढ़ में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

कटंगी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

# विवेक बाकी है

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने मानक (बेंचमार्क) ब्याज दरों को अपरिवर्तित रखने और 'समायोजन को वापस लेने' के अपने रुख पर कायम रहते हुए 'मुद्रास्फीति को उत्तरोत्तर लक्ष्य के अनुरूप सुनिश्चित रखने' के अपने मकसद पर अटल रहने का विवेकपूर्ण विकल्प चुना है। निर्णायक 5-1 के बहुमत के साथ, समिति मौद्रिक नीति को स्पष्ट रूप से अवस्फीतिकारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि मुद्रास्फीति संबंधी अपेक्षाओं को नियंत्रित रखा जा सके। खासकर ऐसे समय में, जब 'बड़े और दोहराव वाले महंगाई के झटके अवस्फीति की रफ्तार को बाधित कर रहे हैं'। लगातार छठी बैठक के लिए रेपो दर को 6.5 फीसदी पर अपरिवर्तित रखने के औचित्य के सवाल पर, गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि घरेलू आर्थिक रफ्तार जहां मजबूत बनी हुई है, वहीं खाद्य पदार्थों की कीमतों में छाई अनिश्चितताएं हेडलाइन मुद्रास्फीति की राह में रोड़ा बन रही हैं। उन्होंने साफ किया कि विचार-विमर्श के केन्द्र में यह वास्तविक जोखिम था कि खाद्य कीमतों का दबाव ज्यादा सर्वव्यापी न हो जाए और व्यापक हेडलाइन मुद्रास्फीति को प्रभावित न करने लगे। एमपीसी के बहुमत को मुद्रास्फीति के खिलाफ लड़ाई को प्राथमिकता देने पर एकजुट होने को खुदरा मुद्रास्फीति के हालिया रुझानों की पृष्ठभूमि में देखा जाना चाहिए। हेडलाइन खुदरा मुद्रास्फीति, जो जुलाई के 7.4 फीसदी के 15 महीने के उच्चतम स्तर से कम होकर अक्टूबर में 4.87 फीसदी हो गई थी, वह दिसंबर में फिर से उछलकर चार महीने के उच्चतम स्तर 5.69 फीसदी पर पहुंच गई और उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक के हिसाब से खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़कर 9.53 फीसदी पर जा पहुंची, जोकि अक्टूबर महीने के 6.61 फीसदी से 292 आधार अंक ज्यादा है।

खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर छाई अनिश्चितता ने नीति निर्माताओं को परेशान करना शुरू कर दिया है। यह हाल ही में आरबीआई के बुलेटिन लेख में परिलक्षित होता है। इस लेख में स्पष्ट रूप से इस सवाल का जवाब खोजने की कोशिश की गई है, 'क्या खाद्य कीमतें ही भारत की मुद्रास्फीति का 'असली' मूल हैं?' यह कहते हुए कि इस दावे के समर्थन में पर्याप्त अनुभवजन्य साक्ष्य हैं कि 'ऐसे मोड़ आते हैं जब खाद्य मुद्रास्फीति मूल मुद्रास्फीति जैसी लगती है', अधिकारियों ने चेताया है कि उपभोग की टोकरी में भोजन की पर्याप्त हिस्सेदारी के मद्देनजर, बड़े और बार-बार के खाद्य मूल्य के झटकों के बाहर की ओर पसरने और मुद्रास्फीति से जुडी अपेक्षाओं को कमजोर करके मूल्य स्थिरता के लक्ष्य से भटका देने का अंदेशा है। एमपीसी ने जनवरी-मार्च की तिमाही में औसत खुदरा मुद्रास्फीति के अपने अनुमान को घटाकर 5.0 फीसदी कर दिया है, जोकि दिसंबर के पूर्वानुमान से 20 आधार अंक कम है। समिति का यह कदम दर्शाता है कि नीति निर्माताओं ने रबी की बुआई में सुधार के साथ-साथ सब्जी की कीमतों में मौसमी सुधार से थोड़ी राहत की सांस ली है। फिर भी, उपभोक्ता कार्य विभाग का दैनिक मूल्य निगरानी डैशबोर्ड यह दर्शाता है कि दो-तिहाई से अधिक प्रमुख खाद्य पदार्थों की औसत खुदरा कीमतें 8 फरवरी को साल-दर-साल आधार पर ज्यादा रहीं। नीति निर्माताओं को महंगाई को स्थायी रूप से धीमा करते हुए 4 फीसदी के लक्ष्य पर लाने के अपने संकल्प पर दृढ़ रहने या फिर उपभोग में कमी आने और इस प्रकार विकास की रफ्तार धीमी होने का जोखिम झेलने के लिए तैयार रहने की जरुरत है।

# गरिमा खोता देश का सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न'

देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' का वितरण जितना इस बार विवादों में है उतना पहले कभी नहीं रहा। निश्चित रूप से पूर्व की सरकारों ने भी कई ऐसी हस्तियों को इस सर्वोच्च अलंकरण से नवाज़ा जिनकी विचारधारा पूर्व की सरकारों से मेल खाती थी। परन्तु लोकसभा के आम चुनावों से ठीक पहले देश का इस सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'भारत रत्न' का वितरण कम से कम 'रेवड़ियों' की तरह तो कभी नहीं किया गया। 'भारत रत्न' दिये जाने से सम्बंधित निर्देशावली में भारत सरकार द्वारा स्वयं यह नियम बनाया गया है कि एक वर्ष में अधिकतम केवल तीन हस्तियों को ही यह सम्मान दिया जा सकता है। 1954 में जवाहर लाल नेहरू के शासनकाल के दौरान जब तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के कार्यकाल में भारत रत्न देने की शुरुआत की गयी थी उस समय भी प्रथम गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी, तत्कालीन राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन व महान वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकट रमन जैसी तीन विशिष्ट हस्तियों को भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। परन्तु एक ही वर्ष में नियम के विरुद्ध जाकर पांच पांच %भारत रत्न% घोषित किये जाने का कोई इतिहास नहीं मिलता। बेशक यह सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न किसे दिया जाना चाहिए इसकी कोई ख़ास योग्यता, परिभाषा या पैमाना निर्धारित नहीं है। परन्तु माना यही जाता है कि अलग अलग क्षेत्रों में देश के लिए सेवा करने में अपना अतुलनीय योगदान देने वाले अति विशिष्ट लोगों को भारत रत्न से सम्मानित किया जाता है। अति विशेष परिस्थितियों में यह पुरस्कार विदेशी नागरिकों को भी दिया जा सकता है। 1977 में जब जनता पार्टी की सरकार केंद्र में बनी थी उस समय तो सरकार ने इस सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न को स्थगित ही कर दिया था। परन्तु जैसे ही कांग्रेस ढाई वर्षों बाद ही पुन: सत्ता में आई उसने 1980 में पुन: यह सम्मान देना शुरू कर दिया।

कांग्रेस के शासनकाल में जिन प्रमुख हस्तियों को भारत रत्न से नवाज़ा जा चुका है उनमें पंडित जवाहर लाल नेहरू, डॉ राजेंद्र प्रसाद, इंदिरा गाँधी, पी डी टंडन, लाल बहादुर शास्त्री, राजीव गाँधी, मदर टेरेसा, ख़ान ख़ान अब्दुल ग़फ़्फ़ार ख़ान, सरदार वल्लभ भाई पटेल, नेल्सन मंडेला, जे आर डी टाटा, ए पी जे




अब्दुल कलाम से लेकर सत्यजीत रे, लता मंगेषकर, पंडित रवि शंकर, भीम सेन जोशी, शहनाई वादक बिस्मिल्लाह ख़ान व सचिन तेंदुलकर जैसे विभिन्न क्षेत्रों के अति विशिष्ट लोगों के नाम उल्लेखनीय हैं। परन्तु केवल इसी वर्ष यानी 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जिस प्रकार 15 दिन के भीतर 5 लोगों के नामों की घोषणा भारत रत्न दिये जाने हेतु की गयी और उसके जो राजनैतिक 'साइड इफ़ेक्ट' दिखाई दे रहे हैं या फिर जिन राजनैतिक समीकरणों को साधने की ग़रज़ से एक के बाद एक कर पांच भारत रत्न नामित किये गए हैं उसे लेकर इस अतिविशिष्ट सम्मान की महत्ता पर ही प्रश्न चिन्ह लग गया है। पिछले 15 दिनों के अंतराल में जिन 5 हस्तियों को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भारत रत्न हेतु नामित कर एक ही वर्ष में पांच लोगों को भारत रत्न दिए जाने का कीर्तिमान स्थापित करते हुये भारत रत्न प्रदान करने के नियमों की धज्जियाँ उड़ाई गयीं वे हैं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर, भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी के अतिरिक्त पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह व नरसिम्हा राव तथा हरित क्रांति का जनक समझे जसने वाले कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन।


परन्तु इस बार उपरोक्त 5 भारत रत्न नामितों की घोषणा के बाद राजनैतिक विश्लेषकों का एक बड़ा वर्ग इन नामों, घोषणा के समय व संभावित प्रभावों को लेकर यह साफ़ तौर पर कहने लगा है कि इसबार रेवड़ियों की तरह किया जाने वाला 'भारत रत्न' अलंकार का वितरण पूरी तरह से राजनैतिक व चुनावी लाभ हासिल करने के मद्देनज़र लिया जाने वाला फ़ैसला है। इनमें जिन चार हस्तियों को भारत रत्न से नवाज़ा गया है निश्चित रूप से देश उनके योगदान का ऋणी है जबकि लाल कृष्ण आडवाणी का महत्वपूर्ण योगदान उस भाजपा को खड़ा में सबसे महत्वपूर्ण है जिसपर आज आडवाणी कृपा से ही नरेंद्र मोदी का नियंत्रण है। परन्तु इन नामों की घोषणा के बाद तत्काल जो राजनैतिक साईड इफ़ेक्ट नज़र आये वे यही हैं कि कर्पूरी ठाकुर के नाम की घोषणा होते ही पाला बदलने की आस में बैठे नितीश कुमार ङ्क. ह्न. ष्ठ. ङ्क.. गठबंधन छोड़ पुन: एन डी ए में जा मिले। इसी तरह चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने पर आर एल डी नेता व चौधरी चरण सिंह के पौत्र जयन्त चौधरी भी एन डी ए में इन शब्दों के साथ जाते हुये दिखाई दिये कि -'किस मुंह से इंकार करूँ' ? इसी तरह मोदी सरकार ने इस बार कांग्रेस नेता नरसिम्हा राव व इससे पूर्व 2019 में प्रणब मुखर्जी के नाम की घोषणा कर यह संदेश दिया था कि नेहरू गांधी परिवार से नाम मात्र मतभेद रखने वाले नेताओं को भी सम्मान दिया जा सकता है। सीधे शब्दों में इनको दिया जाने वाला सम्मान इन नेताओं के सम्मान में कम गांधी परिवार के विरोध का प्रतीक अधिक है। रहा सवाल एमएस स्वामीनाथन का तो देश जानता है कि स्वामीनाथन आयोग की सिफ़ारिशों के आधार पर ही आज न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिये देश के किसान लंबे समय से संघर्षरत हैं। परन्तु स्वामीनाथन आयोग की इन सिफ़ारिशों को मानने के बजाय स्वामीनाथन को भारत रत्न दिये जाने की घोषणा कर देना, इसे आख़िर किस नज़रिये से देखा जाना चाहिये ?

भारत रत्न के लिये इन नामों की घोषणा के बाद एक सवाल यह भी उठने लगा है कि जिस भाजपा के लोग 22 जनवरी के अयोध्या आयोजन को मोदी व भाजपा का मास्टर स्ट्रोक बता रहे थे और उसी भरोसे पर मीडिया की जुगलबंदी से 'अब की बार चार सौ पार' का माहौल बनाने में जुट गये थे, वही भाजपा क्या अब 'राम कृपा' पर विश्वास नहीं कर पा रही जो उसे भारत रत्न जैसे सर्वोच्च सम्मान को भी रेवड़ियों की तरह बांटकर विपक्षी नेताओं को अपने ख़ेमे में जोड़ने के हथकण्डे इस्तेमाल करने पड़ रहे हैं ? क्या भारत रत्न भी अब राजनैतिक लाभ उठाने का 'अलंकरण' बन कर रह जायेगा ? और यदि ऐसा हुआ तो निश्चित रूप से देश का यह 'भारत रत्न' रुपी सर्वोच्च सम्मान अपनी गरिमा पूरी तरह खो बैठेगा।

**- तनवीर जाफ़री**

# अंधविश्वास के विरुद्ध आवाज ऊठाई थी महर्षि दयानंद ने!

बासन्ती बयार में 12 फरवरी सन 1824 को जन्मे महर्षि दयानंद सरस्वती एक ऐसे समाज सुधारक हुए, जिन्होंने सन 1875 में आर्य समाज की स्थापना करके समाज को जागृत करने का कार्य किया। ताकि उस समय में व्याप्त सामाजिक विषमताओं का मुकाबला किया जा सके। आर्य समाज ने सामाजिक सुधारों और शिक्षा पर जोर देकर देश की सांस्कृतिक और सामाजिक जागृति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।स्वामी दयानंद सरस्वती ने बाल विवाह, सती प्रथा जैसी कुरीतियों को दूर करने में अपना खास योगदान दिया है। उन्होंने वेदों को सर्वोच्च माना और वेदों का प्रमाण देते हुए हिंदू समाज में फैली कुरीतियों का विरोध किया।दयानंद सरस्वती एक भारतीय दार्शनिक, सामाजिक नेता और वैदिक धर्म के सुधार आंदोलनकारी थे। उन्होंने सबसे पहले सन1876 में भारत भारतीयों के लिए स्वराज का आह्वान किया था, जिसे बाद में लोकमान्य तिलक ने इसे अपनाया। दयानंद सरस्वती का वास्तविक नाम मूलशंकर था और उनका प्रारंभिक जीवन बहुत जिज्ञासा के साथ बीता।जीवन मे पांडित्य प्राप्त करने के लिए वे संस्कृत, वेद, शास्त्रों व अन्य धार्मिक पुस्तकों के अध्ययन में लग गए।बचपन में शिवरात्रि के दिन स्वामी दयानंद का पूरा परिवार रात्रि जागरण के लिए एक मंदिर में रुका हुआ था। सारे परिवार के सो जाने के पश्चात भी वे जागते रहे कि भगवान शिव आयेंगे और प्रसाद ग्रहण करेंगे। उन्होंने देखा कि शिवजी के लिए रखे भोग को चूहे खा रहे हैं। यह देख कर वे बहुत आश्चर्यचकित हुए और सोचने लगे कि जो ईश्वर स्वयं को चढ़ाये गये प्रसाद की रक्षा नहीं कर सकता वह मानवता की रक्षा क्या करेगा? इस बात पर उन्होंने अपने पिता से बहस की और तर्क दिया कि हमें ऐसे असहाय ईश्वर की उपासना नहीं करनी चाहिए।उन्होंने सिर्फ हिंदू ही नहीं बल्कि ईसाई और इस्लाम धर्म में फैली बुराइयों का कड़ा खण्डन किया।उन्होंने अपने महाग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश में सभी मतों में व्याप्त बुराइयों का खण्डन किया है। उन्होंने वेदों का प्रचार करने और उनकी महत्ता लोगों को समझाने के लिए देश भर में भ्रमण किया।स्वामी दयानंद सरस्वती ने स्वराज का नारा देंकर कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक एक भाषा



हिंदी को अपनाने की बात कही थी। स्वामी दयानंद सरस्वती ने वेदों के प्रकांड विद्वान स्वामी विरजानंद जी से शिक्षा ग्रहण की थी। उन्होंने वेदों को सर्वोच्च माना और वेदों का प्रमाण देते हुए हिंदू समाज में फैली कुरीतियों का विरोध किया। स्वामी दयानंद सरस्वती निर्भय होकर समाज में व्यापत बुराईयों से लड़ते रहे और संन्यासी योद्धा कहलाए। दयानंद सरस्वती ने सन 1875 में मुंबई में आर्य समाज की स्थापना की थी। आर्य समाज के द्वारा ही उन्होंने बाल विवाह, सती प्रथा जैसी कुरीतियों को दूर करने और शिक्षा को बढ़ावा देने का काम किया।उनके पिता का नाम करशनजी लालजी तिवारी और माता का नाम यशोदाबाई था।उनके पिता एक कर-कलेक्टर होने के साथ ब्राह्मण परिवार के एक अमीर, समृद्ध और प्रभावशाली व्यक्ति थे। उन्होंने अपने महाग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश में सभी मतों में व्याप्त बुराइयों का खण्डन किया है। उन्होंने वेदों का प्रचार करने और उनकी महत्ता लोगों को समझाने के लिए देश भर में भ्रमण किया।उनके द्वारा स्थापित आर्य समाज का आदर्श वाक्य है- कृण्वन्तो विश्वमार्यम्, जिसका अर्थ है - विश्व को आर्य बनाते चलो। आर्य समाज की स्थापना का मुख्य उद्देश्य शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति है।आर्य समाज ने कई स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पैदा किए थे। आजादी से पहले आर्य समाज को क्रांतिकारियों को अड्डा कहा जाता था। स्वामी जी अपने उपदेशों के जरिए युवाओं में देश प्रेम और देश की स्वतंत्रता के लिए मर मिटने की भावना पैदा करते थे। महर्षि दयानंद ने तत्कालीन समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों तथा अन्धविश्वासों और रूढियों-बुराइयों को दूर करने के लिए, निर्भय होकर उन पर आक्रमण किया। जिसके चलते वह संन्यासी योद्धा कहलाए. उन्होंने जन्मना जाति का विरोध किया और कर्म के आधार पर वर्ण-निर्धारण की बात कही। दयानंद दलितोद्धार के पक्षधर थे। उन्होंने स्त्रियों की शिक्षा के लिए प्रबल आंदोलन चलाया था।21 साल की युवावस्था में दयानंद जी गृहस्ती का त्याग कर आत्मिक और धार्मिक सत्य की तलाश में निकल पड़े।सन 1845 से सन1869 तक उनका ये सफर जारी रहा। अपने इस 25 वर्ष की वैराग्य यात्रा में उन्होंने कई सारी दैविक क्रियाकलापों के बीच योगा का भी अभ्यास किया।आर्य समाज मूर्ति पूजा, पशुओं की बली देने, मंदिरों में चढ़ावा देने, जाति विवाह, मांस का सेवन, महिलाओं के प्रति असमानता की भावना जैसी मानसिकताओं के खिलाफ उन्होंने लोगों को जागरुक किया। महर्षि दयानंद सरस्वती को वेद और संस्कृति में महारथ हासिल थी। उन्होंने हमेशा ब्रह्मचार्य का पालन किया और इसे ईश्वर से मिलाप का सबसे प्रमाणित तरीका बताया। इसके अलावा उन्होंने महिलाओं से भेदभाव के प्रति समाज में फैली बुरी मानसिकता को भी मिटाने की कोशिश की।

महर्षि दयानंद सरस्वती के अनेक विचार किताबों के रूप में प्रकाशित हैं। उनके करीब 60 से ज्यादा संकलन मौजूद हैं। उनकी पुस्तक सत्यार्थ प्रकाश मार्गदर्शक सिद्ध हुई। 30 अक्टूबर सन 1883 को राजस्थान में मंत्र जाप करते हुए उन्होंने अपने प्राण त्याग दिए।एक बार लॉर्ड नार्थब्रुक ने स्वामी जी से कहा था, अपने व्याख्यान के प्रारम्भ में आप जो ईश्वर की प्रार्थना करते हैं, क्या उसमें आप अंग्रेजी सरकार के कल्याण की भी प्रार्थना कर सकेंगे, गर्वनर जनरल की बात सुनकर स्वामी जी सहज ही सब कुछ समझ गए। उन्हें अंग्रेजी सरकार की बुद्धि पर तरस भी आया, जो उन्हें ठीक तरह नहीं समझ सकी. उन्होंने निर्भीकता और दृढ़ता से गवर्नर जनरल को उत्तर दिया,

मैं ऐसी किसी भी बात को स्वीकार नहीं कर सकता। मेरी यह स्पष्ट मान्यता है कि मैं अपने देशवासियों की निर्बाध प्रगति और हिन्दुस्तान को सम्माननीय स्थान प्रदान कराने के लिए परमात्मा के समक्ष प्रतिदिन यही प्रार्थना करता हूँ कि मेरे देशवासी विदेशी सत्ता के चुंगल से शीघ्र मुक्त हों।स्वामी जी की देहांत सन् 1883 को दीपावली के दिन संध्या के समय हुआ था। स्वामी दयानंद अपने पीछे एक सिद्धान्त छोड़ गए, कृण्वन्तो विश्वमार्यम् अर्थात सारे संसार को श्रेष्ठ मानव बनाओ.उनके अन्तिम शब्द थे - प्रभु! तूने अच्छी लीला की. आपकी इच्छा पूर्ण हो।महर्षि दयानंद के विचारों को बढ़ाने के लिए आज भी काम हो रहा है।फ़िल्म निर्देशक डॉ सुभाष अग्रवाल महर्षि दयानंद पर कई फिल्में बना चुके है,उन्होंने महर्षि दयानन्द का हिंदी पत्रकारिता में योगदान विषय पर शोध प्रबंध भी किया है।महर्षि दयानंद ने हरिद्वार में अंधविश्वास व कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाई थी,रुड़की में उन्हीं के द्वारा आर्य समाज भवन की स्थापना हुई।महर्षि दयानंद की गिनती दुनिया के महान सन्तो में होती है।उनके जन्म के 200 वर्ष पूरे होने पर केंद्र सरकार ने उनकी द्वि शताब्दी वर्ष भर मनाने का निर्णय लिया है।महर्षि दयानंद से प्रभावित होकर ही मेरे गांव नारसन कलां में महलनुमा आर्य समाज मंदिर स्थापित है,जहां नियमित यज्ञ व आर्य समाज का प्रचार किया जाता है।ऐसे महान संत एवं महर्षि को शत शत नमन।

**- -डॉ श्रीगोपाल नारसन**
**(लेखक आध्यात्मिक चिंतन व वरिष्ठ पत्रकार है)**

# पड़ौस का जनादेश और हमारा जनादेश....

भारत के सहोदर बांग्लादेश के बाद पाकिस्तान में भी आम चुनाव हो गए है । इन दोनों देशों में भी लोकतंत्र है इसलिए जनादेश हासिल करने का नाटक किया जाता है ,लेकिन यहां भी लोकतंत्र के नाम पर जैसा खेला होता है। ये खेला भारत में होने वाले खेला से तनिक भिन्न है । हमारे यहां ये खेला होना अभी बाक़ी है। भारत में लोकतंत्र के नाम पर जनादेश जब आएगा ,तब आएगा किन्तु हमारे भावी प्रधानमंत्री ने तो जनादेश से पहले आपने आपको खुद चुन लिया है। पाकिस्तान में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई तमाम धांधली के बावजूद बहुमत में आ गयी है ,लेकिन पाकिस्तान की सेना समर्थित व्यवस्था इमरान खान की पार्टी को सरकार बनाने का मौक़ा देगा या नहीं कहना कठिन है । पाकिस्तान का लोकतंत्र जनादेश का सिर झुककर सम्मान नहीं करता,बल्कि जनादेश को अपने हिसाब से परिभाषित करता है। पाकिस्तान से पहले बांग्लादेश में भी आम चुनाव हुए हैं । वहां भी विपक्ष ने चुनाव में भाग नहीं लिया लेकिन ,बांग्लादेश में एक छद्म जनादेश वाली सरकार बन गयी। भारत में भी कमोवेश इसी तरह की सरकार बनाने के प्रयास कहें या इंतजाम किये जा रहे हैं। पकिस्तान में शरीफ की सरकार बने या बदमाश की,इससे हमें बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ने वाला,क्योंकि पाकिस्तान हमारा स्थाई पड़ौसी होने के साथ ही स्थाई शत्रु भी है। हमें फर्क बांग्लादेश में बनी छद्म बहुमत की सरकार से भी ज्यादा नहीं पड़ा,क्योंकि वो भी भारत की मित्र सरकार नहीं है। हमें फर्क पडेगा अपनी नई सरकार से जो अप्रेल में शायद बन जाएगी। पाकिस्तान में और भारत में आजकल एक ही समानता है कि दोनों देशों में लोकतंत्र खतरे में है । पकिस्तान का लोकतंत्र खतरों से खेलने का आदी हो चुका है और भारत आ लोकतंत्र खतरनाक दौर से गुजर रहा है । लोकतंत्र अब प्रतिक्रियावादी शक्तियों की आँख के लिए किरकिरी बन चुका है। पकिस्तान की न्याय व्यवस्था ने वहां के प्रधानमंत्री रहे इमरान खान को जेल के सीखचों के पीछे भेज दिया,गनीमत ये है कि हमारे यहां अभी तक कोई पूर्व या वर्तमान प्रधानमंत्री अभी तक भ्र्ष्टाचार या अन्य किसी अपराध के लिए जेल नहीं गया। हमारे यहां अभी नेताओं को जेल भेजने का अभ्यास किया जा रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री लालू यादव जेल जा चुके है। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और झारखण्ड के मुख्यमंत्री रह चुके हेमंत सोरेन जेल में हैं। अरविंद केजरीवाल को जेल भेजने की तैयारी है। तैयारी तो राहुल गांधी और उनकी माँ को भी जेल भेजने की है किन्तु अदालत ने इन दोनों को जमानत दे रखी है। पाकिस्तान चुनाव में धांधली के आरोपों के बीच इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने बड़ा दावा किया है. पार्टी चीफ गोहर खान का कहना है कि उनकी पार्टी को बहुमत मिला है और इसलिए राष्ट्रपति उन्हें सरकार बनाने का न्यौता देंगे। दावे के मुताबिक, सभी निर्दलीय उम्मीदवार पार्टी के प्रति वफादार हैं और वे अपनी स्वतंत्र सरकार बनाएंगे। इमरान खान भले ही शत्रु देश के नेता हैं किन्तु एक खिलाड़ी के तौर पर वे मेरे हमेशा प्रिय रहे हैं ,इसलिए मै कामना करता हूँ कि उनकी पार्टी सत्ता में आये ताकि इमरान खान जेल से बाहर आ सकें। आपको याद होगा कि इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के चुनाव लड़ने पर रोक थी। इमरान खान खुद जेल में हैं और वह चुनाव नहीं लड़ सकते थे। घोटाले से संबंधित मामलों में दोषी पाए जाने के बाद इमरान ने अपनी पार्टी की अध्यक्षता छोड़ दी थी और गोहर खान को पार्टी की अध्यक्षता सौंपी गई। इमरान के समर्थक नेताओं ने स्वतंत्र चुनाव लड़ने का फैसला किया था। चुनाव आयोग द्वारा घोषित नतीजे के मुताबिक, पीटीआई समर्थित 102 उम्मीदवारों ने चुनाव में जीत हासिल की है। पाकिस्तान के चुनाव में सेना सीधा हस्तक्षेप करती है ,संयोग से अभी भारत में ऐसा नहीं है । यहां चुनाव में सेना के बजाय संघ का हस्तक्षेप होने लगा है । सेना से निवृत अध्यक्षों को संघदक्ष पार्टी अपने यहां मंत्री बना लेती है। इसका लाभ ये होता है कि सेना में संघमित्र सरकार के प्रति सद्भावना बनी रहती है। जरूरत पड़ने पर हमारी बहादुर सेना सरकार के लिए सर्जिकल स्ट्राइक तक करती है। लेकिन इसे चूंकि हम देशहित में मानते हैं इसलिए किसी को इस पर टिप्पणी करने को बुरा माना जाता है। अब बुरा तो बुरा होता है। खैर। भारत में लोकसभा का सत्रावसान हो चुका ह। बसंत का आगमन हो रहा है । लोकतंत्र भी बसंत के एक पुष्प की तरह है । भारत के लोकतंत्र का पुष्प अभी तक तो बहुरंगी और चटख था ,किन्तु अब कोशिश की जा रही है कि भारत में इस बसंत के अंत में लोकतंत्र का जो पुष्प खिले वो बहुरंगी न होकर भगवा रंग का हो। लोकतंत्र के पुष्प का रंग बदलने के लिए लोकतंत्र की जड़ों में सामान्य खाद-पानी के साथ भारतरत्न ब्रांड खाद भी डाली जा रही है। ये खाद प्रभावी भी हैं । इसके इस्तेमाल से कमल के साथ दूसरे तरह के अंकुर भी फूटते दिखाई दे रहे हैं।यानि हमारी निवर्तमान सरकार जिस तरह का प्रयोग करना चाहती है उसमें कामयाबी सम्भव है। अपने आधी सदी के पत्रकारिता के अनुभव के आधार पर मुझे ये कहने में कोई संकोच नहीं है कि भारत पहली बार एक नए वातावरण में आम चुनाव में जा रहा है। इस आम चुनाव में विपक्ष हो या न हो इसे कोई फर्क नहीं पड़ता । जनादेश मिले या न मिले इससे भी शायद कोई फर्क न पड़े क्योंकि हमारे कार्यवाहक प्रधानमंत्री ने तो अपने आपको अगला प्रधानमंत्री घोषित कर दिया है। इससे जाहिर है कि सत्तारूढ़ भाजपा में लोकतंत्र को पहले ही चादर उढ़ाकर सुला दिया गया है । आने वाले सांसदों को अपने दल का नेता चुनने का अवसर मिलने वाला ही नहीं है। उन्हें तो बस हाथ उठाना है । मेजें थपथपाना है। कालातीत हो रही संसद में भी सत्तारूढ़ दल के सांसदों ने पूरे पांच साल मजे थपथपाई हैं या फिर मोदी-मोदी अथवा जयश्रीराम के नारे लगाए हैं। एक तरह से ये जो भी हुया वो अच्छा ही हुआ । अब जनता के सामने ये विकल्प है कि वो नयी संसद में कैसे सांसद चुनकर भेजे ? मेजें थपथपाने वाले ,नारे लगाने वाले,गालियां देने वाले या फिर सचमुच जनता के मुद्दों को उठाने वाले ,उनको लेकर बहस करने वाले सांसद। जनता को सुविधा है कि वो अपनी पसंद की पार्टी के सांसदों को चुने ,वो तय कर सकती है कि उसे रत्न के टुकड़ों पर लट्टू होने वाले सांसद चाहिए या नहीं ? हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी 11 फरवरी से मध्यप्रदेश से अपनी पार्टी के चुनाव अभियान का श्रीगणेश करने जा रहे है। कांग्रेस के राहुल गांधी तो पहले से सड़कों पर हैं। देश में सरकार का इशारा मिलते ही केंद्रीय चुनाव आयोग भी अपना चुनावी कार्यक्रम घोषित कर देगा। भारत की जनता को चुनावों का लम्बा अनुभव है । देश में अब तक सत्रह बार आम चुनाव हो चुके हैं ,अठारहवीं बार आम चुनाव होने जा रहे हैं। लेकिन देश ने 18 के बजाय 19 प्रधानमंत्री देखे है। कुछ प्रधानमंत्री जनता ने नहीं संयोगों ने चुने। इनमें हाल ही में भारतरत्न प्राप्त चौधरी चरण सिंह, इंद्रकुमार गुजराल,चंद्रशेखर , एचडी देवगौड़ा जैसे खुशनसीब लोग भी शामिल है। कुछ ऐसे भी हैं जिन्होंने संसद का सामना ही नहीं किया,कुछ अपना कार्यकाल पूरा होने से पहले ही इस्तीफा देकर निकल गए ,लेकिन कुछ ऐसे भी हैं जिन्होंने बार-बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली।

**- राकेश अचल**

## इन्दौर बाजार की साप्ताहिक समीक्षा -

इन्दौर। माँग की सुस्तता से आलौच्य सप्ताह के दौरान दलहनों में मसूर घटाकर बोली गयी। चने में लेवाली से उछाल रहा। खाद्य तेलों में बाजार तेजी के देखे गये। तिलहनों में भाव बने रहे। किराना जिंसों में शक्कर टूटी। बादाम गिरी में सुधार रहा।

**किराना** = शनिवार को समाप्त हुए आलौच्य सप्ताह के दौरान स्थानीय सियागंज किराना बाजार में व्यापार सामान्य ही रहा। शक्कर में लेवाली दबी रहने से भावों में 10-20 रू. प्रति क्विंटल तक की गिरावट आयी। शक्कर बाजार इस दौरान घटकर 3800-3850 रू. प्रति क्विंटल पर आ गये। साबूदाना, कालीमिर्च व जीरे में बाजार सुर्खी पर बने रहे। सूखे मेवों में बादाम, काजू व तरबूज मगज में बाजार सुधार के देखे गये। बादाम मगज में 10-15 रू. प्रति किलो का सुधार दर्ज हुआ। बादाम मगज इस दौरान 540-560 से 550-575 रू. प्रति किलो पर आ गये। नारियलों में आवकें ठंडी रहने से बादाम 50-75 रू. प्रति थैले की नरमी देखी गयी। इस दौरान नारियलों में बाजार 50 रू. प्रति थैले से टूटकर 1450-1500 से टूटकर 1400-1450 रू. प्रति थैले पर आ गये। अन्य किराना जिंसों में बाजार बने रहे।

**तेल तिलहन** = समीक्षा सप्ताह के दौरान दौरान खाद्य तेलों में व्यापार की मात्रा कम ही रही। बीते सप्ताह के दौरान सींगदाना तेल इन्दौर लाइन पर 30-40 रू. प्रति 10 किलो से टूटकर 1460-1500 रू. प्रति 10 किलो पर आ गया। वहीं, सोया व कपास्या तेलों में 20-22 रू. प्रति 10 किलो की तेजी आयी और सोया तेल रिफाइंड मालों में 878-880 रू. प्रति 10 किलो से सुधरकर 895-900 रू. प्रति 10 किलो पर आ गये। तिलहनों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। सोयाबीन में बाजार 4400-4500 रू. प्रति क्विंटल पर देखे गये। सरसो व रायडा बना रहा।

**दाल दलहन** = समीक्षा सप्ताह के दौरान दलहनों में चना 150-200 रू. प्रति क्विंटल तक की तेजी आयी और चना बड़कर 6100-6150 रू. प्रति क्विंटल पर आ गये। वहीं, तुअर में बिकवाली से भावों में 200 रू. प्रति क्विंटल की नरमी रही। तुअर निमाड़ी बेस्ट मालों में 9000-9900 रू. प्रति क्विंटल पर आ गये। उड़द व मूंग में बाजार कमोवेश बने रहे। मसूर में लेवाली से बाजार 5950-6000 रू. प्रति क्विंटल पर आ गये। अन्य किराना जिंसों में बाजार बने रहे।

## दिल्ली सरकार ने एक मसौदा लॉजिस्टिक नीति पेश की

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने एक मसौदा लॉजिस्टिक नीति पेश की है, जिसका लक्ष्य माल ढुलाई गांवों और सूक्ष्म-आपूर्ति केंद्रों का एक नेटवर्क स्थापित करके शहर में भीड़भाड़ कम करना है। अधिकारियों ने कहा कि मसौदा नीति में लॉजिस्टिक बुनियादी ढांचे को दिल्ली की परिधि में स्थानांतरित करने की बात भी कही गई है। दिल्ली में हर दिन लगभग 1.93 लाख वाहन प्रवेश करते हैं और शहर से बाहर जाते हैं। इनमें से लगभग 79 प्रतिशत वाहन शहर के अंदर माल उतारने और तैयार उत्पादों को देश के विभिन्न हिस्सों में ले जाने का काम करते हैं। मसौदा दस्तावेज के अनुसार शहर में 2042 तक माल वाहन यातायात बढ़कर लगभग 5.13 लाख ट्रक होने का अनुमान है। अधिकारियों ने कहा कि नीति को अंतिम रूप देने और अधिसूचित करने से पहले ट्रांसपोर्टरों, लॉजिस्टिक एजेंसियों, व्यापारियों और उद्योग के हितधारकों की राय ली जाएगी। इसके लिए उद्योग विभाग ने सिटी लॉजिस्टिक पॉलिसी का मसौदा सार्वजनिक कर दिया है।

## पेटीएम ने एम दामोदरन की अगुवाई में बनाई ग्रुप एडवाइजरी कमेटी

नई दिल्ली। पेटीएम का संचालन करने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने अपनी सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर की गई कार्रवाई के बीच सेबी के पूर्व चेयरमैन एम दामोदरन की अध्यक्षता में एक ग्रुप एडवाइजरी कमिटी का गठन करने की घोषणा की। वन97 कम्युनिकेशंस ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि यह कमेटी रेगुलेटरी मामलों पर कंपनी को सलाह देगी।सेबी के पूर्व प्रमुख दामोदरन इस समिति के प्रमुख बनाए गए हैं। इसमें इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष एमएम चितले और आंध्रा बैंक के पूर्व चेयरमैम और मैनेजिंग डायरेक्टर आर रामचंद्रन भी शामिल हैं। कंपनी ने कहा कि ग्रुप एडवाइजरी कमेटी निदेशक मंडल के साथ मिलकर काम करेगी और जरूरत होने पर अतिरिक्त सदस्यों को शामिल करने का फैसला करेगी। इस समिति की स्थापना ऐसे समय में हुई है जब पेटीएम के फाउंडर और सीईओ विजय शेखर शर्मा के स्वामित्व वाला पेटीएम पेमेंट्स बैंक आरबीआई की जांच के दायरे में आ गया है। रिजर्व बैंक ने 31 जनवरी को एक निर्देश में पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 29 फरवरी के बाद ग्राहक अकाउंट्स, वॉलेट, फास्टैग और अन्य इंस्ट्रूमेंट में जमा या टॉप-अप स्वीकार करना बंद करने को कहा था।

## ईरान के सेब ने गिराए हिमाचली सेब के भाव

शिमला। अवैध रूप से भारत पहुंच रहे ईरान के सेब ने हिमाचली सेब के दाम गिरा दिए हैं। विदेशी सेब सस्ता होने के कारण हिमाचल को अच्छे दाम नहीं मिल पा रहे हैं। हालात यह है कि जुलाई-अगस्त में सीजन के दौरान जो सेब 2000 रुपये बॉक्स बिका था, वह सेब कोल्ड स्टोर से निकालने के बाद अब 1500 रुपये पेटी बिक रहा है। दाम गिरने से बागवानों को प्रति पेटी करीब 800 रुपये का नुकसान हो रहा है। बता दें कि सेब को स्टोर रखने का करीब 300 रुपये प्रति बॉक्स खर्च देना पड़ता है। हर साल हिमाचल का करीब एक करोड़ पेटी सेब स्टोर होता है। ईरानी सेब अफगानिस्तान के रास्ते अवैध रूप से भारत पहुंच रहा है। साफ्ता (साउथ एशियन फ्री ट्रेड एरिया) के चलते बिना शुल्क चुकाए ईरानी सेब भारत पहुंच रहा है। खर्चा कम होने के कारण यह सस्ता है। जानकारी के मुताबिक ईरानी सेब का एक बॉक्स 1,000 से 1,200 रुपये में बिक रहा है। सस्ता होने के कारण हिमाचली सेब को उचित दाम नहीं मिल रहे। दिल्ली की आजादपुर मंडी में रोज ईरानी सेब के 15 से 20 एसी कंटेनर पहुंच रहे हैं। दक्षिण भारत की मंडियों में भी ईरानी सेब की आमद बहुत अधिक है। खरीदारों को ईरानी सेब सस्ता मिल रहा है। हालांकि, मंडियों में निजी कंपनियों के प्रीमियम सेब को अच्छे दाम मिल रहे हैं। अदाणी, बीजा, देवभूमि सहित अन्य कंपनियों ने सीजन में बागवानों से प्रीमियम सेब की किलो के हिसाब से खरीद की थी। अब सेब के अच्छे दाम मिल रहे हैं। बिना आयात शुल्क चुकाए अवैध रूप से कम खर्चे में ईरानी सेब भारत पहुंच रहा है। ईरानी सेब का अवैध आयात बंद करने की मांग केंद्र सरकार से पहले भी कई बार की है, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। यूरोपियन देशों में ईरानी सेब प्रतिबंधित है।

## आज का राशिफल



**मेष राशि**- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप वरिष्ठजनों का विश्वास जीतने में कामयाब रहेंगे और आपके बिजनेस की कुछ योजनाएं में आज रंग लाएंगे, जिससे आपको अच्छा लाभ मिलेगा। निजी मामलों में आपको सावधानी बरतनी होगी। आप अपनी दिनचर्या में योग और व्यायाम को अपनाकर रखें ताकि आप स्वस्थ रहें।

**वृषभ राशि**- आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं। आपको यदि कोई शुभ सूचना सुनने को मिले, तो आप उसे तुरंत आगे ना बढ़ाएं। परिवार में किसी सदस्य को पुरस्कार से सम्मानित किया जा सकता है। आपको कार्यक्षेत्र में धैर्य से काम लेना होगा और आपको अपने आसपास रह रहे शत्रुओं से सावधान रहने की आवश्यकता है।

**मिथुन राशि**- आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम को करने से बचने के लिए रहेगा। धार्मिक कार्यों के प्रति आपकी रुचि रहेगी। विद्यार्थी अपनी परीक्षाओं की तैयारियों में जमकर मेहनत करेंगे, जिसमें उन्हें सफलता भी अवश्य मिलेगी। आपकी यश और कीर्ति भी बढ़ेगी और आप अपने किसी काम को किसी दूसरे पर ना डालें, नहीं तो आपका वह काम पूरा होने में समस्या होगी।

**कर्क राशि**- आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आप अपने आवश्यक कामों के लिए सूची बनाकर चले और उन्हें प्राथमिकता देनी होगी। आप अपने डेली रूटीन को बनाए रखें और अपने कामों में पूरी जिम्मेदारी से पूरा करने की कोशिश करें।

**सिंह राशि**- आज का दिन आपके लिए कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि लेकर आने वाला है। आपको किसी नई पहचान की आवश्यकता है। आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी और व्यापार से जुड़े कामों में आपको तेजी दिखानी होगी। कार्यक्षेत्र में आप टीमवर्क के जरिए काम करके किसी काम को समय से पहले पूरा करके देंगे।

**कन्या राशि**- आज का दिन आपके लिए धन संबन्धित मामलों में सावधानी बरतने के लिए रहेगा। आप किसी काम को अति उत्साहित होकर ना करें। कला कौशल से आप अपनी जगह बनाने में कामयाब रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको पूरी जिम्मेदारी से काम करना होगा और नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को अपनी मेहनत में कोई कसर नहीं छोड़नी है।

**तुला राशि**- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। मित्रों के साथ आप कुछ समय मौज-मस्ती करने का मौका मिलेगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। आप महत्वपूर्ण कामों में आप बहुत ही सोच विचार कर आगे बढ़ेंगे। आपको किसी यात्रा पर जाना अच्छा रहेगा। विरोधियों से कोई भी बात बहुत सतर्क होकर बोले। आपका कोई काम आज आपके लिए समस्या बन सकता है।

**वृश्चिक राशि**- आज का दिन आपके लिए शीघ्रता और भावुकता में किसी निर्णय को लेने से बचने के लिए रहेगा। परिवार के मामलों पर आप पूरा ध्यान देंगे। भौतिक मामलों में भी आपकी पूरी रुचि रहेगी। अपने कामों में ढील ना दें, नहीं तो आपका कोई नुकसान हो सकता है।

**धनु राशि**- आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। सामाजिक गतिविधियों पर आप पूरा फोकस बनाएंगे। कुछ नए लोगों से आप मेलजोल बढ़ाने में कामयाब रहेंगे। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा और आपको अपने किसी मित्र की बातों में आने से बचना होगा।

**मकर राशि**- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। पुण्य कार्यों से आपको जुड़ने का मौका मिलेगा। आप अपने खान-पान और जीवन स्तर को सुधारने की कोशिश करेंगे। संतान को संस्कारों और परंपराओं का पाठ पढ़ाएंगे। अविवाहित जातकों के जीवन में आज किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है।

**कुंभ राशि**- आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। आपको एक के बाद एक शुभ सूचना सुनने को मिलती रहेगी। दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। आपके भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा। मामा पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है।

**मीन राशि**- आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्य से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। पारिवारिक रिश्तों में चल रही अनबन को दूर करके अपने रिश्तों को बेहतर बनाने की कोशिश करेंगे। किसी काम में आप उसके नीति नियम पर पूरा ध्यान देंगे। कार्यक्षेत्र में आप किसी वाद विवाद में ना पड़े और आप अपने किसी परिजन से आप कोई ऐसी बात ना कहे, जो उन्हें बुरी लगे। निवेश संबंधी योजनाओं पर आपका पूरा ध्यान रहेगा, लेकिन आप अपने खर्चों को नियंत्रित करने की कोशिश करें, नहीं तो बाद में वह आपके लिए समस्या बन सकती हैं।

## शब्दजाल - 7447

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | श | मु | ग | सु | हा | ग | व | धी | ल | उ |
| अ | व | का | प्रे | व | अ | स | द | ह | र्म | म |
| ग | य | न | व | दी | खू | स | नि | य | त | रा |
| र | लि | ल | भा | अ | ता | ब | द | ह | ख | व |
| तु | स | अ | ऋ | दो | र | षा | सू | बा | प | जा |
| म | क | र्त | व्य | त | म | ला | र | र | श | न |
| न | स | अ | क | रा | न | भि | द | शा | त | व |
| हो | अ | ल | ल | व | जी | अ | ऐ | नि | प | सा |
| ते | बा | ब | अ | त | क | छ | प्प | न | शा | जू |
| क | म | बा | तें | व | झू | ठी | द | अ | जू | न |
| रा | र | अ | प | अ | व | लो | क | न | प | रु |

*शब्द जाल में रेखा द्वारा अभिनीत 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे भी हैं.*

सावन भादो, राम बलराम, नियत, सुहाग, खूबसूरत, अगर तुम न होते, झूठी, कर्तव्य, निशान, उमराव जान

### शब्दजाल - 7446 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बं | न | गा | र | न | ब | ज | क | ब | ल | न |
| ब | ज | य | लि | दा | व | का | मौ | स | ल | य |
| ई | रा | ब | न | ज | वा | ज्यो | दा | बं | य | ना |
| का | ना | बं | र | ता | वी | ब | ति | ल | न | भि |
| म | इ | दि | म | स | रा | द | श | न | ब | रा |
| न | म | स्का | र | र | र | क | वी | ना | श | म |
| न | बं | दि | श | वा | क | जी | र | ग | प | ब |
| व | र | न | ग | मा | व | सी | ब | न | प | न |
| नी | ब | ल | ज | न | बा | री | न | ज | प | र |
| त | मी | ल | प | बू | या | स | वी | ब | प | जा |
| का | न | न | व | नि | र्मा | ण | न | ग | प | बं |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6391

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'नदिया किनारे आओ' गीत वाली संजय दत्त, आफताभ, नंदिता दास की फिल्म-२
२. अमिताभ, अमजद, नीतूसिंह की 'सारा जमाना हसीनों का' गीत वाली फिल्म-३
३. 'दो दिवाने शहर में' गीत वाली अमोल पालेकर, जरीना वहाब की फिल्म-३
४. नसीरूद्दीनशाह, जैकी श्रॉफ, नगमा की 'मैं प्यासी नदिया' गीत वाली फिल्म-२
५. 'लिखे जो खत तुझे वो तेरी' गीत वाली शशिकपूर, आशा पारेख की फिल्म-४
७. मनोजकुमार, आशा पारेख की 'लो आ गई उन की याद' गीत वाली फिल्म-१,३
९. 'दो नैनों में आँसू भरे हैं' गीत वाली जीतेंद्र, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
११. जॉय मुखर्जी, माला, शर्मिलाकी 'वो हसीन दर्द देदो' गीत वाली फिल्म-४
१३. 'इस सो पहले कि याद तू आए' गीत वाली राजेश खन्ना, श्रीदेवी की फिल्म-४
१५. 'परिचय' में जीतेंद्र की नायिका?-२
१६. करण दीवान, स्वर्णलता की 'जब तुम ही चले परदेस' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'तन मन धन सब है' गीत वाली संजीवकुमार, लीना की फिल्म-४
२२. गुरूदत्त, शकीला, श्यामा की 'बाबू जी धीरे चलना' गीत वाली फिल्म-२,२
२३. रेखा, दिलीपकुमार, ममता की फिल्म-२
२४. शाहरूख, विवेक मुशरान, जूही की 'अपुन की लाइफ' गीत वाली फिल्म-४
२८. 'तेरे प्यार का' गीत वाली आफताब शिवदासनी, युक्ता मुखी की फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. 'ये जीवन है इस जीवन का यही है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
४. राकेश रोशन, शत्रुघ्न सिन्हा, रीनाराय, रंजीता की फिल्म-४
६. फिल्म 'साया' में जॉन अब्राहम के साथ नायिका कौन थी-२
७. 'ऐसा कोई जिंदगी में' गीत वाली फिल्म-२
८. राजकिरण, जावेद खान की फिल्म-३
१०. 'है ना बोलो' गीत वाली फिल्म-३
१२. सुनीलदत्त, निम्मी की फिल्म-३
१४. 'देख सकता हूँ मैं कुछ' गीत वाली फिल्म-४
१७. अष्मित पटेल, मीरा की फिल्म-३
१९. 'आई जो तेरी याद' गीत वाली फिल्म-२
२०. फिल्म 'तक्षक' में अजय देवगन के साथ नायिका कौन थी-२
२१. शाहरूख, प्रियंका की 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीतवाली फिल्म-२
२२. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, जैकी, शत्रुघ्न, रवीना, लारा की फिल्म-२
२३. धर्मेन्द्र, जीतेंद्र, हेमा की फिल्म-३
२५. 'मैं नये जमाने की' गीत वाली अजय देवगन, रवीना की फिल्म-२
२६. फिरोज, संजय, मुमताज की 'गोरी के हाथ में' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'झोंपडी में चारपाई' गीत वाली जीतेंद्र, श्रीदेवी की फिल्म-३
२९. राजकपूर (डबल रोल), नर्गिस की 'आ जाने बहार' गीतवाली फिल्म-२
३०. 'फूल मांगूं ना बहार मांगूं' गीत वाली फिल्म-२
३१. कमल हासन, सनी, डिम्पल की फिल्म-३
३२. फिल्म 'तपस्या' की नायिका?-२
३३. अभिनेत्री 'मनीषा कोइराला' किस देश की रहने वाली है-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 6390

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**12 फरवरी 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मकर में | कुंभ | 06.43 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | मीन | 08.16 बजे से |
| मंगल | मकर में | मेष | 09.46 बजे से |
| बुध | मकर में | वृष | 11.27 बजे से |
| गुरु | मेष में | मिथुन | 13.25 बजे से |
| शुक्र | मकर में | कर्क | 15.38 बजे से |
| शनि | कुंभ में | सिंह | 17.54 बजे से |
| राहु | मीन में | कन्या | 20.06 बजे से |
| केतु | कन्या में | तुला | 22.17 बजे से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | वृश्चिक | 00.32 ब.से |
| | | धनु | 02.48 बजे से |
| | | मकर | 04.53 बजे से |

**सोमवार** 2024 वर्ष का 43 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** माघ **पक्ष** शुक्ल **तिथि** तृतीया 17.45 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपदा 14.57 बजे को समाप्त। **योग** सिद्ध 02.37 बजे रात्र को समाप्त। **करण** तैतिल 07.25 बजे, गर 17.45 बजे तदनन्तर वणिज 04.10 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 2.1 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 13° 56' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871887 **जूलियन दिन** 2460352.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** सावान **तारीख** 01

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः चमत्कारी पौधा

एक थका-हारा भिखारी एक गांव में आया। उसने दो दिन से कुछ नहीं खाया था। पेट में बैठी भूख ने उसको एक सुझाव दिया। भिखारी को जो भी आदमी मिलता उसके कान में कहता- मैं एक ऐसे चमत्कारी पौधे के बारे जानता हूं जो ऐसे आदमी में भी जान डाल सकता है तो कब्र में जाने ही वाला हो। मैं उसका रहस्य आपको बता सकता हूं। एक अमीर आदमी से जब उसने यह बात कही तो उसने उसे अपने घर पर बुलाया। उसको बढ़िया खाना खिलाया। जब खाना पूरा हो गया तो अमीर आदमी ने उसको वायदे की याद दिलाई। मेहमान बने भिखारी ने कहा, आइए मेरे साथ। वह पौधा आपके इस गांव में ही है। वे दोनों साथ-साथ निकले। जब गांव के कुछ ही बाहर निकले तो भिखारी ने उस आदमी को धान के खेत की ओर इशारा किया- यह रहा वह चमत्कारी पौधा। अमीर आदमी ने पूछा- क्या? धान? तुम मजाक कर रहे हो क्या? नहीं, बिल्कुल नहीं। अगर आपके घर मैंने अभी धान नहीं खाया होता तो मैं अब तक मर गया होता। भिखारी ने अपनी बात समझाई। अमीर आदमी उसकी चालाकी पर गुस्साया तो वह धूर्त भाग खड़ हुआ।

## सूडोकु नवताल- 6700

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | 4 | 2 | | 6 | | 3 |
| | 6 | | 8 | | 7 | | 2 | |
| 4 | 1 | | | | 3 | 5 | 8 | |
| | 9 | 8 | 3 | | | | | |
| 7 | | 4 | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | | | 9 | 7 | 3 | |
| | 8 | 5 | 7 | | | | 4 | 6 |
| | 2 | | 9 | | 1 | | 5 | |
| 3 | | 1 | | 6 | 8 | 9 | 7 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

### सूडोकु नवताल -6699 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 | 6 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 8 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 |

## शब्द पहेली - 7915

**बाएँ से दाएँ**

1. जंगल की आग-4
4. अयोग्य, नालायक-4
6. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
8. तैयार होना-3
9. जीभ, जिव्हा-3
11. पाश, फंदा, -2
13. नामकरण करना-2,3
15. मेरा(सं.-2)
16. खाद्य सामग्री-3
18. तहत-3
19. कक्ष, रूम-3
20. भरोसा, विश्वास-4
22. सचेत, होशियार-4

**ऊपर से नीचे**

1. दागी, धब्बेवाला-4
2. गीलापन, तर होना-2
3. दुनिया, जगत-3
4. अदा, हाव-भाव-5
5. भरा हुआ-4
7. टपकना, गिरना-3
10. नाम रखना-5
12. एकमत-4
14. भक्षक, विनाशकारी-3
17. खारा, क्षारीय-4
18. वन, जंगल-3
21. लाश, मुर्दा, मृतक-4

### शब्द पहेली -7914 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | दा | चा | र | | स | त | ल | ज |
| ल | | य | ती | म | खा | ना | | हा |
| प | र | | | दा | | | चा | ल |
| ना | च | | क | री | ब | | ल | त |
| | ना | च | ना | | ला | ल | च | |
| आ | का | | त | ह | त | | ल | क |
| रा | र | | | सी | | | न | या |
| ध | | न | वी | न | त | म | | म |
| ना | म | व | र | | क | रा | मा | त |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## खुदरा महंगाई आंकड़े, एफआईआई से तय होगी बाजार की चाल

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दरों को लगातार छठी बार बरकरार रखने के फैसले से निराश निवेशकों की चौतरफा बिकवाली से बीते सप्ताह गिरावट में रहे घरेलू शेयर बाजार की ?दिशा इस सप्ताह जनवरी की थोक और खुदरा महंगाई के आंकड़े, कच्चे तेल की कीमत, डॉलर सूचकांक और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के रुख से तय होगी। विश्लेषकों के अनुसार इस सप्ताह जनवरी की थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई के आंकड़े आने वाले है। साथ ही कोल इंडिया, एचएएल, एनएचपीसी, सेल, भेल, हिंडाल्को, आईआरसीटीसी, एमटीएनएल और ओआईएल समेत कई दिग्गज कंपनियों के वित्त वर्ष 2023-24 की दिसंबर में समाप्त तीसरी तिमाही के परिणाम भी जारी होने वाले हैं। इस सप्ताह बाजार की चाल निर्धारित करने में इन कारकों की अहम भूमिका रहेगी। इनके अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत, दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति और एफआईआई के निवेश रुख पर भी बाजार की नजर रहेगी। एक अन्य बाजार विशेषज्ञ ने कहा कि इस सप्ताह घरेलू और वैश्विक दोनों मोर्चों पर वृहद आर्थिक आंकड़े आने हैं। औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) और खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े 12 फरवरी को जारी होंगे। वहीं थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े 14 फरवरी को आएंगे। अमेरिका के खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े 13 फरवरी तथा खुदरा बिक्री के आंकड़े 15 फरवरी को घोषित किए जाएंगे। इन आंकड़ों के बीच अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल तथा डॉलर सूचकांक में उतार-चढ़ाव पर सभी की नजर रहेगी। इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतें और संस्थागत निवेशकों का प्रवाह भी बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेगा। सप्ताह के दौरान एनएचपीसी, सेल, बीएचईएल, हिंदुस्तान कॉपर, महिंद्रा एंड महिंद्रा और अन्य कंपनियां अपने दिसंबर तिमाही के नतीजों की घोषणा करेंगी।

## 10 हजार रुपए से कम में मिल रहा सेमसंग का 5जी फोन

नई दिल्ली। सैमसंग का सेमसंग गैलेक्स एम15 5जी फोन अमेजन इंडिया पर 14 फरवरी तक चलने वाले फैब फोन्स फेस्ट में 10 हजार रुपये से कम में मिल रहा है। अमेजन पर फोन का 4जीबी रैम और 128जीबी इंटरनल स्टोरेज वाला वेरिएंट 10,990 रुपये के कीमत के साथ लिस्ट है। फोन पर 1 हजार रुपये तक का बैंक डिस्काउंट दिया जा रहा है। बैंक डिस्काउंट के साथ यह फोन 9,990 रुपये में आपका हो सकता है। फोन 533 रुपये की शुरुआती ईएमआई पर भी उपलब्ध है। एक्सचेंज ऑफर में आप इस 5जी हैंडसेट की कीमत को और कम कर सकते हैं। सैमसंग गैलेक्सी में 2408 गु ?णित 1080 पिक्सल रेजॉलूशन के साथ 6.6 इंच का फुल एचडी प्लस डिस्प्ले दिया गया है। फोन में दिया गया यह डिस्प्ले 90 एचजेड के रिफ्रेश रेट को सपोर्ट करता है।

## सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से चार कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.18 लाख करोड़ बढ़ा

### - रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही

नई दिल्ली। पिछले सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 2.18 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। सबसे अधिक लाभ भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को हुआ। प्रमुख 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एलआईसी और एसबीआई के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई। इन कंपनियों का बाजार मूल्यांकन 2,18,598.29 करोड़ रुपये बढ़ गया। वहीं एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में सामूहिक रूप से 1,06,631.39 करोड़ रुपये की गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में एलआईसी का बाजार मूल्यांकन 86,146.47 करोड़ रुपये बढ़कर ,83,637.38 करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान एसबीआई की बाजार हैसियत 65,908.26 करोड़ रुपये बढ़कर 6,46,365.02 करोड़ रुपये हो गई। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 61,435.47 करोड़ रुपये बढ़कर 15,12,743.31 करोड़ रुपये और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 5,108.09 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 19,77,136.54 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस रुख के ?विपरीत एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 32,963.94 करोड़ रुपये घटकर 10,65,808.71 करोड़ रुपये रह गया। आईटीसी का मूल्यांकन 30,698.62 करोड़ रुपये घटकर 5,18,632.02 करोड़ रुपये पर आ गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 16,132.15 करोड़ रुपये घटकर 6,31,044.50 करोड़ रुपये रह गई। इन्फोसिस का मूल्यांकन 10,044.09 करोड़ रुपये कम होकर 6,92,980.35 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक के मूल्यांकन में 9,779.06 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 7,09,254.77 करोड़ रुपये पर आ गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 7,013.53 करोड़ रुपये घटकर 5,69,587.91 करोड़ रुपये रह गया। प्रमुख 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। इसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

# जनशक्ति पंच-उपसरपंच संघ की हुई बैठक

## जिला एवं ब्लॉक कार्यकारिणी का हुआ विस्तार



लांजी (पद्मेश न्यूज)। जिला मुख्यालय बालाघाट के बस स्टेंड स्थित धर्मशाला में 11 फरवरी रविवार को जनशक्ति पंच-उपसरपंच संघ की बैठक संपन्न हुई। जिसमें आगामी समय में किरनापुर ब्लॉक अध्यक्ष के साथ कार्यकारिणी विस्तार के लिए रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में प्रत्येक ब्लॉक में कार्यकारिणी गठन और विस्तार हेतु बैठक रखे जाने की बात रखी गई एवं जिला कार्यकारिणी में फेरबदल किया गया। उक्त बैठक के संबंध में अवगत कराते हुए प्रदेश अध्यक्ष संतोष राहंगडाले ने जानकारी में बताया कि जनशक्ति पंच-उपसरपंच महासंघ की बैठक कार्यकारिणी के विस्तार को लेकर आयोजित की गई थी जिसका मुख्य उद्देश्य सतत रूप से कार्य करने वाले पदाधिकारियों को जिले की टीम में स्थान दिया गया है तथा जिला स्तर के लोगों को संभाग में जगह दी गई है। साथ ही पंच-उपसरपंच के मानदेय एवं अधिकारों के लिये विचार विमर्श किया गया एवं पंचायतों में उपसरपंच एवं पंचों को समान अधिकार दिलाने के लिये रणनीति तैयार की गई है। बैठक में जिला सहित ब्लॉक के पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे जिसमें निर्णय लिया गया कि आगामी समय में भोपाल जाकर मुख्यमंत्री को अपने अधिकारों के लिये मांग पत्र सौंपा जाएगा। जिसके लिये सभी पंच-उपसरपंच अपने-अपने ब्लॉक में एक्टिव रहें। उन्होने कहा कि भोपाल में मुख्यमंत्री से मिलकर वे मांग करेंगे कि उपसरपंचो को जो मानदेय दिया जा रहा है वह पंचों का अपमान है जिसे सम्मानपूर्वक बढ़ाया जाए तथा उपसरपंचों को सील साईन का अधिकार दिया जाए। बैठक के दौरान संतोष राहंगडाले, लोकेश बघेले, परसराम नागेश्वर, अशोकर चौधरी, आशा डोंगरे, कंचन बहेकार, लक्ष्मीकांता चौरीवार, शशिकपूर भावे, पवन कश्यप, रीता रावते, धनीराम खरखाटे, दयवंता सोनी, नरेंद्र क्षीरसागर, राकेश नेवारे, दिनेश शिव, तुलसीकुमार गजभिये, चुन्नीलाल कुलदीप सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 56 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें अर्पित किए श्रद्धासुमन



लांजी (पद्मेश न्यूज)। एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 56वी पुण्यतिथि रविवार को नगर के सालेटेकरी मार्ग स्थित हीराचंद आसटकर के निवास पर भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने मनाई गई। सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यापर्ण किया गया, इसके उपरांत सभी उपस्थित जनों द्वारा पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर किरनापुर जनपद अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह ने कहा कि राष्टीय संगठन द्वारा 11 फरवरी को महामानव पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय जो राष्ट वाद के प्रखर वक्ता एक सकुशल संगठक और एकात्म मानववाद के दर्शन को हिंदुस्तान की धरती पर उतारने वाले राष्ट्रवाद के प्रवर्तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि है और आज भारतीय जनता पार्टी इस पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाती हैं। आज हम सब लोग इस पुण्यतिथि पर उपस्थित होकर महामानव को श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं और आज के दिन हम सभी संगठन के लोग इस दिन को समर्पण दिवस के रूप में मनाते हैं। अन्य वक्ताओं ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने समाज के अंतिम व्यक्ति को लाभ पहुंचे, इसके वे पक्षधर थे, सभी ने उनके आदर्शों व बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर किरनापुर जनपद अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह, हीराचंद आसटकर, श्यामलाल पांडे, कुशुम बिरला, बसंत सोनवाने, दिनेश कचवाहे, संदीप रामटेक्कर, किशोर रामटेक्कर, विजय गोस्वामी, कैलाश गोस्वामी, योगेंद्र दहीकर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# निरीक्षक पद पर पदोन्नति व स्थानान्तरण पर अमित कुशवाह को दी बिदाई

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी पुलिस थाने में बतौर एसआई पदस्थ अमित कुशवाह जिनका हाल ही में निरीक्षक पद पर पदौन्नती हुई है। प्रमोशन होने के उपरांत निरीक्षक अमित कुशवाह का धार जिला स्थानान्तरण हो चुका है। जिसके उपरांत लांजी थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी एवं समस्त एसआई, एएसआई, प्रआ, आरक्षक, महिला आरक्षक, सैनिक एवं अन्य पुलिस बल के द्वारा एक विदाई समारोह आयोजित कर निरीक्षक अमित कुशवाह कों भेंट प्रदान कर विदाई दी गई। बतादे कि निरीक्षक अमित कुशवाह 2023 मई में लांजी पुलिस थाना में एसआई के पद पर पदस्थापित हुये थे। जिनका लांजी थाने मे करीब 10 महीने का कार्यकाल रहा है इसके पूर्व आप हट्टा थाना प्रभारी के रूप में भी पदस्थ रहे है। आपकी कार्यप्रणाली, कार्य करने की शैली, कर्तव्य निष्ठा से हर कोई अभिभूत हुआ है। कोई भी प्रार्थी यदि अमित कुशवाह के पास पंहुचते थे उनको बहुत बेहतर तरीके से वे समझाते थे और उनके द्वारा की गई शिकायतो को गौर कर अपराधियो के प्रति अपराध पंजीबद्ध करते थे। जिसके चलते लांजी क्षेत्र के अनेको ग्रामीण भी अमित कुशवाह जी को पूछते दिखाई देते थे। इसी क्रम में थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी ने भी अमित कुशवाह जी को एक कुशल अधिकारी बताया है साथ मे काम करना बेहद सुख पल रहा है आप जहां भी कार्य करेंगे उत्कृष्ट ही करेंगे मै आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ। इसी क्रम में समस्त पुलिस अधिकारी कर्मचारियों ने भी अमित कुशवाह के धार स्थानान्तरण पर अग्रिम कार्य क्षेत्र के लिये शुभकामनाऐं प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की। एसआई संजय सिंह किरार, सुन्दरलाल पंवार, एएसआई देवराज धुर्वे, तोपसिंह उईके, प्रआ मुकेश ठाकरे, पवन मर्सकोले, रूपेन्द्र ठाकरे, सुरेन्द्र उर्फ सोनू चंदेल, विजय सिसोदिया, भोला ओसारी, जय सुर्या, चंचलेश यादव, सचिन बुन्देला सहित अन्य पुलिस स्टाफ थाना लांजी उपस्थित रहा।



# अमेड़ा(ब) में हुई अवंती साधना मंच की बैठक



लांजी (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र के ग्राम अमेड़ा ( बहेला) में 11 फरवरी को अवंती साधना मंच की महत्वपूर्ण बैठक ग्राम पंचायत भवन में संपन्न हुई। यह बैठक ग्राम पंचायत के उप सरपंच कैलाश कुराहे की अध्यक्षता व अमर बसेना उप निरीक्षक पुलिस, डलिश्वर बसेना सरपंच प्रतिनिधि व आशारामजी कुशले अध्यक्ष अवंती साधना मंच के प्रमुख आतिथ्य में आयोजित हुई। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई के छायाचित्र का पूजन कर बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक में ग्राम में निर्माणाधीन वीरांगना रानी अवंतीबाई की प्रतिमा का निर्माण कार्य अविलंब पूर्ण कराए जाने का सर्वसम्मत निर्णय लिया गया। परिवार पंजीयन की प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए सभी समाज ग्रामों में प्रगणकों की नियुक्ति कर उन्हें एकदिवसीय प्रशिक्षण देकर कार्य को प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। साथ ही प्रगणकों को गणन कार्य के लिए प्रति सदस्य 2/( दो रुपये) पारिश्रमिक दिए जाने का निर्णय लिया गया। यह परिवार पंजीयन, अप्रत्यक्ष रूप से जाति जनगणना होगी जिसे उपस्थित सदस्यों ने गंभीरता से लिया तथा इसकी समग्र बारीकियों के साथ इसे पूर्ण करने का संकल्प पारित किया। मंच की आगामी बैठक 18 फरवरी 2024 को ग्राम बिंझलगाँव में आयोजित किए जाने का भी निर्णय लिया गया। जिसमें प्रगणकों को प्रशिक्षित कर सामग्री वितरित की जावेगी। वर्तमान में कुछ ग्रामों में प्रगणकों की नियुक्ति हो चुकी है एवं कुछ ग्रामों में प्रगणकों की नियुक्ति होना शेष है, जिनकी शीघ्र नियुक्ति कर गणना 19 फरवरी से प्रारंभ कर 26 फरवरी तक पूर्ण किए जाने का निर्णय लिया गया। गौरव दिवस समारोह 2024 का आयोजन 20 मार्च को नगर के वीरांगना रानी अवंती बाई मिनी स्टेडियम में भव्यतम् रूप से आयोजित करने का संकल्प भी पारित हुआ। इस अवसर पर बैठक में मुख्य रूप से ठाकुरचंद कचलाहे, डी आर. लिल्हारे सेवानिवृत शिक्षक, कैलाश कुराहे, प्रेमलाल दमाहे, प्रमोद धामने, डालीराम उपराडे, मनीराम मस्करे, दुलीचंद मस्करे, धर्म भूषण बनोठे, पुनाराम पिछोड़े, तोसन मस्करे, विजय दशरिया, साहिब दास दशरिया, भोजलाल दमाहे, यू आर कुचलाहे, बलराम बड़घैया, शोभेलाल नगपुरे, शिवप्रसाद दमाहे, धन्नु लाल दमाहे, उदय लाल दमाहे, रमेश कुमार दमाहे, नत्थे लाल बोहने, अशोक माहुले, भागवत उपराड़े, गणेश लिल्हारे, चमरू लाल बसेना, तिजू लाल दमाहे, रिखीराम नागपुरे, रामनाथ बसेना, डिलेश्वर बसेना सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन एवं आसपास के गाँवों के स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे। बैठक का सफल संचालन भवनदास दशरिया उपाध्यक्ष अवंती साधना मंच द्वारा किया गया।


**दुकान किराये से देना है**
संपर्क करें- कैलाश साहू
जे.के.प्रिंटर्स, गौली मोहल्ला
वार्ड नं. 15, बालाघाट, मो.9425140128

**आवश्यकता है**
बालाघाट में मेडिकल कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है
अनुभवी एवं कंप्यूटर शिक्षित को प्राथमिकता
वेतन योग्यतानुसार
समय सुबह 10.30 से रात्रि 8 बजे तक
संपर्क-मनीष मेडिकोज बालाघाट
मो न.+91 70731 01956

**बिना ब्याज के लोन 1600/- से 10 लाख**
आवश्यकता है
फिल्ड वर्कर-25
सैलरी - 15000/-
कॉल:-9301743249

**प्लॉट बेचना है**
गोंगलई मे गोंदिया रोड़ से लगा हुआ प.ह.नं. 19 मे रकबा 0.0023 हे. 39म 65X2535 वर्गफीट डायवर्सन युक्त प्लॉट बेचना है।
संपर्क करें 9993754780


# आदिवासी समाज लांजी की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन

## दीनू उइके बने अध्यक्ष, टुमनलाल घोरमारे सचिव



लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर स्थित गोंडवाना सामुदायिक भवन लांजी में 11 फरवरी को आदिवासी समाज लांजी की नवीन कार्यकारिणी समिति के गठन संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। निर्वाचन प्रक्रिया में चयन समिति व सदस्यों द्वारा दीनू उइके अध्यक्ष, टुमनलाल घोरमारे सचिव, हेतराम चौधरी उपाध्यक्ष, राजू घांसले उपाध्यक्ष, महेश घोरमारे सहसचिव, संजय सरवरे महामंत्री को उक्त पदों पर निर्वाचित करते हुए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ। इस बैठक में आदिवासी समाज के प्रमुख, सदस्य एवं सगाजन उपस्थित रहें। बता दे कि पूर्व में गठित चयन समिति में आदिवासी समाज के वरिष्ठगण, प्रमुख, संरक्षक को रखा गया था। आदिवासी समाज की नवीन कार्यकारिणी समिति हेतु लांजी क्षेत्र में निवासरत गोंड, माना, गोवारी, हल्बी, बिंझवार, बैगा, परधान, धूलिया, कंडरा समाज के अध्यक्ष/ प्रमुख ने अपने - अपने समाज से प्रतिनिधि के रूप में नाम प्रस्तावित कर चयन समिति को दिया था। जिसमें 21 सदस्यों को कार्यकारिणी समिति में शामिल करते हुए उक्त पदों पर चयन समिति द्वारा निर्वाचन की प्रक्रिया को पूर्ण किया गया।

### इनका कहना है



समाज ने मुझे जो जिम्मेदारी दी हैं मैं इसे दृढसंकल्प के साथ पूरा करूंगा। कोशिश होगी कि आदिवासी समाज लांजी को नीति- नियमबद्ध करने, समाज को सांस्कृतिक शुद्धिकरण के साथ एकजुट रखने, समाज की प्रतिष्ठा एवं महापुरुषों का मान सम्मान बनाए रखना ही हमारा दायित्व होगा।

**टुमन घोरमारे**
**सचिव**
**आदिवासी समाज लांजी**



सभी वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में हम आदिवासी समाज को सशक्त व मजबूत करने का प्रयास करेंगे। अपने समाज के हक़ अधिकार व संघर्ष की लड़ाई के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। हमारे युवा साथियों को सशक्त व मजबूत बनाने के साथ ही अपने रीति रिवाज, परंपरा को बनाए रखना हैं।

**दीनू उइके**
**अध्यक्ष**
**आदिवासी समाज लांजी**

# 14 को राजा भोज की प्रतिमा का अनावरण एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम

लांजी (पद्मेश न्यूज)। क्षत्रिय पंवार समाज संगठन सावरीकला के द्वारा 14 फरवरी को प्रातः 11 बजे से ग्राम में राजा भोज जी की प्रतिमा का अनावरण मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन के हस्ते किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में बतौर प्रमुख अतिथि सांसद ढालसिंह बिसेन, विधायक परसवाड़ा मधु भगत, विधायक कटंगी गौरव पारधी, विधायक वारासिवनी विक्की पटेल, पूर्व सांसद विश्वेश्वर भगत, पूर्व कांग्रेस कमेंटी अध्यक्ष बालाघाट पूष्पा बिसेन, पार्षद बालाघाट भारती पारधी, महासचिव क्षत्रिय पवार समाज संगठन बालाघाट शेषराम रहांगडाले, समाज सेवी मौसम बिसेन, मनोज टेंभरे, ओमकार सिंह बिसेन, महेन्द्र पटले अध्यक्ष क्षत्रिय पंवार संगठन लांजी, पूष्पा बाई रहांगडाले अध्यक्ष महिला संगठन, देवेश ऐड़े सचिव क्षत्रिय पंवार समाज संगठन लांजी, पंकज चौधरी युवा अध्यक्ष संगठन लांजी के आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित होगा। आयोजक समिति से ओमकार रहांगडाले सरपंच सावरीकला, संतोष चौहान, भक्तराज हरिनखेडे, चैनलाल ठाकरे, समिति संगठन वरिष्ठ अध्यक्ष अशोक पटले, सचिव सुरेश बोपचे, युवा अध्यक्ष कृष्णकुमार पारधी, सचिव घनश्याम ठाकरे, महिला अध्यक्ष भूनेश्वरी राहंगडाले, सचिव प्रेमलता पटले ने कार्यक्रम की जानकारी में बताया कि प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रात 8 बजे प्रभात फेरी, 11 बजे उक्त आमंत्रित अतिथियो के हस्ते प्रतिमा का अनावरण लोकार्पण कार्यक्रम, दोपहर 3 बजे से मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान जो कि 10वी एवं 12वी में उच्चश्रेणी अंक प्राप्त किये है उन्हे प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी में प्रशस्ति पत्र एवं भेंट देकर सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम के अंत में शाम 5 बजे महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम संगठन के द्वारा आयोजित किया गया है। उक्त कार्यक्रम में समस्त सामाजिक एवं क्षेत्र के ग्रामीणो से उपस्थिती की अपील क्षत्रिय पंवार समाज संगठन एवं समस्त ग्राम वासी ग्राम सावरीकला के द्वारा की गई है।

# वाहन चालकों पर पुलिस ने की चालानी कार्यवाही

लांजी (पद्मेश न्यूज)। शासन के निर्देशानुसार लांजी एसडीओपी सत्येन्द्र घनघोरिया के दिशा निर्देशन में एवं थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी के मार्गदर्शन में सड़क पर आवागमन कर रहे लापरवाह वाहन चालकों की सघन जांच अभियान चलाकर कार्यवाही की गई। जिसमें वाहन चालकों के वाहनों के कागजात के साथ साथ सीट बेल्ट एवं हेलमेट के उपयोग की जांच की गई। लांजी पुलिस के द्वारा विगत दिनों से लगातार चालानी कार्यवाही की जा रही है। 11 फरवरी को लांजी-आमगांव मार्ग पर रमपुरा पहाड़ी के समीप वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही की गई। इस दौरान पुलिस के द्वारा 08 वाहन चालकों से 3200 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। जिसमे दो पहिया चार वाहन व चौपहिया वाहन चार सभी वाहन चालकों को समझाइश भी दी गई कि आगे से सभी वाहन चालक एवं वाहन पर सवार व्यक्ति को अनिवार्यत: हेलमेट पहनना होगा। अपने गाड़ियों के समस्त दस्तावेज अपडेट रखना होगा। चालानी कार्रवाई के दौरान थाना लांजी से देवराज सिंह धुर्वे एएसआई, सचिन बुंदेला, राजेश जघेला, संदीप सोनेकर, जयसूर्या वर्मा आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।




**लांजी में ''पद्मेश''**
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

**भानेगांव में ''पद्मेश''**
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

**बोलेगांव में ''पद्मेश''**
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

# कमलनाथ प्रदेश छोड़ केंद्र की राजनीति में होंगे सक्रिय?



भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली चौंकाने वाली हार के बाद से ही कहा जा रहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ प्रदेश की राजनीति को छोड़ वापस केंद्र की राजनीति में सक्रिय होंगे। इसी बीच उनका दिल्ली में कांग्रेस आलाकमान सोनिया गांधी से मुलाकात करना और कांग्रेस विधायकों को रात्रिभोज के लिए आमंत्रित करना राजनीतिक गलियारे में चर्चा का विषय बन गया है। इसे लेकर कयास लगाए जा रहे हैं, कि कमलनाथ अब राज्यसभा के सदस्य बनने जा रहे हैं।

गौरतलब है कि आगामी 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव होने हैं। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 15 फरवरी है और कमलनाथ ने 13 फरवरी को कांग्रेस विधायकों को रात्रिभोज का निमंत्रण भेजा है। मौजूदा विधानसभा सदस्य और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने अपने आवास पर पार्टी विधायकों को रात्रिभोज के लिए आमंत्रित कर राजनीतिक गलियारे को गर्माने का काम कर दिया है। अब चूंकि प्रदेश अध्यक्ष की कमान भी जीतू पटवारी को सौंपी जा चुकी है, ऐसे में कमलनाथ के केंद्र में जाने को लेकर कयास कुछ ज्यादा ही लगाए जा रहे हैं। कमलनाथ यह कह चुके हैं, कि वो प्रदेश में ही रहेंगे और यहीं की राजनीति करते हुए जनसेवा का कार्य करेंगे। इससे पहले हाल ही में कमलनाथ ने दिल्ली पहुंच कर कांग्रेस आलाकमान और पूर्व एआईसीसी अध्यक्ष सोनिया गांधी से भी मुलाकात की थी। समझा जा रहा है कि उन्होंने इस मुलाकात के दौरान सोनिया गांधी से राज्यसभा के चुनाव पर चर्चा की है।

सूत्रों की मानें तो राज्य विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को मिली अप्रत्याशित हार के कारण कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ नाराज चल रहे है। राहुल ने इस बात पर हैरानी जताई है, कि विधानसभा चुनाव संबंधी निर्णय लेने के लिए कमलनाथ को पूर्ण अधिकार दिए जाने के बावजूद मध्य प्रदेश में कांग्रेस बुरी तरह कैसे हार गई।

जहां तक राज्यसभा चुनाव का सवाल है, मध्य प्रदेश से पांच राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल अप्रैल में समाप्त होने वाला है। इनमें केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और एल मुरुगन समेत चार भाजपा के और एक कांग्रेस के राजमणि पटेल हैं। विधायकों की संख्या के लिहाज से कांग्रेस को एक सीट ही मिलनी है। कमलनाथ, जो वर्तमान में छिंदवाड़ा से विधायक हैं, राज्यसभा के जरिये केंद्र की राजनीति में दोबारा प्रवेश करना चाह रहे हैं। इन तमाम कयासों के बीच 13 फरवरी को कांग्रेस विधायकों को दिए जा रहे रात्रिभोज के साथ जोड़ा जा रहा है।

# मध्य प्रदेश में तीन नए विश्वविद्यालय

भोपाल। मध्य प्रदेश सरकार ने तीन नए विश्वविद्यालय खोलने की अनुमति दी है। गुना में तात्या टोपे विश्वविद्यालय, सागर में रानी अवंती बाई लोधी विश्वविद्यालय और खरगोन में क्रांति सूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय की स्थापना की स्वीकृति शासन द्वारा दी गई है।

शैक्षिक वर्ष 2024-25 से इन विश्वविद्यालयों का कार्य शुरू हो जाएगा। मध्य प्रदेश सरकार ने तीनों विश्वविद्यालय के लिए कुल सचिवों की नियुक्ति कर उन्हें प्रभार सौंपने के आदेश दिए हैं। उच्च शिक्षा विभाग ने जो आदेश जारी किए हैं। उसमे राकेश कुमार वर्मा को तात्या टोपे विश्वविद्यालय का कुल सचिव बनाया गया है प्रोफेसर शक्ति जैन को रानी अवंती बाई लोधी विश्वविद्यालय सागर का का कुल सचिव बनाया गया है। डॉक्टर जीएस चौहान को क्रांति सूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन के कुल सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपने के आदेश दिए गए हैं।

उच्च शिक्षा विभाग ने शासकीय पीजी कॉलेज गुना को तात्या टोपे विश्वविद्यालय, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर को रानी अवंती बाई लोधी विश्वविद्यालय तथा शासकीय पीजी कॉलेज महाविद्यालय खरगोन को क्रांति सूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन को, विश्वविद्यालय के रूप में उन्नयन किया है।

# मप्र लोक सेवा आयोग की बड़ी बैठक आज

## परीक्षा रीशेड्यूलिंग और पद बढ़ाने पर होगा मंथन




भोपाल। राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2023 को आगे नहीं बढ़ाने से नाराज अभ्यर्थी सोमवार से अनिश्चितकालीन धरना देने वाले है। इसकी सूचना शनिवार को जिला प्रशासन और पुलिस को देते हुए अभ्यर्थियों ने अनुमति मांगी है। अभ्यर्थियों के प्रदर्शन के बारे में पता लगते ही मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने भी सोमवार को महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। जहां अधिकारियों की बैठक बुलाई है, जिसमें परीक्षा रिशेड्यूल, पीएससी प्रारंभिक-2024 में पद बढ़ाने को लेकर मंथन करेंगे।

11 मार्च को राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2023 करवाई जाना है। परीक्षा के लिए कम समय दिए जाने से नाराज अभ्यर्थियों ने बीते सप्ताह दो दिन धरना दिया। बाद में आयोग के सामने 48 घंटे में परीक्षा रिशेड्यूल करने पर जोर दिया। चार दिन बीतने के बावजूद आयोग ने कोई फैसला नहीं लिया है। आयोग के रवैए से अभ्यर्थी और भडक़े हुए है। अब उन्होंने अनिश्चितकालीन धरना की घोषणा कर दी है।

इस संबंध में आयोग का तर्क है कि टाइम टेबल बदलने से बाकी परीक्षाएं प्रभावित हो सकती है। इस पर अभ्यर्थियों का कहना है कि आयोग ने वन सेवा परीक्षा तीन महीने आगे बढ़ा दी। जबकि उसके लिए किसी ने भी आवेदन नहीं दिया था। जबकि राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2023 के लिए तीन अलग-अलग समूह के अभ्यर्थियों ने गुहार लगाई है। बावजूद इसके आयोग किसी भी आवेदन पर ध्यान नहीं दे रहा है। वहीं अब आयोग ने सोमवार को बैठक बुलाई है, लेकिन मुद्दों के बारे में स्पष्ट रूप से नहीं बताया है। वैसे परीक्षा और पद बढ़ाने को लेकर बातचीत होगी। अधिकारियों के मुताबिक सामान्य बैठक होगी।

# आदिवासी, दलित एवं वंचित समाज के साथ न्याय करें

भोपाल। लोकसभा चुनाव के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झाबुआ दौरे पर आए है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने प्रधानमंत्री का एमपी में स्वागत करते हुए उनसे पांच प्रश्न पूछे है। पटवारी ने कहा कि मध्यप्रदेश में 22ल से अधिक आबादी वाला आदिवासी समुदाय डबल इंजन की सरकार से बहुत सारी उम्मीदें रखता है एवं यह अपेक्षा भी रखता है कि उसकी सुनवाई तत्काल हो परंतु प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार उनकी उम्मीदों पर खरी नहीं उतर रही है। पटवारी ने कहा कि उम्मीद है झाबुआ के जरिए प्रधानमंत्री भाजपा सरकारों के योगदान का आत्म विश्लेषण जरूर करेंगे और वंचित वर्ग के साथ न्याय करेंगे।

पटवारी ने पीएम से पूछा है कि अब तक वन अधिकार अधिनियम के तहत पट्टे वितरित क्यों नहीं किए गए, जबकि राज्य में आदिवासी और अन्य परंपरागत वन निवासी, पीढियों से वन भूमि पर खेती करते आ रहे हैं। कई साल पहले उन्हें इसका अधिकार देने वाला कानून-वन अधिकार अधिनियम-भी बन गया है। फिर भी ये लोग बीते कई सालों से अपने वन अधिकारों के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। ऐसा क्यों? एससी/एसटी के रिक्त बैकलॉग पदों की संख्या बढक़र 1 लाख 50 हजार के करीब हो चुकी है तथा अनुमान के मुताबिक करीब 40 हजार पद सिर्फ शिक्षक पात्रता परीक्षा के वर्ग-1, वर्ग-2 और वर्ग तीन में खाली हैं, इसके अलावा सामाजिक न्याय, महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में हजारों की संख्या में पद रिक्त पड़े हैं इन पर भर्ती क्यों नहीं की जा रही? मध्य प्रदेश में पिछले आठ वर्ष से सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नतियां नहीं हुई हैं। वर्ष 2016 में हाई कोर्ट जबलपुर ने पदोन्नति नियम 2002 को निरस्त कर दिया था। तब से अब तक कई बार भाजपा सरकार आ चुकी है, लेकिन अब तक सरकार पदोन्नति का रास्ता क्यों नहीं निकाल पाई हैं? यूपीए सरकार द्वारा शुरू की गई मनरेगा योजना ने आदिवासी क्षेत्र से बड़े पैमाने पर पलायन को रोक दिया था परंतु आदिवासी मजदूरों को आजकल मनरेगा योजना के तहत भुगतान प्राप्त करना क्यों मुश्किल हो रहा है, 10 साल की आपकी सरकार और 20 साल की प्रदेश सरकार ने पलायन रोकने के लिए कोई निर्णायक प्रयास क्यों नहीं किए? क्या यह सच नहीं है कि देशभर में आदिवासियों पर सर्वाधिक अत्याचार मध्यप्रदेश में ही होते हैं? एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक, साल 2022 में आदिवासियों के खिलाफ 2979 मामले सामने आए, जो कि पिछले साल के मुकाबले में 13 प्रतिशत अधिक हैं! क्या आप प्रदेश के गृहमंत्री का पद संभालने वाले मुख्यमंत्री को आदिवासी अत्याचार रोकने को लेकर कोई प्रभावी निर्देश देकर जाएंगे?

# प्रत्याशियों के नाम पर होगा दिल्ली में मंथन

भोपाल । मप्र से किस-किस को राज्यसभा भेजा जाएगा और लोकसभा की 29 सीटों पर कौन-कौन प्रत्याशी होगा इसको लेकर भाजपा दिल्ली में 17-18 फरवरी को मंथन करेगी। गौरतलब है कि राष्ट्रीय पदाधिकारी और परिषद की बैठक 16, 17 व 18 फरवरी को दिल्ली बुलाई गई है। पहले दिन राष्ट्रीय पदाधिकारी बैठक होगी, जिसमें राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश संगठन महामंत्री, चुनाव प्रभारी बैठेंगे। अगले दो दिन परिषद की बैठक होगी।

मप्र में रिक्त हो रही राज्यसभा की पांच सीटों में से चार भाजपा के खाते में जाएंगी। केंद्रीय भाजपा इन चार में से मप्र को दो सीटें देने जा रही है।

# 10 हजार की रिश्वत ले रहा था एएसआई, लोकायुक्त ने रंगे हाथो दबोच लिया

भोपाल। लोकायुक्त टीम ने राजधानी भोपाल के छोला थाने में पदस्थ एएसआई संतोष सिंह दांगी को 10 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोचा है। एएसआई ने कियोस्क संचालक से उसके खिलाफ मिली शिकायत को लेकर रिश्वत की मांग की थी। मिली जानकारी के मुताबिक फरियादी हेमंत कुमार आर्य पिता सुखलाल आर्य निवासी गीता नगर विदिशा रोड भानपुर ने 8 फरवरी को लिखित शिकायत करते हुए बताया था की उसके द्वारा कियोस्क का संचालन किया जाता था, जिसे जून 2023 में बंद कर दिया गया। उसके खिलाफ जगदीश शर्मा नाम के व्यक्ति ने छोला थाने में शिकायत की थी। थाने में पदस्थ एएसआई संतोष सिंह दांगी उस मामले की जांच कर रहे हैं। फरियादी ने अपनी शिकायत में आगे बताया कि एएसआई संतोष कुमार दांगी ने उसे बुलाकर रसीद दिखाई जिस पर आवेदक के सील और हस्ताक्षर नहीं थे। इस मामले की जांच को दबाने के ऐवज में एएसआई उससे 50 हजार रुपए की मांग कर रहे है। शिकायत मिलने पर लोकायुक्त टीम ने जॉच की तस्दीक करने पर रिश्वत मांगने की बात सही पाये जाने पर लोकायुक्त ने आरोपी को पकड़ने के लिए योजना बनाते हुए फरियादी और एएसआई के बीच हुई बातचीत में लेनदेन की रकम तय हुई। शनिवार को फरियादी ने जैसे ही एएसआइ संतोष सिंह दांगी के पास पहुंचकर उसे 10 हजार की रकम दी तभी वहॉ पहले से घात लगाकर बैठी लोकायुक्त टीम ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# शाह प्रदेश में लागू करेंगे साइबर तहसील

## केंद्रीय गृह मंत्री उज्जैन से कर सकते हैं साइबर तहसील व्यवस्था शुरू

भोपाल। मध्य प्रदेश में साइबर तहसील की व्यवस्था इसी माह से लागू हो जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इसे लागू करने आएंगे और यह कार्यक्रम उज्जैन में हो सकता है। इसके पहले दो बार अमित शाह का कार्यक्रम टल चुका है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री से अनुरोध किया था कि वे इस व्यवस्था को प्रदेशभर में लागू करने के कार्यक्रम में आएं। उल्लेखनीय है कि इस व्यवस्था के क्रियान्वयन से रजिस्ट्री होने के 15 दिन के भीतर क्रेता के पक्ष में नामांतरण हो जाएगा। इसके लिए उसे अलग से कोई आवेदन भी नहीं करना होगा। इसी तरह अविवादित नामांतरण के लिए सभी पक्षों को तहसील कार्यालय आने की जरूरत भी नहीं होगी। सूत्रों का कहना है कि फरवरी में ही उज्जैन में बड़ा कार्यक्रम कर साइबर तहसील व्यवस्था पूरे प्रदेश में लागू कर दी जाएगी। इससे अविवादित नामांतरण और बंटवारे के प्रकरणों का निराकरण बिना कार्यकाल का चक्कर लगाए हो जाएगा। रजिस्ट्री के बाद 15 दिन में स्वतः नामांतरण होगा। इसके लिए अलग से आवेदन भी नहीं करना होगा।

मध्य प्रदेश सरकार ने राजस्व प्रशासन व्यवस्था में सुधार लाने के लिए लाइलाइन व्यवस्था पर जोर दिया जा रहा है, जिसमें व्यक्ति को कार्यालयों के चक्का ही न लगाने पड़ें। इसके लिए प्रदेश के दतिया एवं सीहोर जिले में 27 मई 2022 को साइबर तहसील का पायलट प्रोजेक्ट किया गया था। छह अक्टूबर 2022 को इंदौर, हरदा, डिंडौरी एवं सागर जिले में साइबर तहसील लागू की गई। 10 अगस्त 2023 को इसका विस्तार आगर मालवा, बैतूल, उमरिया, श्योपुर, विदिशा एवं ग्वालियर जिले में किया गया। बाकी जिलों में इसका विस्तार करने का निर्णय कर सरकार अधिसूचना जारी भी कर चुकी है।


न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी
कटंगी ,जिला बालाघाट ( म.प्र.)

क्रमांक/ 28 /प्रवाचक-1/2024 कटंगी दिनांक 31 / 01 /2024

//आम ईश्तेहार//

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला बालाघाट का आम ईश्तेहार क्रमांक/539/रीडर कले/2023 बालाघाट दिनांक 24.08.2023 के अनुसार थाना कटंगी में जप्तशुदा वाहन 38 नग धारा 25 पुलिस एक्ट मे जप्त कर आम ईश्तेहार एवं सुनवाई हेतु प्राप्त हुआ था। जिसमे 01 वाहन वाहन मालिक के सुपुर्द कर दी गई है। उक्त आम ईश्तेहार के अनुसार दिनांक 24.01.2024 तक जप्त शुदा वाहनो के स्वामित्वधारियो को मूल दस्तवेजो सहित उपस्थित होकर अपना स्वामित्व अधिकार प्रस्तुत करने लेख किया गया है। नियत तिथी तक उपस्थित नही होने पर उपरोक्त जप्तशुदा वाहनो की निलामी कार्यवाही किये जाने निर्देश है। थाना कटंगी जिला बालाघाट का प्रतिवेदन ईश्तगासा क्र. 01/2023 प्राप्त हुआ है। उक्त वाहनो के संपत्ति के राजसात करने व जप्त करने व निलामी के संबंध में यदि किसी संस्था व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो, तो आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि या वाहन निलामी की दिनांक 15.02.2024 समय दोपहर 12:00 बजे के पूर्व तक न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटंगी में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नही होगी। वाहन संपत्ति को राजसात कर आम निलामी से शासन हित मे विक्रय किया जाएगा। वाहन सूची निम्नानुसार है:-

| क्र. | वाहन का प्रकार | वाहन का रजिस्ट्रेशन नम्बर | चेचिस नम्बर | इंजन नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बजाज सीटी 100 | CG04CK2210 | DUFBLMO7491 | - |
| 2 | हिरो होन्डा स्पलेण्डर प्लस | - | 98H19F05393 | - |
| 3 | टी.वी.एस. स्टार सीटि | MH31BC4645 | N3210F246768 | - |
| 4 | होन्डा साईन | MH40AH5130 | ME4JC366Z88151221 | - |
| 5 | प्लसर 150 | MH31ED5211 | MD2DHDHZZBCA46795 | - |
| 6 | हिरो होन्डा सिडी डान | MH31BN5134 | 04C27F06260 | - |
| 7 | हिरो होन्डा स्पलेण्डर प्लस | MH34AG8746 | MBLHA10EZBHM50118 | - |
| 8 | सूपर स्पलेण्डर | CG04CQ0514 | 06EACF11099 | - |
| 9 | फ्रिडम एल.एम.एल. | MP20KK1030 | C70K*244303 | - |
| 10 | हिरो होन्डा स्पलेण्डार एन.एस.जी. | CG04DE7366 | - | - |
| 11 | हिरो होन्डा स्पलेण्डर | - | 02H20F13266 | - |
| 12 | यामाह आर.एक्स.100 | - | 009F72222 | - |
| 13 | टी.वी.एस. स्टार सिटी | MP50BA8542 | MD62SHF5251BO8991 | - |
| 14 | गेलमर | MP20MC2249 | 06MAWC00362 | - |
| 15 | प्लेटिना | - | MD2DDDZZNW623903 | |
| 16 | सी.बी.जेड हिरो होन्डा | - | 07HBMCO4119 | 0HBMM0458 |
| 17 | कावासाकी बाक्सर | - | DFFGHE56447 | DFMBHE53040 |
| 18 | टी.वी.एस. स्टार सिटी | - | - | AF5L5106595 |
| 19 | बजाज बी.वाय.के | MH31E1349 | FDOBJK05284 | FDEBJK05301 |
| 20 | कवासाकी बाक्सर | CG04ZR6867 | DFFFBFL53487 | - |
| 21 | फोर एस. चेम्पियन | MP28D3663 | - | - |
| 22 | सुजूकी सेम्स 100 | MP50B0486 | - | - |
| 23 | राजदूत | - | - | - |
| 24 | हिरो होन्डा स्पलेण्डर | - | 01K20F19342 | - |
| 25 | सुजूकी मेक्स 100 | - | - | - |
| 26 | हिरो स्पलेण्डर प्रो | MP50MB3644 | - | HABELDHM15547 |
| 27 | हिरो होन्डा स्पलेण्डर | CG04LH7161 | 00L20F00542 | - |
| 28 | हिरो होन्डा | CG06CV1673 | 01C21C0724 | - |
| 29 | बजार स्कूटर | MI31J6142 | - | - |
| 30 | हिरो होन्डा | CG06A9786 | 04C16C46122 | - |
| 31 | बजाज स्कूटर | MH31J9351 | - | - |
| 32 | हिरोपूक शक्ति | - | - | - |
| 33 | हिरो होन्डा | - | - | - |
| 34 | हिरो होन्डा | - | 02K20F36658 | - |
| 35 | बजाज सिटी 100 | - | DUFBLGO4918 | - |
| 36 | हिरो होन्डा | MP22E3869 | - | - |
| 37 | हिरो होन्डा सीडी 100 | - | - | - |
| 38 | टी.वी.एस. स्टार सिटी | MH31AY2616 | N3204F074454 | - |

जी-24057/23

अनुविभागीय दण्डाधिकारी
अनुविभागीय दण्डाधिकारी


# लोकसभा में 58 प्रतिशत वोट शेयर पाने का लक्ष्य

भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा सत्र के बाद सरकार गांव-गांव पहुंचेगी। भाजपा के गांव चलो अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद और विधायक गांव पहुंचेंगे। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद करेंगे। पार्टी का जनाधार मजबूत करके वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं से संपर्क करने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित करेंगे। केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को धरातल पर गांव चलो अभियान के माध्यम से उतारकर 58 प्रतिशत वोट हासिल करने का लक्ष्य हासिल किया जाएगा। भाजपा का मानना है कि लोकसभा चुनाव में जब कार्यकर्ता लोगों को अपनी बात कहेंगे तो लोगों का उस पर विश्वास ज्यादा होगा क्योंकि चाहे केंद्र की योजनाएं हो या फिर राज्य की सभी का लाभ हितग्राहियों को मिल रहा है और वो अब पार्टी के कार्यकर्ता को सम्मान की नजर से देखते हैं। पार्टी का प्रयास है कि अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक प्रधानमंत्री मोदी की योजना का लाभ पहुंचे।

पार्टी ने नौ फरवरी से गांव चलो अभियान शुरू किया है, लेकिन संसद और विधानसभा सत्र में व्यस्त होने के कारण मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद और विधायक शामिल नहीं हो पाए थे। मुख्यमंत्री छिंदवाड़ा जिले के हर्रई विकासखंड अंतर्गत आने वाले गांव जाने वाले थे, लेकिन हरदा हादसे के कारण कार्यक्रम स्थगित हो गया था। गांव-गांव पहुंचाएंगे मोदी सरकार की योजनाएं

भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव तक पहुंचेंगे और ग्रामीणों से मोदी सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं के लाभ के संबंध में चर्चा करेंगे। साथ ही लाभांवित लोगों से भेंट कर उनके अनुभव सुनेंगे। इसके अलावा भाजपा कार्यकर्ता व संगठन पदाधिकारियों के साथ बूथ समिति और पन्ना प्रमुखों का कार्य निर्धारित करना, मतदाता सूची का निरीक्षण करना, वाट्सएप ग्रुप बनवाना, संगठन एप डाउनलोड कराना, विकसित भारत एम्बेसडर बनाना, विगत चुनावों की समीक्षा भी करेंगे। जनप्रतिनिधियों, जनसंघ कालीन कार्यकर्ताओं, विचार परिवार कार्यकर्ताओं, पार्टी से जुड़े नवीन कार्यकर्ताओं से संपर्क करना।

# अब चलित प्रयोगशाला में होगी दूध की जांच

भोपाल। बाजार में बिकने वाला दूध शुद्ध है या नही, इसकी जांच करने के लिए प्रदेश के हर जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग के पास एडवांस्ड मिल्कोमीटर होगा। इस उपकरण को अगले माह के पहले सप्ताह में प्रत्येक जिले को उपलब्ध कराए जाने की योजना है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने इस पर काम भी शुरू कर दिया है। दरअसल, अभी भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआइ) द्वारा प्रदेश के 15 जिलों में खाद्य चलित प्रयोगशाला की सौगात दी गई है, जिसमें पुराने मिल्कोमीटर लगे हैं। अब इनको नए एडवांस्ड मिल्कोमीटर से अपडेट किया जाएगा। वहीं प्रदेश में आने वाली 40 नवीन चलित प्रयोगशालाओं में पहले से एडवांस्ड मिल्कोमीटर लगे हैं। अधिकारियों का कहना है कि पुरानी चलित प्रयोगशालाओं में लगे मिल्कोमीटर में चार-पांच जांच ही हो पाती थी। अब एडवांस्ड उपकरण से दूध से जुड़ी 35 तरह की जांच आसानी से हो सकेंगी। इतना ही नहीं, दुग्ध जांच की रिपोर्ट भी दो-तीन मिनट में मिल जाएगी।

### तीन माह पहले दिया था प्रशिक्षण

दूध की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग के अधिकारियों को तीन माह पहले मशीन चलाने का प्रशिक्षण दिया गया था। विशेषज्ञों की मानें तो दूध की जांच करने की मशीन जिले में उपलबध होने पर प्राथमिक स्तर पर जांच कर कार्रवाई करने में आसानी होगी।

# शराब ठेकेदारों को जमा करनी होगी ई-बैंक गारंटी

भोपाल। शराब ठेकेदारों के फर्जी बैंक गारंटी जमा करने के मामले सामने आने के बाद अब नियमों में बदलाव कर दिया गया है। अब शराब ठेकेदारों को पहले ई-बैंक गारंटी जमा करनी होगी। सरकार के नए नियम से 3600 से अधिक दुकानों के आवंटन से सरकार के खजाने में जमा होंगे 4 हजार करोड़ रुपए।

बता दें कि फर्जी बैंक गारंटी देकर पिछले साल पांच जिलों के ठेकेदारों ने सरकार को 100 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान पहुंचाया था। कई ठेकेदारों ने ठेका लेते समय फर्जी बैंक गारंटी लगाई थी। अब शराब का ठेका लेने के बाद तीन दिनों के अंदर ही सरकार के खजाने में बैंक गारंटी की राशि जमा करनी होगी।

## कैग की रिपोर्ट में खुलासा

# पंचायतों की बैठक में प्रतिनिधियों की रूचि नहीं

भोपाल। चुनावों के दौरान ग्रामीण विकास की बड़े-बड़े दावे करने वाले नेता जब जीत कर प्रतिनिधि बन जाते हैं तो वे पंचायतों की बैठकों में रूचि नहीं लेते हैं। इस कारण पंचायतों के विकास की कार्ययोजना अधूरी रह जाती है। इसका खुलासा भारत के महालेखाकार रिपोर्ट (सीएजी) की रिपोर्ट में हुआ है। महालेखाकार की रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्राम पंचायते वार्षिक लेखों को अंतिम रूप देने, बजट के अनुमोदन, प्रशासनिक प्रतिवेदन और जीपीडीपी तैयार करने जैसे अनिवार्य कार्य को पूरा करने में भी विफल रही है। जहां एक ओर सरकार ग्रामीण जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने पंचायतों को शक्ति संपन्न बनाने में जुटी है, वहीं दूसरी ओर ग्राम स्वराज का पर्याय बनी ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि बैठकों में रूचि नहीं दिखा रहे हैं। वे जनहित और ग्राम विकास के लिए आयोजित की जाने वाली इन बैठकों को ठेंगा दिखाकर इनसे दूरी बना रहे हैं।

भारत के महालेखाकार रिपोर्ट (सीएजी) में चिंता जताते हुए कहा गया है कि ग्राम विकास के फैसले राज्य की अधिकांश ग्राम पंचायतों में बिना गणपूर्ति (पंचायत प्रतिनिधियों) के लिये जा रहे हैं। आंकलन इसी से किया जा सकता है कि सीएजी द्वारा लेखा परीक्षण के लिये चयनित 20 ग्राम पंचायतों में वर्ष 2016-21 के बीच हुई किसी भी बैठक में आवश्यक गणपूर्ति की जरूरत नहीं समझी गई। इसके अलावा इन ग्राम पंचायतों ने अधिनियम के तहत हत सुनिश्चित बैठकें कराने में भी दिलचस्पी नहीं दिखाई है। जिससे 400 त्रैमासिक और 100 वार्षिक बैठकों के स्थान पर मात्र 229 और 82 बैठकें हो सकी। इन बैठकों को लेकर पंचायत कार्यालय कितने गंभीर हैं उसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पंचायत कार्यालय सभी बैठकों और उपस्थित प्रतिनिधियों के विवरण तक यह मुहैया नहीं करा पाए हैं। त्रैमासिक हुई 229 और 82 वार्षिक बैठकों में से ये पंचायत कार्यालय 143 त्रैमासिक और 53 वार्षिक बैठकों के ही सदस्यों की उपस्थिति की जानकारी ही उपलब्ध करा पाए हैं। 73वां संविधान अधि. के अनुच्छेद 234-क के साथ पीआरआई अधि. की धारा-06-1 के अनुसार ग्राम सभा की बैठक त्रैमासिक (जनवरी-अप्रैल, जुलाई-अक्टूबर) आयोजित की जानी चाहिये। इसी अधिनियम के 5 धारा 07-2 में वित्तीय वर्ष की समाप्ति से तीन माह पूर्व वार्षिक बैठक का प्रावधान किया गया है। यह वार्षिक लेखा और आगामी वर्ष के लिये बजट पर चर्चा के लिये है। 18 बैठकों में महिलाओं की उपस्थिति 50 प्रतिशत से अधिक थी। शेष 178 बैठकों में एक से 40 प्रतिशत के बीच ही महिलाएं उपस्थित हो पाई। 82 वार्षिक बैठकों में से 64 वार्षिक बैठकें 7 से 276 दिनों के विलंब से कराई गई।

# कार्यालय कलेक्टर (जिला शहरी विकास अभिकरण) जिला बालाघाट

कमांक :- डूडा /395/2024

बालाघाट दिनांक 09/02/2024

## सार्वजनिक सूचना

नगर पालिका परिषद बालाघाट सीमा क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 19/09/2023 में प्रकाशित अनाधिकृत कालोनियो से संबंधित नियम 23 के अंतर्गत उपनियम 7 (ग) अंतर्गत 31/12/2016 के पूर्व अस्तित्व मे आई अनधिकृत कालोनियां का अंतिम योजना का प्रकाशन विकास लागत के साथ किया जा रहा है। प्रश्नाधीन अनधिकृत कालोनियों में नागरिक अधोसंरचना प्रदाय किये जाने के लिये तैयार योजना के अवलोकन पश्चात सर्वसंबंधितों को यदि कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्रस्तुत करना है तो वह नगर पालिका परिषद बालाघाट के कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रश्नाधीन कॉलोनी के संबंध में अभिलेखों का अवलोकन भी किया जा सकता है। निर्धारित समयावधि मे दावा-आपत्ति, सुझाव प्राप्त न होने की दशा में यथा प्रकाशित प्रारूप अंतिम मान्य किया जा सकेगा।

| | | | अनाधिकृतकालोनी की भूमि का विवरण | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र. | अनधिकृत कॉलोनी का नाम/स्थान | भू-स्वामी का नाम व पूरा पता | खसरा क्रं. | कुल रकबा (हेक्टेयर में) | कॉलोनी में अवसंरचना विकास हेतु विकास शुल्क राशि (प्रति वर्गफुट) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | भटेरा रोड़ | रुक्मणी / शंकरलाल घुवारे | 7/1k | 0.309 | 42.00 |
| 2 | | रुक्मणी / शंकरलाल घुवारे | 9/2K H | 0.194 | 82.00 |
| 3 | | रुक्मणी / शंकरलाल घुवारे | 10/2K H | 0.263 | 75.00 |
| 4 | | रुक्मणी / शंकरलाल घुवारे | 11/1-12/1G H | 1.248 | 40.00 |
| 5 | | महेशकुमार / पुरनलाल घुवारे | 4/11/1 | 0.249 | |
| 6 | | लीलावती/हीरामन साव घुवारे | 12/1K | 0.026 | 184.00 |
| 7 | | डी आर साकरे/सुरजलाल साकरे | 13/2K H/1 | 0.14 | 49.00 |
| 8 | | सुनील/ईश्वरदयाल बिसेन | 15/3J/1K | 0.008 | 53.00 |
| 9 | भटेरा चौकी | नीता/प्रकाशचंद दखवानी | 15/3J/2 | 0.09 | 53.00 |
| 10 | | रेखा/किशन चावला | 15/3T/1 | 0.039 | |
| 11 | | मायादेवी/बच्चुमल वाधवानी | 16/3G/2K | 0.894 | 50.00 |
| 12 | | भरतलाल / मोहनलाल दखवानी | 19/2K/1 | 0.239 | 50.00 |
| 13 | | मायादेवी /बच्चुमल वाधवानी | 19/2K H/1 | 0.092 | |
| 14 | | रुपेश कुमार /हसमुखराम जैन | 19/2K H/3K | 0.065 | |
| 15 | | बलीराम /साधूसाव पिपलेवार | 22/2/2/1 | 0.455 | 62.00 |
| 16 | | पुरनलाल /सहेसराम | 24/5K | 0.19 | 47.00 |
| 17 | | इंदुबाई/शिवशंकर | 24/4/1,25/4/1 | 0.181 | |
| 18 | | भरतलाल /मोहनलाल दखवानी | 27/1K H/1 | 0.287 | 63.00 |
| 19 | | | 28/4K/1 | | |
| 20 | | प्रभु एस बुड्डेकर/एस एस बुड्डेकर | 51/3K, 3K H,4K H/1 | 0.429 | 84.00 |
| 21 | | रामलाल /छोटेलाल | 54/2K/1 | 0.809 | 47.00 |
| 22 | | आभा/सावनलाल | 56/2K/1 | 0.375 | 51.00 |
| 23 | | चेतनबाई/झाडुलाल | 58/2K H/1 | 0.15 | 140.00 |
| 24 | | सुरेश/पुरनलाल डोहरे | 28/1K H/1 | 0.405 | 43.00 |
| 25 | | महेश /मंगलदास सुंदरानी | 54/3C H/1 | 0.101 | 76.00 |
| 26 | पंप हाउस रोड रेलवे के पास | अनिल कुमार/धरमचंद कांकरिया | 236/1K H | 0.809 | 46.00 |
| 27 | | | 232/2 | 0.809 | 58.00 |
| 28 | | सियाराम/तुलसीराम | 233/1 | 0.294 | 41.00 |
| 29 | | मीना /राजेन्द्रकुमार | 39/140/2/2K | 0.801 | 66.00 |
| 30 | | सोनियाराम / सुधीरराम | 42/1/1 | 0.19 | 64.00 |
| 31 | | मधुमती / पुरनलाल ठाकरे | 47/3K,48/1,49/1 | 0.809 | 68.00 |
| 32 | बैहर रोड फ्रेंड्स कोलोनी | शाहेदा/ अबरार सिद्धिकी | 220/1K,220/5K,227/2K, 227/2K H | 0.99 | 107.00 |
| 33 | | सुनील/धनराज आहूजा | 225/2K H, 225/2C H,225/ 2C H | 0.89 | |
| 34 | | आरती /रवीद्र श्रीवास्तव | 227/1K H,227/4K | 0.094 | 79.00 |
| 35 | | भगवानदास /शारदा प्रसाद श्रीवास्तव | 227/5K | 0.202 | 107.00 |
| 36 | | चित्रा/राजकुमार खंडेलवाल | 240/1-241/3/2K,240/4K, 240/5K, 240/6K,240/7K,240/8K,240/9K | 1.618 | |
| 37 | | पुनियाबाई /पन्नालाल | 239/2K | 0.405 | |
| 38 | | अब्दुल रफीक /अब्दुल गफूर | 242/5-243/10 | 0.202 | |
| 39 | | लक्ष्मीकान्त /शंभूराव लांजे | 242/6-243/11 | 0.16 | |
| 40 | | जुल्फ़ेकार अहमद /मुस्तकीम अहमद | 266/1 | 0.809 | |
| 41 | | मुकेश/ किसनलाल फुलसुंघे | 267/2K H/2K | 0.303 | |
| 42 | | अमृताबाई /जगतराम लोधी | 87/3/1 | 0.202 | |
| 43 | बैहर चौकी वेयर हाउस के पास और बड़ा रोड | मूलचंद /नेतलाल | 87/4K | 0.202 | 43.00 |
| 44 | | मेहतर /सूखा लोधी | 88/1K/1,88/1G/1 | 0.105 | |
| 45 | | कल्पना/ तरुण सुराना | 88/1K H/1,88/2K/1 | 0.89 | 50.00 |
| 46 | | जगन/सूखा लोधी | 88/1C H H | 0.202 | |
| 47 | | ईश्वरी /सूखा लोधी | 107/16/1,107/1K H/1 | 0.202 | 48.00 |
| 48 | बैहर रोड वालाजी नगर | महेंद्र कुमार/धनराज सुराना | 119/4 | 0.03 | 58.00 |
| 49 | | महेंद्र कुमार / धनराज सुराना | 126/1K | 0.576 | |
| 50 | | महेंद्र कुमार /धनराज सुराना | 126/2K | 0.005 | |
| 51 | | महेंद्र कुमार/धनराज सुराना | 126/2K H | 0.082 | |
| 52 | | महेंद्र कुमार / धनराज सुराना | 126/3,126/4,126/5 | 0.294 | |
| 53 | | महेंद्र कुमार / धनराज सुराना | 126/6 | 0.024 | |
| 54 | | महेंद्र कुमार /धनराज सुराना | 126/7 | 0.02 | |
| 55 | | महेंद्र कुमार / धनराज सुराना | 127/2 | 0.842 | |
| 56 | देवटोला बड़ी बस्ती बैहर रोड | शोभा/शंकर मुंजारे | 136/1J,136/10, 136/1T H | 0.375 | 74.00 |
| 57 | | कांता रानी/ किशोर कुमार बिसेन | 140/1K | 0.14 | 54.00 |
| 58 | | फर्म प्रकाश पुंज कैलाश चंद / देवीचन्द वैद्य | 149/3K | 0.375 | 42.00 |
| 59 | बैहर रोड देवनगर | हीरा वैद्य/देवीचन्द वैद्य | 157/1,159/1 | 0.27 | 43.00 |
| 60 | | महेंद्र कुमार /धनराज सुराना | 160/2/1 | 0.167 | 50.00 |
| 61 | | आशा कुमार /रमेश कुमार सौलखे लोधी | 164/1K,164/1K H | 0.809 | |
| 62 | | अनिल कुमार/भजन लाल चंदेल | 168/1 | 0.202 | |
| 63 | | बसंता बाई/जियालाल उपवंशी | 168/3 | 0.069 | |
| 64 | | परमिला चाई/रामप्रसाद लोधी | 166/16/1 | 0.166 | |
| 65 | बैहर रोड महेंद्रम मे | महेंद्र कुमार /धनराज सुराना | 167/1 | 0.607 | 76.00 |
| 66 | | महेंद्र कुमार /धनराज सुराना | 167/2 | 0.16 | |
| 67 | | महेंद्र कुमार /धनराज सुराना | 167/6 | 0.203 | |
| 68 | | महेंद्र कुमार /धनराज सुराना | 167/8 | 0.008 | |
| 69 | | महेंद्र कुमार /धनराज सुराना | 169/3 | 0.129 | |
| 70 | | महेंद्र कुमार /धनराज सुराना | 169/4 | 0.089 | |
| 71 | | महेंद्र कुमार /धनराज सुराना | 169/5K | 0.138 | |
| 72 | | महेंद्र कुमार / धनराज सुराना | 170/1 | 0.247 | |
| 73 | | महेंद्र कुमार / धनराज सुराना | 170/3 | 0.024 | |
| 74 | | महेंद्र कुमार /धनराज सुराना | 176/1 | 0.121 | |
| 75 | | महेंद्र कुमार /धनराज | 176/5 | 0.486 | |
| 76 | | महेंद्र कुमार /धनराज सुराना | 177/2K | 0.053 | |
| 77 | | महेंद्र कुमार /धनराज सुराना | 177/2K H | 0.105 | |
| 78 | | महेंद्र कुमार / धनराज सुराना | 178/3K | 0.012 | |
| 79 | | महेंद्र कुमार /धनराज सुराना | 178/3K H | 0.049 | |
| 80 | बाईपास रोड लहरी नगर | राजेश कुमार /आज्ञाराम गांधी | 188/15-192/15 | 0.501 | 68.00 |
| 81 | | कुलदीप / आज्ञाराम गांधी | 188/16-192/16 | 0.38 | |
| 82 | | अरविंद / घनश्याम डहाके | 194/1,180/1 195/1- 193-2 | 0.405 | |
| 83 | दादाबाड़ी स्कूल के पीछे | चन्द्रशेखर / इंदरचंद चतुरमोहता | 342/6K,342/7,342/9,34 2/10 | 0.809 | 43.00 |
| 84 | गोदिया रोड स्नेह नगर | उषा/योगेश कुमार | 370/1-370/3/4/370/1- 371/3/5K | 0.252 | 49.00 |
| 85 | | चन्द्रप्रकाश / लालचंद वैध | 370/1-370/3/1K/1 | 0.303 | |
| 86 | गंगानगर रोड साई मंदिर | मनीष /गुलाबचन्द | 284/1K H/1 | 0.056 | 168.00 |
| 87 | | आत्माराम /सकट्या बारमाटे | 154/1,2,3,155/1K H/2K/1 | 0.034 | 175.00 |
| 88 | | जैवन्ता बाई /जयराम बगैरह | 163/16/1, 167/3K | 0.106 | |
| 89 | | द्वारकन / गोवर्धन बगैरह | 163/2K | 0.163 | |
| 90 | | मधुमती /पुरनलाल ठाकुर, स्मिता बाई/फेफनलाल डहरवाल | 157/16/8K | 0.029 | |
| 91 | | शिवप्रसाद /आडकनसाव सोनेकर | 170/3K | 0.3 | |
| 92 | | पुष्पाबाई/ रामदास, पवन, किशोर/ रामदास वाधवानी | 157/1G/2G | 0.06 | 55.00 |
| 93 | | मणि/कोमलचंद जैन/राकेश कुमार जैन | 141/2K | 0.109 | |

क्रमशः शेष पृष्ठ क्र. 11 पर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 94 | | युवराज प्रेमलाल केवलचंद/ खमचंद घुवारे | 46/1,46/2/1 | | |
| 95 | | चन्द्रकान्त/ चेतराम साव | 168/11K | 0.259 | 50.27 |
| 96 | | मायादेवी / बच्चुमल वाधवानी | 167/2,167/1K,167/1KH | 0.607 | 57.00 |
| 97 | लुबिनीनगर | कन्हैया लाल ताराचंद/ खेतरीलाल | 82/1KH,82/2,82/3/1 83/1K,83/2,3/1 49.51/1K | 0.192 | 84.00 |
| 98 | | गीता / आसनलाल साठे | 161/1K,125/2K/1 | 0.777 | 88.00 |
| 99 | | गोविंद/ सेवकराम | 157/1K 160/1KH/1 | 0.777 | |
| 100 | | मुकेश/किशनलाल फुलसूंघे | 114/3KH/3K,82/8,9,10, 82/1KH, 82/2,82/3/2,3K | 0.113 | 84.00 |
| 101 | | विजय/ कोडामल वाधवानी | 49,51/2K | 2.304 | |
| 102 | | प्रतीक/ रवि शंकर घुवारे | 45/1K,45/2K/2K | 0.303 | |
| 103 | शालिनी लॉन, भटेरा रोड | गोविंद/ सेवकराम | 5/2K,5/2CHH/1,4/3/1,1 1/1 | 0.195 | 43.00 |
| 104 | भटेरा रोड बूढ़ी | तरासन बाई/ हरीशचंद, नंदकिशोर, दिगंबर जुगलकिशोर/ हरिचन्द | 18/1KH/1,63/1,64/1KH | 0.456 | 42.00 |
| 105 | | सुनील/ नंदलाल पिपरा वगैरह | 63/2 | | |
| 106 | | योगेश चंद / टेकचंद तिलासी | 61/1KH/1, | | |
| 107 | | अर्चना / अभय लोकरे | 63/1/1,64/1KH/1 | | |
| 108 | भटेरा रोड सरदार बाड़ा | निरंजन सिंह/ सोहन सिंह | 8/1K/1 | 0.195 | 42.00 |
| 109 | जोड़ा महुआ के पास | छाया/ दीपक वैश्य | 120/1 127/2K,127/2GH,127/2 CHH/1KH/1 | 0.177 | 72.00 |
| 110 | | दुर्गाबाई/ सीताराम, दीपक, प्रकाश, आकाश / सीताराम वैश्य | 127/2G/1,128/2,3,4/1 | 0.039 | |
| 111 | | सुनौ/ अमरू | 86/1CHH,87/2/1 | 0.089 | |
| 112 | आमा तालाब के पास | वचचू राम/ अर्जुनदास वाधवानी | 114/3KH/1,168/1K,169 /1 | 0.166 | 47.00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 113 | | लीलाबाई बुधरम, अरुण, संतोष, ममता, संगीता, घनीता, सीमा/ बुधराम | 117,118/2 | | |
| 114 | | मुक्तालाल, बाल कृष्ण, संतोष, लेखराम फुलकुमारी/ बुधाजी वगैरह | 112/1KH/1 | | |
| 115 | | राजकुमार/हरिवल्लभ खंडेलवाल | 146/26K | | |
| 116 | गौरी शंकर नगर के पहले | संतोष/ हीरालाल शर्मा, पीयूष/ हीरालाल शर्मा | 86/1CHH,87/2/3K,36/1 CHH,87/2/12K | 0.206 | 53.00 |
| 117 | बूढ़ी | अनिल/ शंकर लाल घुवारे, मुकेश/ किशनलाल फलसूंघे | 96/2KH/1 | 0.036 | 55.00 |
| 118 | | केवलराम/ दाधुसाव | 110/1K | 0.036 | |
| 119 | | उर्मिला/ सुंदरलाल सोनेकर | 47/3,47/5,166/2/8K | 0.147 | |
| 120 | सिद्धार्थनगर | फागुनीबाई / बूधाजी | 104/2K,105/2K/1 | 0.825 | 53.00 |
| 121 | डॉक्टर कॉलोनी | मनोज / गोविंद दास नेमा | 18/1K/1,98/1,99/1,102 /3K | 0.196 | 67.00 |
| 122 | बूढ़ी टीमरटोला | रंगलाल / झीटू पाचे | 149/1T/1 | 0.07 | 104.00 |
| 123 | एसएमसी स्कूल के सामने | चुन्नीलाल/ फागुजी ठाकुर | 143/1KH,143/6,144/1K H,157/1CHH | 0.089 | 65.00 |
| 124 | | चुन्नीलाल/ फागुजी ठाकुर | 143/1KH,143/6,144/1K H,157/1CHH | 0.153 | 52.00 |
| 125 | श्रवण नगर सरेखा बायपास | अरविंद, जयचंद,जगदीश,अशोक, वसंत/ सरवनलाल | 76/1KH,77/1K | 0.189 | 73.00 |
| 126 | | माया/ दयानन्द, तुषार सविता/दयानन्द वगैरह | 76/3K/1,77/3K,79/1JH/ 1 | 0.286 | |
| 127 | | चन्दन लाल/ जोगीसाव, मोहनलाल, सोहनलाल/चन्दन लाल अनसुईया / दुर्जन लाल | 96/2KH/1 | 0.089 | 65.00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 128 | | खिलेश/ टन्टु लाल | 75/1K | 0.023 | |
| 129 | सरस्वती स्कूल के पास | गौरी/ प्रमोद, गीतांजलि/ अजय, आनंद/राम नारायण दुबे | 302/1,303/1 | 0.282 | 49.00 |
| 130 | | उषा/ योगेश कुमार | 284/1K | 0.305 | 50.00 |
| 131 | पवनी नगर | धरमू/ सरवन | 36/5,36/6,36/7/1 | 0.089 | 49.00 |
| 132 | | जयकुमार उर्फ सुमनबाई | 33/1 | 0.02 | |
| 133 | | अशरफ, सादिक, / अहमद आली | 37/2K,37/2KH/2,37/10 38/1KH,38/1G | 0.203 | 57.00 |
| 134 | | मायादेवी / बच्चुमल वाधवानी | 38/1GH,38/3 | 0.203 | |
| 135 | | निर्मला बाई/ महेश कुमार | 41/1 | 0.036 | |
| 136 | सरेखा | नजरलाल/ डेधिया | 98/2K/1 | 0.021 | 71.00 |
| 137 | | नेहा, श्रद्धा, खुशबू/ रमेश चंद चतुर मोहता | 279/1K | 0.089 | 164.00 |
| 138 | | जगदीश/ घिससु | 323/1,323/2 | 0.039 | 84.00 |
| 139 | | कोमल लाल/ दूधीसाव | 319/1KH/1,321/2K | 0.201 | 74.00 |
| 140 | सरेखा वघोली रोड | महेंद्र कुमार/ धनराज सुराना | 58/2K,59/1K,60/1 | 1.203 | 58.00 |
| 141 | बालाजी नगर सरेखा बायपास | महेंद्र कुमार/ धनराज सुराना | 117/4KH, 117/6,117/7KH,117/8,9 ,10/1KH | 1.147 | 72.00 |
| 142 | | महेंद्र कुमार/ धनराज सुराना | 117/2K | 0.299 | |

*कॉलम क्र. (6) में उल्लेखित विकास शुल्क, कॉलोनी नियम 2021 (नवीनतम संशोधन 26 मई 2023 तक) के नियम 24 अनुसार निम्न आय वर्ग के रहवासियों पर 20% एवं अन्य रहवासियों से 50% की दर से व्यक्तिगत अधिरोपित होगा। परन्तु निम्न आय वर्ग के रहवासियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निम्न आय वर्ग का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

उपरोक्त लिखित अनधिकृत कालोनियों के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिये सक्षम प्राधिकारी/निकाय के कार्यालय में कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है।

इस सूचना में निर्धारित समयावधि में सुझाव/आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में यह माना जायेगा कि उक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति नहीं है।

कलेक्टर
जिला– बालाघाट, (म.प्र.)

## 3 साल से जमे अफसरों को हटाने चुनाव आयोग ने दिए हैं निर्देश

# आईएएस-आईपीएस सहित अन्य अफसरों के होंगे तबादले

भोपाल। मध्य प्रदेश में अगले 5 दिनों में आईएएस, आईपीएस, राज्य प्रशासनिक सेवा और राज्य पुलिस सेवा के अफसरों के व्यापक तबादले होंगे। चुनाव आयोग ने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि 15 फरवरी तक एक ही स्थान पर तीन साल से जमे अफसरों को हटाकर इसकी रिपोर्ट दें। आयोग के निर्देश के बाद सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी), गृह तथा पुलिस और राजस्व विभाग में ऐसे अफसरों को हटाने के लिए सूची तैयार करने का काम तेजी से चल रहा है। सबसे अधिक तबादले जीएडी और गृह विभाग में किए जाएंगे। इसमें कई जिलों के कलेक्टर, एसपी, संभागायुक्त, आईजी, अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर और एएसपी, सीएसपी स्तर के अधिकारी प्रभावित होंगे। चुनाव आयोग के निर्देश के चलते मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने 6 जनवरी से 8 फरवरी तक कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षकों समेत मतदाता सूची तैयार करने से सीधा संबंध रखने वाले अफसरों को नहीं हटाने के लिए राज्य सरकार को ताकीद किया था। इसके चलते ये तबादले रुके हुए थे। अब चूंकि 8 फरवरी को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन हो चुका है तो तबादले के लिए सूची तैयार करने और नवीन पद स्थापना की तैयारी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कहा कि 15 फरवरी तक सरकार को 30 जून की स्थिति में एक ही जिले में तीन साल की पद स्थापना होने पर हटाने के आदेश जारी करना है। इसके बाद सरकार को चुनाव आयोग को रिपोर्ट भेजना है।

### कई कलेक्टर, एसपी बदलेंगे, सूची तैयार

मोहन यादव सरकार ने शपथ लेने के बाद अभी जिलों में 11 कलेक्टरों और कुछ पुलिस अधीक्षकों के तबादले के अलावा बड़ी प्रशासनिक सर्जरी नहीं की है। माना जा रहा है कि 15 फरवरी तक जारी होने वाली तबादला सूची में कई जिलों के कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को हटाया जा सकता है। इसके अलावा आईजी के रूप में सेवाएं दे रहे एडीजी और कुछ संभागायुक्तों को भी बदला जा सकता है। इसके अलावा सबसे अधिक बदलाव अपर कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत, संयुक्त कलेक्टर और डिप्टी कलेक्टर के पदों पर कार्यरत अफसरों के मामले में भी होना है।

### तहसीलदार, टीआई भी बदलेंगे

आयोग के निर्देश हैं कि तीन साल की अवधि पूरी कर चुके और चुनाव से सीधा संबंध रखने वाले अफसरों और पिछले चुनाव में शिकायती पृष्ठभूमि वाले अफसरों को सरकार हटा दे अन्यथा आचार संहिता लागू होने पर चुनाव आयोग कार्यवाही कर हटाएगा। इसलिए माना जा रहा है कि तहसीलदार और टीआई के तबादले भी होंगे। हालांकि राजस्व विभाग द्वारा 6 माह पहले तहसीलदारों के व्यापक तबादले किए थे और इसके बाद कई तहसीलदारों को प्रभारी डिप्टी कलेक्टर के रूप में पदस्थ किया था।

# हल्द्वानी हिंसा का मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक दिल्ली से गिरफ्तार

### -पुलिस द्वारा हल्द्वानी लाकर की जा रही पूछताछ

नई दिल्ली । हल्द्वानी में हिंसा कराने के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा उसे हल्द्वानी लाकर पूछताछ की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार अब तक सपा नेता के भाई समेत पांच लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। संवेदनशील वहीं इलाके को चारों ओर से अर्द्धसैनिक बलों के साथ ही पुलिस और पीएसी ने घेर रखा है। दरअसल बनभूलपुरा में मलिक के बगीचे में अवैध मदरसा व नमाज स्थल हटाने के दौरान बवाल, पथराव और आगजनी के मामले में उपद्रवियों की धरपकड़ जारी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बवाल कराने के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार से अब तक पुलिस अलग-अलग क्षेत्र में दबिश देकर 75 से अधिक उपद्रवियों को हिरासत में ले चुकी है। बता दें कि इस उपद्रव में पुलिस ने महिलाओं को भी नामजद किया है। क्योंकि पहले उपद्रवियों ने महिलाओं को ही ढाल बनाया था। उन्हें आगे कर नारे लगवाए गए। महिलाएं धरने पर बैठी और फिर जब पथराव शुरू हुआ तो इसमें उन महिलाओं की भी भूमिका रही, जो नारे लगा रही थीं।

इस मामले में अब तक सपा नेता के भाई समेत पांच लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। संवेदनशील इलाके को चारों ओर से अर्द्धसैनिक बलों के साथ ही पुलिस और पीएसी ने घेर रखा है। किसी भी स्थिति में मामला अब न बिगड़े, इसलिए सरकार ने केंद्र से चार अतिरिक्त कंपनी अर्द्धसैनिक बल और मांगा है। बता दें कि इस बवाल में उपद्रवियों ने 100 से अधिक वाहनों और बनभूलपुरा थाने को फूंक दिया था। वैध व अवैध असलहों से गोलियां चलाई गई थी। इस समय प्रशासन ने शहर के दूसरे हिस्सों को कर्फ्यू में ढील दे दी है। जबकि इंटरनेट सेवाएं शनिवार रात से बहाल कर दी गई हैं।


# कांग्रेस की नीतियों ने देश को बहुत नुकसान पहुंचाया – अनुराग ठाकुर

धर्मशाला । संसद के बजट सत्र में सरकार द्वारा श्वेत पत्र पेश करने के बाद भाजपा ने कांग्रेस को घेर लिया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस की नीतियों ने देश को बहुत नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि श्वेत पत्र ने कांग्रेस की पोल खोल दी है। हम देश हित में पिछले 10 साल तक चुप रहे। बता दें कि संसद के बजट सत्र में केंद्र सरकार ने अपनी आर्थिक नीतियों, राजस्व और राजकोष की स्थिति स्पष्ट करने के लिए श्वेत पत्र पेश किया। 69 पेज के इस श्वेत पत्र में केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, अंतरराष्टीय संस्थाओं और महत्त्वपूर्ण रेटिंग एजेंसियों के आंकड़ों के सहारे यह साबित करने की कोशिश की गई है कि यूपीए के शासनकाल में देश की अर्थव्यवस्था बहुत खराब स्थिति में थी। इसमें बताया गया कि 15 बड़े घोटालों से देश की अर्थव्यवस्था बेहद खराब स्थिति में पहुंच गई थी, जबकि मोदी सरकार के पिछले दस साल के शासनकाल में इसमें बहुत सुधार हुआ है। हालांकि संसद में श्वेत पत्र पेश होने के बाद भाजपा नेता लगातार कांग्रेस को घेरने में लगे हैं। इधर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि श्वेत पत्र ने कांग्रेस की पोल खोल दी है।

# धरने पर बैठे दिव्यांगों को थमाया शांति भंग करने का नोटिस

## कलेक्टर के पास बोतलों में पेट्रोल लेकर जायेंगे -अमन नामदेव

**बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। अपनी लंबित मांगों को लेकर धरना कर रहे दिव्यांगजनों को पुलिस प्रशासन द्वारा धारा 107 और 116 के शांति भंग करने के नोटिस 11 फरवरी को दे दिए गए हैं, इसके बाद दिव्यांग संघ के पदाधिकारी अमन नामदेव द्वारा कहा गया कि जिस प्रकार से वह शांति भंग ना करते हुए धरना प्रदर्शन कर रहे थे ,उसके बाद प्रशासन द्वारा उन्हें शांति भंग करने की धारा के नोटिस दिए गए हैं उसको देखते हुए वह 12 फरवरी को जिला कलेक्टर के पास बोतलों में पेट्रोल लेकर जाएंगे और पूछेंगे कि आखिर क्यों उन्हें शांति भंग करने की धारा के नोटिस दिए गए हैं ,वहीं देर शाम नोटिस मिलने की सूचना मिलने पर भीम आर्मी द्वारा भी दिव्यांगजनों के समर्थन में उतरते हुए अंबेडकर गार्डन में प्रदर्शन किया गया।**



आपको बतादे दे की पिछले 15 दिनों से शहर के आंबेडकर उद्यान में अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे दिव्यांजनों को पुलिस ने रविवार को धारा 107/116 के तहत शांति भंग करने के मामले में नोटिस थमाया है। नोटिस मिलते ही दिव्यांजनों ने प्रशासन के खिलाफ अपना आक्रोश प्रकट किया है। दिव्यांग कल्याण सेवा समिति के बैनर तले इस धरना प्रदर्शन में शामिल समिति के अध्यक्ष अमन नामदेव ने कहा कि हम पिछले 15 दिनों से आंबेडकर उद्यान में शांतिपूर्वक और बिना माइक, साउंड सिस्टम के अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं। इसके बाद भी पुलिस ने हमें शांति भंग करने का नोटिस दिया है। अगर ये शांति भंग करना कहलाता है, तो कलेक्टर बताएं कि धरना प्रदर्शन कैसे किया जाता है। गौरतलब है कि जिले के दिव्यांग लंबे समय से कलेक्ट्रेट दर पर कार्य देने, छात्रावास उपलब्ध कराने, विद्यालयों व महाविद्यालयों में दिव्यांगों को नि.:शुल्क शिक्षा देने, परीक्षा शुल्क माफ करने, दिव्यांगों को दी गई ट्राइसाइकिल की रिपेयरिंग कराने जैसे मांगों को लेकर आवाज उठा रहे हैं। इससे पहले भी दिव्यांगजनों ने जिला पंचायत के सामने भी दो बार धरना प्रदर्शन दिया था, तब कुछ दिव्यांगों को रोजगार मिला था, लेकिन आज भी कई दिव्यांग रोजगार के लिए परेशान हो रहे हैं। समिति अध्यक्ष अमन नामदेव ने आरोप लगाया है कि प्रशासन दिव्यांगों को रोजगार देने के नाम पर गुमराह कर रहा है। जिले के 43 हजार दिव्यांगों में सिर्फ पांच को ही कलेक्ट्रेट रेट पर काम दिया गया है। शेष दिव्यांग अब भी रोजगार से वंचित हैं।

### इन लोगों को दिया गया है नोटिस

दिव्यांग संघ की पदाधिकारी अमन नामदेव द्वारा बताया गया कि 11 फरवरी को कोतवाली के पुलिसकर्मी द्वारा 6 लोगों के नाम से नोटिस दिए गए हैं, जिसमें अमन नामदेव, पंकज गुप्ता, देवेश्वरी हरिनखेडे ,प्रगति चौहान, नरेंद्र नागभूते सहित सभी को धारा 107 और 116 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत नोटिस लाकर दिया गया है।

### कलेक्टर के समक्ष जाएंगे पेट्रोल लेकर

दिव्यांग संघ के पदाधिकारी अमन नामदेव द्वारा चर्चा के दौरान बताया गया कि वह शांतिपूर्वक धरना कर रहे थे और जिस प्रकार से उन्हें शांति भंग करने को लेकर नोटिस दिया गया है, वह उसका जवाब तो नहीं देंगे किंतु 12 फरवरी को वह कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा के पास बोतल में पेट्रोल लेकर जाएंगे और उनसे पूछेंगे कि उनके द्वारा इस प्रकार से उन्हें शांति पूर्वक कर रहे धरने पर शांति भंग करने के नोटिस आखिर क्यों दिए गए हैं।

### भीम आर्मी ने दिया समर्थन

11 फरवरी को भीम आर्मी के कुछ पदाधिकारी द्वारा दिव्यांगों को नोटिस मिलने की जानकारी मिलने पर वह दिव्यांगों के धरना स्थल पर पहुंच गए और उन्होंने अपने हाथों में भैंस के प्रिंट की फोटो लेकर कुछ देर प्रदर्शन किया और कुछ बीन की तर्ज पर सिटी भी बजाई और कहा कि जिस प्रकार भैंस के सामने बीन बजाना होता है उसी प्रकार आज दिव्यांगों के द्वारा प्रशासन के सामने अपनी बात रखी जा रही है और प्रशासन उन्हें शांति भंग करने का नोटिस दे रहा है। जिससे उनका तातपर्य यह था कि जिस प्रकार भैस के आगे बीन बजाने कुछ नहीं होता जिस उसी प्रकार आज जिला प्रशासन के सामने इतने दिनों से शातिपूर्वक प्रदर्शन करने से कुछ नहीं हो रहा है इसी कारण वह भैस की फोटो को लेकर उसके सामने आंबेडकर गार्डन में प्रदर्शन कर रहे हैं।

### कोई अपराध घटित न कर दे इस मंशा को देखते हुये यह नोटिस दिया गया है - प्रकाश वास्कले

इस संबंध में जब हमारे द्वारा कोतवाली थाना प्रभारी प्रकाश वास्कले से दूरभाष पर चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि अनिश्चितकालीन धरना कर रहे 6 दिव्यांगों को धारा 107 और 116 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत नोटिस भेजा गया है जिसके पीछे उनके द्वारा कोई अपराध घटित न कर दे इस मंशा को देखते हुये यह नोटिस उन्हें दिया गया है।

# भाजपा के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान

**ऐसे भजपा कार्यकर्ता जो पहले भाजपा के विभिन्न पदों पर पदस्थ थे किन्तु किन्हीं कारणों से भाजपा कार्यालय में नहीं आ पाते, उन्हीं का सम्मान करने के लिये यह कार्यक्रम रखा गया था- रामकिशोर कावरे**

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा कार्यालय में भाजपा के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ताओं का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष रामकिशोर कावरे द्वारा बताया गया कि उन्होंने कुछ दिन पहले दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि के अवसर पर ऐसे भाजपा कार्यकर्ता व भाजपा पदाधिकारी का सम्मान कार्यक्रम रखना था, जो बहुत पहले भाजपा के विभिन्न पदों पर थे किंतु किन्हीं कारण वश वह इस समय भाजपा कार्यालय और भाजपा के कार्यक्रमों में उपस्थित नहीं हो पा रहे थे, उन सभी भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी को पुन: जोड़ने और उनसे मुलाकात कर उनका सम्मान करने के लिए यह कार्यक्रम उन्होंने आयोजित किया था। आपको बता दे की रविवार को राष्ट्रचिंतक पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के मौके पर भाजपा कार्यालय में 'मेरे दीनदयाल' के तहत व्याख्यानमाला तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। करीब एक घंटा देरी से शुरू इस कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं को पार्टी में उनके अहम योगदान के लिए भारत माता के छायाचित्र देकर सम्मानित किया गया। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन व भारतीय जनता युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष जैनेंद्र कटरे के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में विगत पांच सालों के भाजपा जिला अध्यक्ष, भाजयुमो अध्यक्ष तथा मंडल अध्यक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक गौरीशंकर बिसेन विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने भाजपा के पितृपुरुष कहे जाने वाले पं. दीनदयाल उपाध्याय के भाजपा को शून्य से शिखर तक पहुंचाने की यात्रा तथा उनके योगदान को युवा कार्यकर्ताओं से साझा किया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष जैनेंद्र कटरे ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें पं. उपाध्याय की जीवन यात्रा को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे, टीडी वैध, पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, अभय सेठिया, नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर, भारती पारधी, मोनिल जैन, भाजयुमो जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सुहागपुरे, पूर्व जिलाध्यक्ष गजेंद्र भारद्वाज सहित पार्टी के ज्येष्ठ व श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजयुमो नगर मंडल द्वारा भाजपा के वरिष्ठों का भारत माता का छायाचित्र देकर सम्मान किया गया।






# भैंस चराने गई वृद्धा भालू के हमले में घायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। रूपझर थाना अंतर्गत ग्राम आमानाला में भैंस चराने गई एक वृद्धा पर भालू ने हमला कर दिया। घायल वृद्धा जगोती बाई पति स्व की बिरजू टेकाम 65 वर्ष ग्राम आमानाला निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जगोती बाई टेकाम ग्राम आमानाला में अपने परिवार के साथ रहती है। और खेती मजदूरी करती है। इसके अलावा वह अपने घर की भैंस भी जंगल में चराने ले जाती है। रोज की तरह 11 फरवरी को जगोती बाई ने अपनी भैंस चराने के लिए अपने गांव समीप जंगल ले गई थी ।भैंस चराने के दौरान जगोती बाई पर भालू ने हमला कर दिया और उसके चेहरे सिने ओर हाथ को नोच डाली । भालू के भागने के बाद जगोती बाई किसी तरह अकेले ही पैदल अपने घर पहुंची जिसे उसके परिवार वालों ने 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये है।

URJENT REQUIREMENT work location -Gondia (M.H.)


| | | |
|---|---|---|
| 1 | CIVIL ENGINEER (diploma and digree) | BUILDING / PIPELINE |
| 2 | HDPE AND DI pipe LINE FITTER | |
| 3 | SITE SUPERWISER | BUILDING / PIPELINE |
| 4 | COMPUTER OPERATOR | |
| 5 | ACCOUNTANT | |
| 6 | CIVIL CONTRACTOR | OVER HEAD WATER TANK |
| 7 | JCB,110,200, TRUCK, TRACTOR, AJAX, ROLLER, OPERATOR REQUIED | |

CONACT:- 7385307182

**सूचना**

मेसर्स बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएटस चार्टड एकाउंटेन्टस धनराज काम्प्लेक्स, बालाघाट से हमारा ऑफिस 3 महिने के लिये श्याम टॉकिज मॉल मेन रोड, हनुमान चौक बालाघाट द्वितीय मंजिल पर (लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध है) में स्थानांतरित हो रहा है, तत्पश्चात पुनः ऑफिस महाराणा प्रताप चौक पर ही इंडियन बैंक/ एचडीएफसी बैंक के उपर स्थानांतरित होगा।

IPCCS URBAN MULTI STATE
Co OP. Credit SOCIETY LTD.
GONDIA
Reg. No. MSCS/CR/787/2013
(बचत व ऋण सहकारी समिति)
शाखा-वारासिवनी
उपभोक्ता शाखा में आवश्यकता है
• व्यस्थापक - 01 • कर्मचारी - 01
दैनिक जमा अभिकर्ता (AJent)
संपर्क करें -9421715754, 9421715753, 7030130553




आवश्यकता है
माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय भोपाल से मान्यता प्राप्त संस्थान में निम्न पदों की आवश्यकता है

| पदनाम | संख्या | योग्यता |
|---|---|---|
| • भृत्य / चपरासी | -02 पद | 12वीं |
| • ऑफिस ब्वॉय | -01 पद | 10वीं |
| • सफाई कर्मचारी | -01 पद | 10वीं |
| • कम्प्यूटर ऑपरेटर | -02 पद | डिग्री / डिप्लोमा Online Work |
| • कम्प्यूटर लेब शिक्षक | -02 पद | BCA, MSc(cs) |
| • कम्प्यूटर लेंग्वेज शिक्षक | -03 पद | MCA/BE(cs) |

टीप - वेतन, अनुभव व योग्यतानुसार
यूनिवर्सल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालाजी
भटेरा रोड रेल्वे क्रासिंग के पास बालाघाट
Mo. 9406764413, 07632-356492




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायलयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट